संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 27 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 84 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




पंजाब में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। लुधियाना के सांसद रवनीत बिट्टू भाजपा में शामिल हो गए हैं।




# बीजेपी ने जारी की छठी लिस्ट

= राजस्थान के लिए दो और मणिपुर के लिए एक उम्मीदवार का एलान

**चुनावी समर**

8 सूची में राजस्थान के लिए दो और मणिपुर के लिए एक उम्मीदवार का नाम घोषित किया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने छठी सूची जारी कर दी है। इसमें तीन उम्मीदवारों का एलान किया गया है। सूची में राजस्थान के लिए दो और मणिपुर के लिए एक उम्मीदवार का नाम घोषित किया है। जानकारी के मुताबिक, राजस्थान की करौली-धौलपुर (अजा) लोकसभा सीट से इंदु देवी जाटव और दौसा से कन्हैया लाल मीणा को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा इनर मणिपुर लोकसभा सीट से थौनाओजम बसंत कुमार सिंह पर दांव लगाया गया है।

**केंद्रीय मंत्रियों का टिकट काटाः** सूची में बड़ी बात यह है कि दौसा सीट से वर्तमान सांसद जसकौर मीणा का पार्टी ने टिकट काट दिया है। कांग्रेस ने यहां से मुरारी लाल मीणा को उम्मीदवार घोषित किया है। करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद मनोज राजोरिया हैं। इन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। पार्टी ने इस बार उनका भी टिकट काट दिया है। कांग्रेस ने यहां से भजनलाल जाटव को टिकट दिया है।

**राजस्थान की 25 लोकसभा सीट में से 24 सीट पर उम्मीदवार घोषितः** भाजपा ने राजस्थान की 25 लोकसभा सीट में से 24 सीट पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। मणिपुर के इनर मणिपुर संसदीय क्षेत्र से थौनाओजम बसंत कुमार सिंह को पार्टी ने टिकट दिया है। इनर मणिपुर सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन सिंह का भी टिकट काट दिया है। पार्टी ने उनके स्थान पर राज्य सरकार में मंत्री बसंत कुमार सिंह पर भरोसा जताया है।

**अब तक 401 उम्मीदवारों का एलान**

भाजपा ने 543 सदस्यीय लोकसभा चुनाव के लिये अब तक 401 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। लोकसभा की 543 सीट के लिए 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरण में चुनाव होना है।

## कांग्रेस के पास भाजपा को रोकने का साहस नहींः केटीआर

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबादः** लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भाजपा को हराने का दम नहीं है, केवल क्षेत्रीय पार्टियां ही ऐसा कर सकती है। रामा राव ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव के पास ही भाजपा को हराने का साहस है।




## रेखा पात्रा आप शक्ति स्वरूपा हो...: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार और संदेशखाली हिंसा के पीड़ितों में से एक रेखा पात्रा को फोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने रेखा से उनकी चुनावी प्रचार तैयारियों, लोगों के बीच भाजपा के प्रति समर्थन और अन्य मुद्दों को लेकर बात की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रेखा को शक्ति स्वरूपा कहकर संबोधित किया। वहीं, रेखा पात्रा ने पीएम मोदी को संदेशखाली में महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। भाजपा ने रविवार को बंगाल के लिए 19 उम्मदवारों की लिस्ट जारी की थी, जिसमें पार्टी ने बशीरहाट से रेखा पात्रा को उम्मीदवार बनाया था। रेखा ही वह महिला हैं जिन्होंने सबसे पहले संदेशखाली की महिलाओं की आवाज को बुलंद किया था।

**बशीरहाट के अंतर्गत आता संदेशखालीः** रेखा संदेशखाली केस के मास्टरमाइंड और निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख और उसके गुर्गों की पीड़िता हैं। तीनों आरोपित शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार सलाखों के पीछे हैं। बशीरहाट के अंतर्गत ही संदेशखाली का क्षेत्र भी आता है।

**रेखा पात्रा को उम्मीदवार बनाने का किया था अनुरोधः** दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब संदेशखाली की पीड़िताओं से मिलने के लिए बंगाल आए थे, उनमें रेखा भी शामिल थीं। बारासात में सभा के बाद पीएम मोदी ने संदेशखाली की पांच महिलाओं से मुलाकात की थी। संदेशखाली के लोगों ने भी नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी से पात्रा को उम्मीदवार बनाने का अनुरोध किया था, जिसे उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाया था। बता दें कि पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से एक बशीरहाट में पिछला चुनाव टीएमसी ने जीता था।




# केजरीवाल ईडी की कस्टडी से आएंगे बाहर?

**आज सुनवाई**

8 सीएम केजरीवाल की राहत मांगने वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट करेगा सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली हाईकोर्ट कल यानी 27 मार्च को मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी और ट्रायल कोर्ट के आदेश (जिसमें केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की रिमांड) को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ बुधवार को बोर्ड के शीर्ष पर मामले की सुनवाई करेगी और दिल्ली उच्च न्यायालय की वाद सूची बताएगी। सुनवाई के बाद पता चलेगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को राहत मिलेगी या नहीं। वहीं, ईडी की रिमांड की अवधि भी 28 मार्च को खत्म हो जाएगा।

**शनिवार को कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया था इनकारः** सीएम केजरीवाल ने शनिवार को ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और 22 मार्च, 2024 को ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित रिमांड के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश से तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले को बुधवार (27 मार्च) के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।


**28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर सीएमः** ईडी ने अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें शुक्रवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया और पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने छह दिन की रिमांड दी। अब सीएम केजरीवाल 28 मार्च तक ईडी की रिमांड में रहेंगे। सुनवाई में ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल जबकि केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी शामिल हुए।

**आदर्श विचार**




“क्रोध हमारा शत्रु है और हमारे जीवन का अंत करने में समर्थ है।”
भगवान राम

**मन की बात**



“खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है।”
स्वामी विवेकानंद

**तीसरी आंख**




## 30 मार्च को मेरठ आएंगे पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। चुनाव की तारीखों के एलान के बाद भाजपा की रैलियों के एलान भी होने शुरू हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को मेरठ में रैली करेंगे। पीएम मोदी पश्चिमी यूपी के क्रांतिधरा से चुनाव अभियान का शंखनाद करेंगे।

# केरल में 33 छात्रों की बहाली का आदेश रद्द

**भविष्य अधर में**

8 राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के हस्तक्षेप के बाद छात्रों के निलंबन को खत्म करने के आदेश को रद्द किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**तिरुवनंतपुरमः** केरल में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय द्वारा 33 छात्रों के निलंबन को बहाल किए जाने का आदेश रद्द कर दिया गया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के हस्तक्षेप के बाद छात्रों के निलंबन को खत्म करने के आदेश को रद्द किया गया है।

**कुलपति ने 33 छात्रों के निलंबन को किया था बहालः** पिछले महीने एक छात्र की मौत के मामले में निलंबित किए गए 33 छात्रों को बहाल किया गया था। सूत्रों ने कहा कि घटना के बारे में पता लगने पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान



विश्वविद्यालय के कुलपति पीसी ससींद्रन को निर्देश दिया और सभी निलंबित छात्रों को बहाल करने के आदेश को रद्द करने को कहा।

**ससींद्रन ने कुलपति पद से दिया इस्तीफाः** राज्यपाल के हस्तक्षेप के बाद ससींद्रन ने छात्रों के बहाली के आदेश को तुरंत रद्द कर दिया। इस मामले में एक आधिकारिक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि ससींद्रन ने आदेश रद्द करने के तुरंत बाद विश्वविद्यालय के कुलपति पद से भी इस्तीफा दे दिया है। सूत्र ने कहा कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अभी तक ससींद्रन के इस्तीफे पर कोई फैसला नहीं लिया है। बता दें कि राज्यपाल ने दो मार्च को ससींद्रन को विश्वविद्यालय का वीसी नियुक्त किया था।

# आईटी सेल पर कार्रवाई करें सोनियाः शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौट पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी की राष्ट्रीय महिला आयोग ने निंदा की है। एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने सोनिया गांधी से कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**राष्ट्रीय महिला आयोग ने की कार्रवाई की मांगः** रेखा शर्मा ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से कंगना के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए पार्टी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को पत्र लिखकर पार्टी और नेता के खिलाफ कड़ी



**मांग**

8 एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने सोनिया गांधी से कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है

कार्रवाई की मांग की है। रेखा शर्मा ने बताया कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक महिला, दूसरी महिला के खिलाफ ऐसी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस टिप्पणी को बहुत ही गंभीरता से लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ एक नेता नहीं बल्कि दो नेताओं ने एक्स पर एक ही तरह की बात की है। उन्होंने कहा कि बाद में उन्होंने इस तरह की बात से इनकार किया और कहा कि उन्होंने ऐसा कोई पोस्ट नहीं किया है।

**सोनिया गांधी करें कार्रवाई- रेखा शर्मा**

एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा कि उन्हें कंगना से माफी मांगनी चाहिए। वह अपनी पार्टी के बड़े नेता हैं और उन दोनों से बेहतर आचरण की उम्मीद है।

## लुधियाना के सांसद रवनीत बिट्टू भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पंजाब में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। लुधियाना के सांसद रवनीत बिट्टू भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने दिल्ली में पार्टी का दामन थामा। बिट्टू पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते हैं। वे दो बार लुधियाना से सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा वे श्री आनंदपुर साहिब से भी सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। उन्हें लुधियाना से पार्टी का टिकट मिल सकता है। बिट्टू ने 2009 में श्री आनंदपुर साहिब से पहली बार सांसद का चुनाव जीता था। इसके बाद वे 2014 और 2019 में लुधियाना लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे।

# उड़ीसा हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई जमानत की शर्त को खारिज कर दिया

= उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ बरहामपुर निगम के पूर्व मेयर सिबा शंकर दास द्वारा दायर याचिका पर आदेश पारित किया

**सुप्रीम निर्देश**

8 कोई अप्रिय स्थिति पैदा नहीं करेंगे, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति पर उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई जमानत की शर्त को खारिज कर दिया है। जिसमें कहा गया था कि वह किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के 18 जनवरी के आदेश के



खिलाफ बरहामपुर नगर निगम के पूर्व मेयर सिबा शंकर दास द्वारा दायर याचिका पर आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने जमानत की शर्त वापस लेने की उनकी अर्जी खारिज कर दी थी जिसमें कहा गया था कि वह सार्वजनिक रूप से कोई अप्रिय स्थिति पैदा नहीं करेंगे और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे।




# नशे में धुत्त महिला ने गार्ड का कॉलर पकड़कर की अभद्रता, कहा- मेरा ब्वॉयफ्रेंड पैसा देता है न तेरे को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा:** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला सुरक्षाकर्मी के साथ अभद्रता करती नजर आ रही है। महिला के व्यवहार को देखकर ऐसा लग रहा है कि उसने शराब पी हुई है। वीडियो किसी सोसाइटी का बताया जा रहा है। महिला गार्ड पर उसकी जासूसी करने का आरोप लगा रहा है।

**'मुझे नहीं मिलता एक भी रुपया'**
वायरल हो रहे वीडियो के अनुसार, महिला गार्ड से कहती है, 'पैसा देता है न तेरेको, पैसे देता है न तेरेको डेली।' सुरक्षा कर्मी कहता दिख रहा है कि मुझे कोई भी रुपया नहीं देता है। महिला का आरोप है कि गार्ड उसके ब्वॉयफ्रेंड के कहने पर उस पर नजर रखता है, जिसके बदले उसे पैसे मिलते हैं।



**एक युवती महिला को रोक रही**
वीडियो में महिला सुरक्षीकर्मी का कॉलर पकड़ती दिखाई दे रही है। वीडियो में एक युवती भी नजर आ रही है, जो महिला को सुरक्षाकर्मी से अभद्रता करने से रोक रही है वह उससे कहती है कि, दीक्षा रहने दे। इससे लग रहा है कि महिला का नाम दीक्षा है। महिला ने सुरक्षाकर्मी के सिर पर लगा कैप भी हटा कर फेंक दिया। वीडियो में आसपास लोग भी दिख रहे हैं।

**अभद्रता**
> 8 महिला के व्यवहार को देखकर ऐसा लग रहा है कि उसने शराब पी हुई है। वीडियो किसी सोसाइटी का बताया जा रहा है

## 27 मार्च को बुलाया गया दिल्ली विधानसभा का सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बुधवार (27 मार्च) को दिल्ली विधानसभा का सत्र बुलाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री के मुख्य सचिव को आदेश दिया गया है। उनसे अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त टेस्ट की स्थिति बताने के लिए कहा गया है। अगर मुफ्त दवा की कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरा प्लान लेकर आने को कहा है।
इसके अलावा मुफ्त टेस्ट की भी कमी है तो उसे भी ठीक करने का प्लान पूछा है। सत्र में स्वास्थ्य मंत्री विधानसभा की चर्चा का जवाब देंगे और सूचित करेंगे।


**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक 26.03.2024
**शुद्धिपत्र –V**
विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस वीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 02.05.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303
उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 04.04.2024 को स्थगित कर 02.05.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।
(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड, दूरभाष नं. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in
920/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पहचान की अपील**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत महिला जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात जिसकी **उम्र** 65–70 वर्ष, **कद:** 4'10", **रंग:** सांवला **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, जिसने सफेद रंग की बनियान, सफेद रंग की धोती और लाल रंग के मोजे पहने है। जो कि 20.03.2024 को शाम 7:23 बजे जनरल टिकट हॉल, अमूल बूथ के पास, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में मृत अवस्था में मिली। जिसके मृत शरीर को 72 घंटे के लिए पहचान के लिए सब्जी मण्डी के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No.42A, दिनांक: 20.03.2024 u/s 174 Cr.PC** थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।



इस मृतक महिला के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।
थानाध्यक्ष
थाना: पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन नं. 011-23961522
मो.: 8750871302
दि.पु./3474/रेलवे/2024


## रसना ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को अपना नया ब्राण्ड एम्बेसडर बनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गर्मी के साथ ही, हर साल की तरह इस साल भी रसना एक नए अभियान के साथ सामने आई है, जो न केवल उनके 21 विटामिन और मिनरल्स पर प्रकाश डालता है जो हमें ऊर्जावान बनाते हैं, बल्कि उन भावनाओं को भी उजागर करता है जो प्यार, खुशी, जोश और सफलता के विटामिन हैं। व्यापक अनुसंधान और उत्पाद स्वाद परिणामों के आधार पर, रसना को वास्तविक फलों के एक्सट्रैक्ट (अर्क) के साथ एक विटामिन, मिलरल और ग्लूकोज पेय के रूप में पुनः तैयार किया गया है।
नया अभियान रसना के ग्राहकों और उनकी बढ़ती जरूरतों को समझने में मदद करने के लिए पूरे भारत में किए गए व्यापक बाजार अनुसंधान का परिणाम है। यह सामाजिक एवं आर्थिक आधार पर ए और बी परिवारों को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक, स्वस्थ और बेहतरीन स्वाद पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है और इसे एक स्वादिष्ट, गाढ़े और स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में पुनर्स्थापित करता है, जो तर्कसंगत पहलुओं को संतुष्ट करने के साथ साथ ऊर्जा, जोश, खुशी और सबसे महत्वपूर्ण विटामिन, विटामिन के साथ जुड़ाव बढ़ाने में उत्प्रेरक के रूप में काम करता है। आज रसना न केवल विश्व प्रसिद्ध आविष्कार है, बल्कि इंस्टेंट ड्रिंक भी है, जो कई प्रारूपों में आते हैं। 750 ग्राम की पाउच से 33 गिलास बनते हैं, 500 ग्राम की पाउच से 22 गिलास बनते हैं, 400 ग्राम की पाउच से 17 गिलास बनते हैं, और एक शैसे से एक गिलास बनता है। रसना ने स्वस्थ और सिर्फ जैसे नई पीढ़ी के लिक्विड कंसंट्रेट विकसित करने का भी बीड़ा उठाया है। रसना के पास अपने सब ब्राण्ड रसना हेल्दी डे के तहत एक संपूर्ण वेलनेस रेंज भी है, जिसमें शुद्ध हनी, प्रोटीन पाउडर, हनी/माल्ट-आधारित पाउडर, चॉकलेट स्प्रेड, इंस्टेंट सूप आदि शामिल हैं।

## गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट समेत 18 मुकदमे हैं नाम

**नोएडा।** नोएडा कोतवाली फेज-दो पुलिस ने सोमवार शाम जिला बदर/हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 18 मुकदमें दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विध्याचल तिवारी ने बताया कि सूचना के आधार पर एस के 2 सोसायटी के अंदर जाने वाले रास्ते से विक्की उर्फ बिल्ली उर्फ मानिकचंद्र को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। विक्की उर्फ बिल्ली को अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था की कोर्ट ने 27 अक्टूबर 2023 को नोटिस तामील कराकर जिला बदर किया गया था। न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर करते हुए गौतमबुद्ध नगर जिले की सीमा में मौजूद मिला। आरोपित जिलाबदर के दौरान आदेश का पालन न करने पर धारा 10 जी गुंडा अधिनियम एवं अंतर्गत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# अलीपुर में महिला की गला रेतकर हत्या, मामले में चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अलीपुर थाना क्षेत्र में होली की सुबह पत्नी की गला रेतकर हत्या मामले में पुलिस ने मृतका के पति समेत सास, ससुर व देवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके खिलाफ हत्या समेत कई अन्य धाराओं में माला दर्ज कर लिया है। मायके पक्ष ने आरोप लगया है कि पति समेत ससुराल के अन्य सदस्य मृतका आरती को दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। जिसको लेकर गला रेतकर आरती की हत्या कर दी।

**खून से लथपथ पड़ी हुई थी आरती:** बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह के मुताबिक बीते 25 मार्च की सुबह करीब 6 बजे एक महिला की हत्या के सबंध में पुलिस को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। जानकारी मिलते ही अलीपुर थाना पुलिस बख्तावरपुर स्थित बलधारी कॉलोनी पहुंच गई।


**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम: **नामालूम, पुत्र:** नामालूम, **निवासी** : नामालूम, उम्र : लगभग 40 साल, **कद** : 5'6", **रंग** : गेहुंआ, **चेहरा** : लम्बा, **शरीर** : मध्यम, **कपड़े** : काले रंग की टी–शर्ट व जैकेट और खाकी रंग की कैपरी पहने हुए है, जो दिनांक 28.02.2024 को महिपालपुर फ्लाईओवर, रेडिसन ब्लू होटल के सामने, एनएच–8 गुरूग्राम की ओर, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 125/24 दिनांक 28.02.2024 धारा 279/304ए भा.द.स. थाना वसंत कुंज साउथ, दिल्ली मे दर्ज है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–
थानाध्यक्ष :
थाना वसंत कुंज साउथ, दिल्ली
दक्षिण पश्चिमी जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 011-26139360, 26139361, 7065036225, 8750873189
DP/3591/SW/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **आशीष चौधरी**, पुत्र राम अवतार, पता बी–14, मनसे राम पार्क, पूठ कलां, दिल्ली ने **FIR No. 917/2014 U/s 33.1(A) 52/58 Delhi Excise Act** थाना बवाना, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशीष चौधरी** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आशीष चौधरी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 917/2014 U/s 33.1(A) 52/58 Delhi Excise Act** थाना बवाना, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आशीष चौधरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री सौरभ गोयल,
महानगर दण्डाधिकारी –05,
उत्तरी जिला, कमरा नं. 114,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/3366/ON/2024


# होली पर नोएडा पुलिस ने हुड़दंगियों पर कसी नकेल

**टीम एक्श इंडिया**
**नोएडा।** होली पर सोमवार को यातायात पुलिस सड़क पर सक्रिय रही। 44 स्थानों पर बैरिकेड लगाकर चेकिंग की गई। पुलिस ने 12284 हजार से अधिक वाहनों के चालान किए। सबसे ज्यादा चालान दोपहिया वाहन पर हेलमेट नहीं लगाने के कारण किए गए। बड़ी संख्या में लोग होली पर हेलमेट नहीं लगाते हैं। यही कारण है पुलिस ने इनका चालान किया। यातायात नियमों का पालन जरूरी है। यह वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए जरूरी है।



**18 वाहनों को किया गया सीज**
900 से अधिक चालान दोपहिया वाहन के चालान तीन सवारी बैठाने के कारण किए 67 चालान नशे में वाहन चलाने के कारण किए गए हैं। 18 वाहनों को सीज किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव, एसीपी ट्रैफिक राजीव कुमार गुप्ता ने खुद सड़क पर उतर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सेक्टर-94 स्थित इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये शहर के मुख्य बाजारों और भीड़ वाले स्थानों पर नजर रखी गई। प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनाती रही। हुड़दंग करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने जहां कार्रवाई की वहीं शांति पूर्ण तरीके से होली मनाने वाले लोगों की प्रशंसा ट्रैफिक पुलिस ने की। ट्रैफिक पुलिस की टीम ने शहर के सभी मुख्य सड़कों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पूरे दिन चेकिंग की। महिला सुरक्षा को देखते हुए भी बाजारों में महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहीं। संवेदनशील जगह पर मार्शल टीमें पूरे दिन गश्त करती रहीं।


**गुमशुदा लड़के की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़का (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** राहुल शर्मा **पुत्र:** श्री वीरभान, **निवासी:** मकान नंबर C-4/369, Gali No 1, दयालपुर, दिल्ली **उम्र:** 18 साल 8 महीने, **कद:** 5 फुट 4 इंच, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** काले रंग का लोअर, काले रंग की टी–शर्ट एवं पैरों में चप्पल पहने हुए है दिनांक 18.03.2024 को समय 04.00 बजे शाम को अपने घर थाना अन्तर्गत खजूरी खास, दिल्ली से लापता हो गया है।
इस संदर्भ में **DD No. 96A Dated 19.03.2024** थाना खजूरी खास, दिल्ली में दर्ज किया गया है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।
ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
थाना प्रभारी
थाना– खजूरी खास, दिल्ली
फोन: 011-22962735, 8750870727
DP/3483/NE/2024



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2023-24-15-2RT के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण: 'One Time Repair & CAMC of M/s HMT make Axle Grinding Machine, M/s Geeta make Horizontal drilling & tapping machine & M/s Aksar make CNC Axle turning lathe machine' and CAMC of M/s HYT make CNC Surface Wheel Lathe, M/s Premier Make CNC Vertical Turning & Boring machine & M/s ISGEC make Hydraulic Wheel Press 500 Ton machine for a period of 24 (Twenty four) months at Electric Loco Shed, Ghaziabad. | |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs.1,19,89,976.00 |
| 3 | धरोहर राशि | Rs.2,10,000.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 15.04.2024 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 15.04.2024 (After 11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोट: (i) निविदाकर्ता को ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है। संख्या:230-TRS-GZB-2023-24-15-2RT दिनांक: 22-03-2024 923/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**गुमशुदा की तलाश**



फैजल इकबाल सिद्दीकी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम: फैजल इकबाल सिद्दीकी, पुत्र नजरे आलम, पता:** टी–86, नफीसा मस्जिद, सराय काले खां, नई दिल्ली, **उम्र:** 26 साल, **कद:** 5 फुट 7 इंच, **रंग:** गोरा, **पहचान:** दायें हाथ पर Faisal का टैटू, **पहनावा:** काले–लाल–सफेद रंग की टी–शर्ट, नीले रंग की पैन्ट, तोतायी हरे–नीले रंग की जैकेट और पैरों में स्पोर्ट शूज पहन रखे हैं। जो दिनांक **14.03.2024** को थाना सनलाईट कालोनी, दक्षिण–पूर्व जिला, दिल्ली क्षेत्र से लापता है। इस संदर्भ में थाना सनलाईट कालोनी, दिल्ली में **DD No. 93-A dated 17.03.2024** के तहत रिपोर्ट दर्ज है। हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति का कोई सुराग नही मिल पाया है। अगर किसी को इस लापता व्यक्तिके बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरो पर सूचित करें।
वेबसाइट: http//cbi.nic.in
ई–मेल - cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं. 011-24368639
थानाध्यक्ष
थाना सनलाईट कालोनी, दिल्ली
फोन नं: 011-26348324, 8750870928
DP/3381/SE/2024


## होली पर सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, सिहानी गेट थाने में केस दर्ज

**गाजियाबाद।** होली पर सुबह सैर के लिए निकले व्यक्ति को पुराने बस अड्डे के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल को पीआरवी ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।
अन्य सड़क हादसे में बागू निवासी 22 वर्षीय पप्पू की सड़क हादसे में मौत हो गई। मालीवाड़ा निवासी हिमांशु के पिता 46 वर्षीय नीरज कुमार शर्मा सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे घर से सैर के लिए निकले थे।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)
समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-
**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104
विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name
I Lalee W/o Vijay Singh R/o H. No- 440, Nonle Rarm Old Delhi Road, Maruti Suzuki Compani Choma (62) Gurugram, Haryana- 122017, have changed my name to Manju.

## बेदखली सूचना
मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। 2

## बेदखली सूचना
मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना
मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना
मैं जो कि सनोज बानो पत्नी युसुफ खान निवासी मकान नंबर 159 वार्ड 19 नियर राम मन्दिर ,तहसील व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा सगा पुत्र इमरान व उसकी पत्नी शबनम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करती हूं। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## Change of Name
I Chand Rani Arora W/o Chaman Lal Arora R/o House No- F- 2521, Palam Yhar, Gurugram, Haryana- 122017, have changed my name to Chand Rani.

# सीएम ने ईडी कस्टडी से दिया एक और निर्देश

= मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी से अपना दूसरा निर्देश जारी किया

**निर्देश**

8 संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से एक और निर्देश जारी किया है





टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से एक और निर्देश जारी किया है। ताजा मामला स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़ा हुआ है।

**इससे पहले जल मंत्रालय को दिया था आदेशः** उल्लेखनीय है कि हाल ही में दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए अरविंद केजरीवाल 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं। इससे पहले दो दिन पहले उन्होंने ईडी की कस्टडी से सरकार को अपना पहला आदेश जारी किया था। मालूम हो कि यह आदेश जल मंत्रालय से संबंधित था और निर्देश नोट के माध्यम से भेजा गया था। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल द्वारा जारी आदेश के बारे में जानकारी दी थी।

**जेल से केजरीवाल के आदेश पर बढ़ी तकरार, बीजेपी ने एलजी को दी शिकायत**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी से अपना दूसरा निर्देश जारी किया है। इससे पहले सीएम केजरीवाल ने सीवरेज की समस्या को लेकर पहला आदेश जल मंत्रालय को लेकर दिया था जबकि दूसरा निर्देश आज स्वास्थ्य मंत्रालय को दिया है। इस मामले को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच तकरार बढ़ गई है। मामला अब दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के पास पहुंचा है। ताजा जानकारी के मुताबिक, ईडी की हिरासत से मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश जारी करने को लेकर भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने उपराज्यपाल से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने सीएम द्वारा सीवरेज की समस्या को लेकर जारी किए गए आदेश की प्रामाणिकता पर सवाल उठाया है। साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखकर कहा कि दस्तावेज में केजरीवाल के हस्ताक्षर नहीं हैं और उन्होंने इसके फर्जीवाड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया है। सिरसा ने कहा ने कहा कि आदेश में केजरीवाल के हस्ताक्षर भी नहीं हैं, इसलिए यह आदेश फर्जी है। दिल्ली जल मंत्री आतिशी ने अवैध रूप से अपनी आधिकारिक क्षमता का दुरुपयोग किया है।

**ईडी हिरासत से सरकार चला रहे केजरीवाल**

आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से ही सरकार चलाना शुरू कर दिया है। उन्होंने रविवार को जल मंत्री आतिशी को दिए पहले आदेश में उन्होंने कहा था कि दिल्ली में सीवर और पानी की समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने लिखा था, "मैं जेल में हूं, पर लोगों को जरा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए।"

## जेल से केजरीवाल के आदेश पर बढ़ी तकरार

टीम एक्शन इंडिया

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी से अपना दूसरा निर्देश जारी किया है। इससे पहले सीएम केजरीवाल ने सीवरेज की समस्या को लेकर पहला आदेश जल मंत्रालय को लेकर दिया था जबकि दूसरा निर्देश आज स्वास्थ्य मंत्रालय को दिया है। इस मामले को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच तकरार बढ़ गई है। मामला अब दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के पास पहुंचा है। ताजा जानकारी के मुताबिक, ईडी की हिरासत से मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश जारी करने को लेकर भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने उपराज्यपाल से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है।

# सरकार ने 23 नस्ल के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर लगाई रोक



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली/गाजियाबादः** अगर आप खूंखार नस्ल का कुत्ता पालने का शौक रखते हैं तो जरा सावधान हो जाइए। कुत्तों की 23 नस्लों की बिक्री और प्रजनन पर भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने रोक लगाने का सुझाव दिया है। हालांकि, जिनके पास पहले से इन नस्लों के कुत्ते हैं उन्हें तत्काल उनकी नसबंदी करानी होगी। नियमों का पालन नहीं करने पर नगर निगम पांच हजार रुपये जुर्माना लगाएगा। दोबारा जांच में नसबंदी प्रमाण पत्र नहीं दिखाया तो फिर से इतना ही जुर्माना लगेगा। एक अप्रैल से निगम का पशु चिकित्सा विभाग कार्रवाई शुरू कर देगा। पालतू कुत्तों के हमलों से हो रही मौतों के बीच केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने खूंखार कुत्तों की 23 नस्लों की बिक्री और प्रजनन पर रोक लगा दी है। इस संबंध में 12 मार्च को ही राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र जारी किया जा चुका है। अब नए नियमों के तहत कार्रवाई करने की तैयारी नगर निगम ने शुरू कर दी है। निगम अधिकारियों ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में पहले से ही तीन नस्लों के कुत्ते के पंजीकरण पर रोक है, जिनमें पिटबुल, रॉटविलर और डोगो अर्जेंटीनो नस्ल शामिल हैं।

**नोटिस पर जवाब**

8 पास पहले से इन नस्लों के कुत्ते हैं उन्हें तत्काल उनकी नसबंदी करानी होगी, पांच हजार रुपये जुर्माना लगाएगा

# बीआरएस नेता के. कविता की गईं तिहाड़ जेल शिफ्ट

**नीति**

8 अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद बीआरएस नेता के कविता को तिहाड़ जेल भेजा गया



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** दिल्ली की आबकारी नीति मामले में अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद बीआरएस नेता के कविता को तिहाड़ जेल भेजा गया है। के. कविता को नौ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बता दें कि के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम के कविता को हैदराबाद से दिल्ली लेकर आई, जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी का दावा है कि के. कविता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर कथित तौर पर साजिश रची। जिसके तहत दिल्ली शराब नीति में फायदा पाने के लिए आप नेताओं को करीब 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। के. कविता को कथित दक्षिण लॉबी का हिस्सा बताया जा रहा है। दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी अब तक देशभर में 245 ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।

## केजरीवाल के जेल से रिहा होने के बाद मनाएंगे होलीः भारद्वाज

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** आप पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया आम आदमी पार्टी के परिवार के सदस्य हैं और हमारे तीनों नेता इस समय जेल में इसलिए पार्टी ने होली नहीं मनाने का फैसला किया है। आप नेता ने आगे कहा कि अब हम सीएम अरविंद केजरीवाल के जेल से रिहा होने के बाद ही होली मनाएंगे। सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान एक मौजूदा मुख्यमंत्री और एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया इससे पूरी दुनिया हैरान है। सभी विपक्षी दलों ने फैसला किया है कि हम 31 मार्च को रामलीला मैदान में एक विशाल रैली करेंगे।

# 'केजरीवाल को रिहा करो...आप का जोरदार प्रदर्शन



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। आप के नेता व कार्यकर्ता केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली के पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान दिल्ली का कोई बड़ा नेता मौजूद नहीं। करोल बाग के विधायक सहित कुछ विधायक, पार्षद मौजूद हैं।

**हिरासत में लिए गए आप नेता व कार्यकर्ताः** आप कार्यकर्ताओं ने सड़क पर लेटकर चक्का जाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान आप कार्यकर्ता केजरीवाल को रिहा करो... केजरीवाल को रिहा करो के नारे लगा रहे हैं। मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला भी पहुंची हैं टविधायक और नई दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी सोमनाथ भारती को भी हिरासत में लिया गया है। बता दें कि आप के नेता व कार्यकर्ताओं ने आज सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने का एलान किया है।

**केजरीवाल के इस्तीफे की मांग लेकर भाजपा का प्रदर्शनः** उधर, केजरीवाल ने गिरफ्तारी के बाद भी पद छोड़ने से मना कर दिया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे। वह तर्क दे रहे हैं कि कानून में किसी आरोप में गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की बात नहीं है। वहीं, भाजपा उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम (फिरोजशाह कोटला) से दिल्ली सचिवालय तक रोष मार्च निकालकर केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

**आम आदमी पार्टी के नेताओं में नहीं बची नैतिकताः भाजपा**

इस संबंध में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा अन्य नेताओं का कहना है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं में नैतिकता नहीं बची है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री आबकारी नीति घोटाले के आरोप में गिरफ्तार होने के बाद भी पद नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा उनके इस्तीफे के लिए आंदोलन तेज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के संघर्ष के कारण आबकारी घोटाले की जांच सीबीआइ और ईडी को सौंपी गई।

**विरोध**

8 दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए

# मंत्री आतिशी ने की डीपी अभियान की शुरूआत




टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने सोमवार को डीपी अभियान शुरू की शुरूआत की। आतिशी ने कहा कि इससे अरविंद केजरीवाल की प्रेरणा देश के सभी हिस्सों तक पहुंचेगी। आम आदमी पार्टी के सभी नेता, विधायक और कार्यकर्ता अपनी डीपी बदलेंगे। मंत्री आतिशी ने कहा कि कानून बहुत स्पष्ट है। अगर आपको दो साल से ज्यादा जेल की सजा सुनाई जाती है तो ही आपको अपना इस्तीफा देना होगा। हम पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, हैं और रहेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी के इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने तीखा प्रहार किया था। उन्होंने कहा था कि जेल से सरकार नहीं सिर्फ गैंग चलते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा "दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोई मुख्यमंत्री जेल के अंदर हैं और वे अपनी ज़िद के कारण वहां से मंत्रालय चलाना चाहते हैं। आज तक ऐसा नहीं हुआ है... उन्हें(अरविंद केजरीवाल) याद आ रहा है कि वे एक गैंग के सरगना हैं। सिर्फ चोर ही जेल से गैंग चलाते हैं।

**डीपी चेंज**

8 दिल्ली की मंत्री आतिशी ने सोमवार को डीपी अभियान शुरू की शुरूआत की

# क्या दिल्ली में मुफ्त बिजली-पानी और पेंशन योजनाएं होंगी बंद?

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने राजधानी के लोगों को कई मुफ्त की योजनाएं दे रखी हैं। इसमें 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी और महिलाओं के लिए डीटीसी बसों में मुफ्त बस यात्रा शामिल है। लेकिन लोगों के बीच एक संदेश भेजा जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल के शराब घोटाले में जेल जाने के बाद अब ये योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। यानी अब लोगों को मुफ्त बिजली, पानी और मुफ्त बस यात्रा का लाभ नहीं मिलेगा।

**क्या है सच्चाई?**

यदि ऐसा होता है, तो इससे एक झटके में लाखों लोगों को भारी नुकसान होगा। व्हाट्सअप और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आ रही इन खबरों की सच्चाई क्या है? दिल्ली सरकार ने बताया है कि इनमें कोई सत्यता नहीं है। इस तरह के संदेश कुछ गलत इरादों को रखकर फैलाए जा रहे हैं। सरकार ने एक संदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि दिल्ली सरकार की सभी योजनाएं पहले की भांति चलती रहेंगी। दिल्ली सरकार के योजना विभाग की ओर से जारी की गई एक सूचना के अनुसार, किसी व्यक्ति (मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल) के जेल जाने से किसी योजना पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सभी योजनाएं पहले की भांति लाभार्थियों को पहुंचाई जाएंगी। इस समय सरकार के सभी प्रतिनिधि इस बात को सुनिश्चित कराने में जुटे हैं कि कोई भी योजना रुकने न पाए।

**स्पष्टीकरण**

8 इनमें कोई सत्यता नहीं है। इस तरह के संदेश कुछ गलत इरादों को रखकर फैलाए जा रहे हैं



**सरकार बदली तो क्या होगा?**

अभी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा न देने पर अड़े हुए हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं का कहना है कि संविधान का कोई नियम उन्हें जेल से सरकार चलाने से नहीं रोकता है, लिहाजा अरविंद केजरीवाल जेल में रहकर भी सरकार चलाते रहेंगे। लेकिन कई जानकारों का कहना है कि देर-सबेर अरविंद केजरीवाल को अपने पद से इस्तीफा देना ही पड़ेगा। वे चाहें तो अपनी पार्टी के किसी नेता आतिशी मार्लेना या सौरभ भारद्वाज या अन्य को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। वे चाहें तो अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को भी मुख्यमंत्री बना सकते हैं। हालांकि, इसके लिए सुनीता केजरीवाल को अगले छह महीने के अंदर दिल्ली की किसी विधानसभा से चुनाव जीतकर विधानसभा का सदस्य बनना पड़ेगा। ऊपर की इन परिस्थितियों में सरकार की कमान आम आदमी पार्टी के ही नेताओं के पास रहेगी, लिहाजा वे अपनी लोकप्रिय योजनाओं को जारी रखने की कोशिश कर सकते हैं।

# आप ने नड्डा को चुनावी बॉन्ड को लेकर लिखा पत्र

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी ने चुनावी बॉन्ड को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। आप के राष्ट्रीय महासचिव पंकज गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर तीन सवाल पूछे हैं। वहीं, मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेसवार्ता में कहा कि शनिवार को हमने पूरे देश को बताया था कि भाजपा ने किस तरह से तथाकथित आबकारी मामले के आरोपी से चुनावी बॉन्ड लिए। भाजपा ने आरोपी शरत चंद्र रेड्डी से करीब 60 करोड़ रुपये का चंदा लिया था। ये आरोप नहीं, बल्कि तथ्य हैं। ये बात चुनाव आयोग की वेबसाइट से प्रमाणित होती है। पत्र में पंकज गुप्ता ने लिखा कि भाजपा शरत को कैसे और कब से जानती है। ये रिश्ता क्या कहलाता है। भाजपा का कौन नेता उनसे मिला, कब मिला, क्यों मिला। इसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक हो। भाजपा ने शरथ की कंपनियों से 60 करोड़ क्यों लिए। 55 करोड़ रुपये गिरफ्तार होने के बाद लिए। भाजपा ने अब तक ये बात ईडी और अदालत को क्यों नहीं बताई। आबकारी नीति लागू होने के बाद 5 जनवरी, 22 को शरत की एक कंपनी, अरबिंदो फार्मा ने 3 करोड़ के बॉन्ड खरीदे और कुछ दिन बाद भाजपा ने इसे इन-कैश करा लिया।

**चुनावी बॉन्ड**

8 शरत रेड्डी और बीजेपी के बीच 60 करोड़ के लेनदेन का मांगा ब्योरा

# ईडी हिरासत में पत्र लिखने पर दर्ज हो सकता है सीएम पर केस

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** शराब घोटाले में ईडी की हिरासत में बंद अरविंद केजरीवाल अब एक नई मुसीबत में फंस सकते हैं। हिरासत से लिखित आदेश जारी करने के मामले में उन पर नई गाज गिर सकती है। कानूनी रूप से वे हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं कर सकते। लेकिन अब तक दो ऐसे पत्र सामने आ चुके हैं, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उस पर अरविंद केजरीवाल ने हस्ताक्षर किए हैं। यदि यह सिद्ध हो जाता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत में रहते हुए उक्त आदेश पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं, तो इस मामले में उन पर नया केस दर्ज किया जा सकता है। वहीं, यदि बिना उनके हस्ताक्षरित पत्रों को उनका पत्र बताकर मीडिया के सामने पेश किया गया है, तो इस मामले में वे लोग (आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज) फंस सकते हैं, जिन्होंने उक्त पत्रों को केजरीवाल का पत्र बताकर मीडिया के सामने पेश किया है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से इस बात पर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले की जांच हो सकती है।

**बढ़ेगी परेशानी**

8 प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में रहते हुए कोई व्यक्ति इस तरह से पत्रों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकता

**ये कहना है कानूनी विशेषज्ञों काः** नियमों के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में रहते हुए कोई व्यक्ति इस तरह से पत्रों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकता। किसी विशेष परिस्थिति में जब संबंधित व्यक्ति के वकील उससे किसी पत्र पर हस्ताक्षर करवाते हैं, तो इस विषय में जेल अधिकारियों को पूर्व सूचना देना आवश्यक है। यदि बिना अधिकारियों को जानकारी दिए ऐसे किसी पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं, तो यह एक अपराध की श्रेणी में आता है और इस मामले में जांच की जा सकती है।

# टीचर बना हैवानः चार साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर में चार साल की बच्ची से शिक्षक ने दुष्कर्म किया। घटना के बाद मासूम की तबीयत बिगड़ गई। उसे एलबीएस अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे एम्स रेफर कर दिया गया। वहीं, घटना के बाद लोग सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करने लगे। मासूम और आरोपी दोनों अलग-अलग समुदायों के हैं। ऐसे में कुछ शरारती लोगों ने घटना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। हालात देखते ही तुरंत कई थानों की पुलिस को मौके पर भेजा गया। बाद में अर्द्धसैनिक बलों को भी तैनात कर दिया गया। इसके बाद मंडावली थाना पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पांडव नगर निवासी बच्ची घर के पास ही कोचिंग सेंटर में ट्यूशन पढ़ने के लिए जाती है। यहां महिला के अलावा भाई भी ट्यूशन पढ़ाता है। शनिवार को मासूम कोचिंग सेंटर पहुंची तो महिला शिक्षिका नहीं थी। आरोप है कि महिला के 34 वर्षीय भाई ने मासूम से दुष्कर्म किया। बाद में जान से मारने की धमकी देकर घर भेज दिया। किसी को कुछ भी बताने पर मारने की धमकी दी। मासूम की रात को तबीयत बिगड़ी तो परिवार उसे नजदीकी डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने दुष्कर्म की बात कहकर मासूम को एलबीएस अस्पताल भेज दिया।

**राहत**

8 घटना के बाद मासूम की तबीयत बिगड़ गई। उसे एलबीएस अस्पताल ले जाया गया



जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को लगी तो आरोपी के घर के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने आरोपी के घर में घुसने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। भीड़ का आरोप है कि महिला का पति भी वारदात में शामिल है। पुलिस मासूम की काउंसलिंग करा रही है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं, दिनभर कभी मासूम की मौत की अफवाह एरिया में फैलती तो कभी कुछ। इस बात पर लोगों में आक्रोश दिखा। पुलिस अधिकारी बार-बार लोगों को समझाकर शांत करवा रहे थे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें। माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

वहीं, इस मामले पर मंत्री आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'दिल्ली के पांडव नगर इलाके में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। इससे ज्यादा वीभत्स अपराध क्या हो सकता है? एलजी साहब, दिल्ली की महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा आपकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। इन अपराधियों को तुरंत सजा होनी चाहिए, और सख्त से सख्त सजा होनी चाहिए।

# भ्रष्टाचार में 'आप' कांग्रेस से भी चार कदम आगे

= भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ाने के लिए कांग्रेस के पास प्रत्याशी नहीं : सीएम नायब सैनी, कैथल में आयोजित अभिनंदन समारोह में नायब सैनी के निशाने पर रही कांग्रेस और आम आदमी पार्टी, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नवीन जिंदल को ऐतिहासिक मार्जिन से जिताने की अपील की

**चंडीगढ़:** कैथल में अपने अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी जैसा ताकतवर व्यक्तित्व ही ले सकता है। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा भी मोदी ही कर सकते हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी निशाने पर लिया। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी ही नहीं है। भ्रष्टाचार के मामले में तो आम आदमी पार्टी कांग्रेस से भी चार कदम आगे निकल गई है। आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए भ्रष्टचार पर तंज कसते हुए नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार



किया है तो ईडी सवाल तो पूछेगी ही। मंगलवार को कैथल में मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा के कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल के स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में नवीन जिंदल का हाथ पकड़कर ऊपर उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उपस्थित जनसमूह से नवीन जिंदल को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया। यहां पहुंचने पर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा और जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घमंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को घेरते हुए

**जीत का दावा**

**8 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी जैसा ताकतवर व्यक्तित्व ही ले सकता है**

कहा कि जिस व्यक्ति को क्षेत्र के भूगोल और हाव-भाव का ज्ञान तक नहीं है, ऐसा व्यक्ति जनता का भला नहीं कर सकता। इससे आगे बढ़ते हुए नायब सैनी ने गठबंधन प्रत्याशी पर तंज कसते हुए कहा कि जो व्यक्ति राज्यसभा में नहीं गया और ना ही लोगों की आवाज उठाई ऐसा व्यक्ति क्षेत्र का विकास नहीं करा सकता। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए शराब घोटाला पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले बहाने बनाकर जांच से नहीं बच सकते। जब गलत किया है तो जेल में जाना ही होगा। नायब सैनी ने कहा कि अपने आपको कट्टर ईमानदार कहने वाले नेता अब जेल में हैं। नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार का असर देश की जनता पर पड़ता है। जो पैसा विकास के काम में लगना चाहिए था वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ के सहारे ही सत्ता के सपने संजो रही है, लेकिन जनता कांग्रेस के झूठ और भ्रष्टाचार पर टिके सपनों को साकार नहीं होने देगी। नायब सैनी ने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है।

## जेजेपी का सभी दस लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी ने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दिल्ली में मंगलवार को पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी सभी दस लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। बैठक में राजधानी चंडीगढ़ की लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ने की संभावना तलाशने का फैसला किया गया। समिति ने प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटो के लिए प्रस्तावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की और उनका मूल्यांकन किया। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की अध्यक्षता में हुई बैठक में सामाजिक और राजनीतिक महत्व के आधार पर संभावित उम्मीदवारों पर चर्चा की गई और हर लोकसभा क्षेत्र के लिए कुछ नाम चुने गए। बैठक में प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और

**यूनिट**

**8 दिल्ली में मंगलवार को पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया**

लोकसभा चुनाव के संदर्भ में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजधानी चंडीगढ़ की लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ने का सुझाव आया जिस पर पार्टी नेतृत्व ने संभावनाएं तलाशने का निर्देश दिया। वेठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंत राम तंवर, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी मील, पूर्व मंत्री अनूप धानक, विधायक रामकरण काला मोजूद थे।

## कार्यकाल पूरा होने से पहले रंजीता मेहता बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव पद से कार्यमुक्त

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव पद से रंजीता मेहता को कार्यमुक्त कर दिया गया है। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि, रंजीता मेहता को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव पद से कार्यमुक्त किया जाता है।

आदेश में कहा गया कि, अब महिला एवं बाल कल्याण विभाग, हरियाणा अगले आदेश तक हरियाणा राज्य बाल कल्याण

**समीक्षा बैठक**

**8 रंजीता मेहता को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव पद से कार्यमुक्त किया जाता**

परिषद के रोज के कामों को देखेगा।रंजीता मेहता की 13 मई, 2022 को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव पद पर 3 साल के लिए नियुक्ति की गई थी। लेकिन 3 साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उन्हें 2 साल से कम समय में जिम्मेदारी से हटा दिया गया। ऐसे में कई सवाल उठ रहे हैं। सियासी गलियारों में रंजीता मेहता को लेकर चर्चा तेज हो गई है। रंजीता मेहता पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करीबी रही हैं। पिछले दिनों मनोहर लाल भी सीएम पद से इस्तीफा दे चुके हैं। दिसंबर 2020 में हरियाणा नगर निगम चुनाव से ठीक पहले रंजीता मेहता को सीएम मनोहर लाल ने बीजेपी जॉइन कराई थी। तब मनोहर लाल सीएम रहने के बावजूद खुद रंजीता मेहता के पंचकूला सेक्टर 16 स्थित घर पहुंचे थे।

## विशेष चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने काटे 1119 चालान

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद:** होली के पर्व पर फरीदाबाद पुलिस तरह से अलर्ट रही। जगह-जगह नाकेबंदी करके पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले करीब 1119 वाहनों के चालान काटकर जुमार्ना किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मंगलवार को बताया कि ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद में चौक चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात थी। द्वारा विभिन्न स्थानों पर विशेष नाके लगाकर वाहन चालकों की चेकिंग की गई। इसमें विशेष रूप से शराब के नशे में गाड़ी चलाने के लिए औचक जांच की गई।

## रणजीत सिंह का विधानसभा से इस्तीफा

= हिसार लोकसभा चुनाव में अपनो से भी मुकाबला संभव

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** भाजपा में शामिल होने के बाद अपनी विधानसभा सीट रानिया से इस्तीफा देकर हिसार लोकसभा सीट से भाजपा के ही टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे रणजीत सिंह चौटाला को चुनाव में अपनो का सामना भी करना पड़ सकता है। इंडियन नेशनल लोकदल ने इस सीट से सुनयना चौटाला को प्रत्याशी घोषित किया है। सुनयना रणजीत सिंह के भतीजे की वधू है। जेजेपी कार्यकर्ताओ ने पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मा नैना चौटाला को भी हिसार से चुनाव लड़ने की मांग की है। रानियां से निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह ने फिलहाल सदन से अपना इस्तीफा विधानसभा कार्यालय भेजा है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा है कि इस्तीफे पर विचार किया जाएगा। नियमानुसार विधायक को इस्तीफे को



मंजूर कराने के लिए व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होना पड़ता है।कांग्रेस से भाजपा में आए कुलदीप विश्नोई उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा हिसार से इस चुनाव के लिए उन्हें टिकट देगी।रणजीत सिंह को टिकट दिए जाने पर उनकी प्रतिक्रिया दूसरे रूप में सामने आई है। उन्होंने कहा है कि साथी निराश न हो। देश के विकास के लिए इस चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करना है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने के बाद आदमपुर से विधायक बने कुलदीप विश्नोई के पुत्र भव्य बिश्नोई ने रणजीत चौटाला की टिकट पर कहा कि

**यूनिट**

**8 हिसार लोकसभा सीट से भाजपा के ही टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे रणजीत सिंह**

राजनीति में आपकी लोकप्रियता ही अक्सर आपकी सबसे बड़ी कमजोरी बन जाती है। एक्स हैंडिल पर पोस्ट करते हुए भव्य बिश्नोई ने अपनी नाराजगी जाहिर की है।

हिसार से भाजपा के टिकट के लिए प्रयास कर रहे पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने बेटे का दर्द बाहर आते ही स्थिति को संभालने की कोशिश की।

## किसान नेता अनीश की रिहाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** मंगलवार को गांव खटकड़, करसिंधु, जुलानी, कंडेला सहित एक दर्जन से ज्यादा गांवों के किसान ट्रैक्टर व ट्रालियों के साथ मंगलवार को लघु सचिवालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। परिजनों ने जिला कारागार में अनशन पर बैठे किसान नेता अनीश खटकड़ की रिहाई व उसके खिलाफ दर्ज किए गए मुकद्में को रद्द करवाने की मांग की। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने किसान प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की और जेल में बंद किए गए किसान नेता अनीश के साथ उसके भाई और पिता की मुलाकात करवाने का आश्वासन दिया। जिस पर प्रदर्शनकारी किसान वापस लौट गए।

## भाजपा के पास विकसित भारत का लक्ष्य : नायब सैनी

= कुरुक्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं से मिले मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नवीन जिंदल को भाजपा का प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस ने माथा पकड़ लिया है और मतदान से पहले ही कांग्रेस ने हार मान ली है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, जबकि भाजपा के पास विकसित भारत और विकसित हरियाणा का लक्ष्य है। नायब सैनी ने कार्यकताओं से नवीन जिंदल को रिकार्ड मतों से जिताने का आह्वान किया।

मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी कुरुक्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के साथ कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में पहुंचे थे।



नवीन जिंदल ने भी भाजपा का कुरूक्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। यहां पहुंचने पर कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवीन जिंदल को कमल का फूल देकर कुरूक्षेत्र भेजा है, इसलिए नवीन जिंदल को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जिताकर संसद भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश में अनेकों ऐतिहासिक काम किए हैं। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण की नीतियों से जहां गरीबों का जीवन स्तर उंचा उठाया, वहीं हर घर नल से जल और उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन देकर महिलाओं का जीवन सरल बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश को एक नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक तीव्र गति से बन रहा है, जिससे फाटक बंद होने की समस्या से लोगों को छुटकारा मिल पाएगा। 250 करोड़ रुपए के थीम प्रोजेक्ट का कार्य किया गया है। हमारी डबल इंजन की सरकार ने बातें पर कम और काम पर ज्यादा ध्यान दिया है। 152 डी से सड़क मार्ग का सफर आसान हुआ है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के कारण कांग्रेस अपनी सीट छोड़कर भाग गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने ऐसे व्यक्ति को कुरूक्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है जो कांग्रेस से भी झूठ बोलने पर चार कदम आगे है। श्री सैनी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने पराली प्रबंधन पर जबरदस्त काम किया।

## ईडी, आईटी और सीबीआई का उपयोग निजी लाभ के लिए कर रही भाजपा: सैलजा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसा देश बन चुका है, जहां सरकारी तंत्र की चाबियां भाजपा के हाथ में हैं, यहां ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का उपयोग निजी लाभ के लिए किया जा रहा है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने इन संस्थाओं का इस्तेमाल प्राइवेट कंपनियों से वसूली के लिए किया है। योजनाबद्ध तरीके से किया गया यह भ्रष्टाचार लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आइए हम इस भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट हों। देश में विरोधी पार्टियों के विरूद्ध द्वेष भाव से कार्रवाई की जा रही है। लोकतांत्रिक सिस्टम से कार्रवाई होनी चाहिए वो चाहे किसी अन्य पार्टी में हो या फिर भाजपा में।

कोई नेता अगर बीजेपी में चला जाता है तो उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए जो भी पार्टी हमारा साथ देगी उनको कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत साथ लेकर चलेगी। उन्होंने कहा कि आज देश में सबसे बड़ा

**सरकारी तंत्र**

**8 कोई नेता अगर बीजेपी में चला जाता है तो उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती**

मुद्दा लोकतंत्र को बचाने का है। इसमें जो भी पार्टी हमारा साथ देगी उसको साथ लेकर चलेंगे। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड से 8252 करोड रुपए वसूल रही थी और देश की खुशियां उजड़ रही थी। धंधा बचाए रखने के लिए अंबानी की सिस्टर कंपनी ने 33 करोड़ का मुनाफा कमाकर भाजपा को 375 करोड़ चंदा दिया।

इसी प्रकार केवेंटर फूड पार्क ने भाजपा को 353 करोड़ रुपए का चंदा दिया। भारती एयरटेल ने 100 करोड़ के घाटे के बावजूद भाजपा को 236 करोड़ रुपए का चंदा दिया। उन्होंने कहा कि यह सब दशार्ता है कि भाजपा सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करके कमाई कर रही है। जो कोई कंपनी भाजपा को मोटा चंदा नहीं देती है, उसके खिलाफ एजेंसियों से रेड करवाई जाती है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस सिस्टम के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है जिसमें जनता का सहयोग जरूरी है।

## उद्यमशीलता और नवाचार को अपनाये युवा: कुलपति

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के फरीदाबाद स्थित जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के आईपीआर, इनोवेशन, इनक्यूबेशन और स्टार्टअप डिवीजन और प्रबंधन अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय उद्यमिता शिखर सम्मेलन-2024 का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन केन्द्रिय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पर्स कार्यक्रम के तहत प्रायोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्टार्टअप्स के समक्ष आने वाली मानव संसाधन चुनौतियों पर चर्चा को बढ़ावा देना, व्यावहारिक संवाद और परस्पर अनुभव साझा करने के लिए मंच प्रदान करना है।

**सम्मेलन**

**8 वृद्धि और सामाजिक विकास को आगे बढ़ाने में उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया**

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में औद्योगिक विशेषज्ञों में प्रॉम्पटेक इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री नरेश ग्रोवर, पीओपी, उद्यमिता, डीटीयू एवं संस्थापक, कॉर्पोरेटवेंचरहब.कॉम प्रो. एस एम रौनाक मुस्तफा, हरियाणा के हार्ट्रोन इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब के पूर्व प्रमुख राजीव गुलाटी और टीआईई-दिल्ली एनसीआर की संयुक्त एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उपासना शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे तथा प्रतिभागियों के साथ अपना अनुभव साझा किया। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने की, जिन्होंने पूरी चर्चा के दौरान मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रो. तोमर ने अपने संबोधन में युवाओं के बीच उद्यमशीलता की मानसिकता को बढ़ावा देने, उन्हें नवाचार को अपनाने और केवल नौकरी चाहने वालों के बजाय अवसरों के निमार्ता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आर्थिक वृद्धि और सामाजिक विकास को आगे बढ़ाने में उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को अपने आसपास नये आइडिया खोजने तथा सतत पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित भी किया। सम्मेलन के दौरान स्टार्टअप्स के समक्ष आने वाली मानव संसाधन चुनौतियों पर महत्वपूर्ण चचाएं जारी रही, जिसमें एमहेल्थएआई के संस्थापक और सीईओ श्री राजेश मुंजाल, मानव संसाधन विशेषज्ञ हीरेश गिरधर, कॉसेट नेटवर्क, ऑनबेंचमार्क के संस्थापक और सीईओ सैयद फरहान, क्षमता निर्माण एवं नेतृत्व विकास विशेषज्ञ श्री आनंद द्विवेदी, एफएमए की अध्यश्क्ष और एचआर बिजनेस सलाहकार और कोच सलोनी कौल जैसे सम्मानित पैनलिस्ट शामिल रहे, जिन्होंने विषय पर अपना अनुभव साझा किया।

## एचएयू वैज्ञानिकों ने ाउत्तम बीज उत्पादन विषय पर दिए अहम सुझाव

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर आयोजित करके किसानों को अहम जानकारियां दी गई। विश्वविद्यालय की ओर से रेवाड़ी के गांव जाटूसाना, रोहतक के गांव सांघी, जींद के गांव फरेन कला व सोनीपत के बरोदा ने फसलों एवं सब्जियों का उत्तम बीज उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण शिविर लगाए गए। इन प्रशिक्षण शिविरों में किसानों को खरीफ सब्जी फसलों के बीज आवंटित किए गए। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने भी किसानों को बीज गुणवत्ता जांचने, बीज उत्पादन, बीज स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भंडारण व सब्जी बीज उत्पादन सहित अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी

डॉ. वीरेंद्र सिंह मोर ने मंगलवार को आयोजित इन शिविरों में किसानों को स्वयं बीज उत्पादन के लिए प्रेरित किया एवं बीज गुणवत्ता जांचने के तरीके भी बताएं। डॉ. अक्षय भुक्कर ने बीज उत्पादन में महत्वपूर्ण सावधानियों से अवगत कराया। डॉ. स्वाति मेहरा ने बीज स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भंडारण के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

## कांग्रेस शासनकाल में बने कानून से मिला जमीनों का मालिकाना हक: हुड्डा

टीम एक्शन इंडिया

**रोहतक:** पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उच्च न्यायालय ने कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए भूमि सुधार कानून को मान्यता दी है। हाईकोर्ट ने इसे पूरी तरह संवैधानिक करार देते हुए इसकी सराहना भी की है। उन्होंने उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया। हरियाणा के ब्राह्मण, ओबीसी व एससी समाज को बधाई दी। पूर्व सीएम हुड्डा मंगलवार को डी-पार्क स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बरसों पहले हरियाणा के अलग-अलग गांवों में अन्य स्थान से आकर कई वर्ग बस गए थे। उन वर्गों को पंचायतों व अन्य किसी ने जमीन दान

**उपलब्धि**

**8 दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेमार और मुकरारीदार भूमि अधिनियम 2010 पर मुहर लगाने के लिए हाईकोर्ट का जताया आभार**

में दी थी। इन वर्गों को दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेमार और मुकरारीदार कहा जाता है। इनमें ब्राह्मण, पुरोहित, पुजारी, जांगड़ा ब्राह्मण, नाई, प्रजापत, लोहार, वाल्मिकी, धानक, गोस्वामी, स्वामी, बड़बुजा, धोबी, तेली अन्य कारीगर आदि वर्गों के लोग शामिल थे। बरसों से उस जमीन पर रहने, बसने व खेती करने के बावजूद इन वर्गों को जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल पाया था। इसलिए, ना वो इस जमीन को आगे बेच सकते थे और ना ही किसी तरह का लोन ले सकते थे। इन तमाम वर्गों को मालिकाना हक दिलवाने के लिए कांग्रेस सरकार ने भूमि अधिनियम 2010 लागू किया था, लेकिन, 2018 में बीजेपी सरकार ने उस कानून को निरस्त कर दिया।

कांग्रेस ने इस मुद्दे को बार-बार विधानसभा में भी उठाया, लेकिन बहुमत के जोर पर बीजेपी ने 2010 के कानून में संशोधन करके लाभार्थियों से जमीन वापिस लेने का कानून पास कर दिया।

## मतदाता व उम्मीदवारों की सुविधा के लिए आयोग ने शुरू किए हुए हैं कई मोबाइल एप

= एप के माध्यम से आयोग की ऑनलाइन सेवाओं का लिया जा सकता है लाभ- मुख्य निर्वाचन अधिकारी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी के आज के युग में 18वें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए भारत के चुनाव आयोग ने कई मोबाइल एप शुरू किए हुए हैं। जिनका प्रयोग कर कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। चुनाव प्रबंधों को लेकर श्री अग्रवाल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऑफलाईन ही नहीं, अपितु ऑनलाईन भी अनेक सेवाएं शुरू की हुई हैं। उदाहरण के तौर पर 18 साल का कोई युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। यह सुविधा केवल तब तक है, जब तक कि लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती। नामांकन पत्रों के दाखिल शुरू होने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। हरियाणा में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ होगी और 6 मई तक जारी रहेगी। इसी प्रकार निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक नया एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा एप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। इसी प्रकार बूथ एप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोडकर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट एप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है। वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन एप मतदाताओं को अपना डाटा देखने की सुविधा प्रदान करते हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी ऐप आरंभ किया है। इस ऐप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है।

## न्यूज फ्लैश

### दुर्घटना में घायल हुए बुजुर्ग की तीन माह बाद हुई मौत

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** के पिचौलिया गांव के 60 वर्षीय बुजुर्ग ने तीन महीने बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बुजुर्ग पुराने बस स्टैंड पर बस में चढ़ रहा था और बस चालक ने अचानक बस चला दी, जिससे बुजुर्ग का पांव फिसल गया और वह सडक पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बुजुर्ग का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करवाया, लेकिन बुजुर्ग तीन महीने बाद जिंदगी की जंग हार गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पुलिस पहुंच गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। पिचौलिया निवासी 60 वर्षीय शमशेर सिंह के भाई बलदेव सिंह ने बताया कि बीती 3 जनवरी को वह करनाल में दवा लेने के लिए आया था। दोपहर बाद जब शमशेर दवा लेने बाद घर वापस जाने के लिए बस में चढ़ रहा था। प्राइवेट बस चालक ने उनकी टांगों पर पहिया चढ़ा दिया। टांगे बुरी तरह से कुचल गई थी, जिसके बाद प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाया। इलाज में करीब 45 लाख रुपए खर्च हुए। परिजनों की माने तो हादसे के बाद पुलिस ने बस चालक और बस मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था, लेकिन उसके बाद किसी तरह की कार्रवाई पुलिस की तरफ से नहीं हुई है। अब दाह संस्कार के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### स्कूटी में पंक्चर लगवाने जा रही महिला से छेड़छाड़

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कस्बा** नीलोखेड़ी में दशहरा ग्राउंड के पास एक महिला के साथ अश्लील इशारे करने, छेडखानी करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीडिता अपनी पंक्चर हुई स्कूटी को ठीक करवाने के लिए पैदल पैदल जा रही थी और रास्ते में बाइक लेकर खड़े युवक ने उसके साथ गंदी हरकतें की। इसके बाद पीडिता ने डायल-112 की टीम को मौके पर बुलाया, जिसे देख युवक मौके से फरार हो गया। होली वाले दिन करीब साढ़े तीन बजे पीड़िता की स्कूटी पंक्चर हो गई। वह पंक्चर लगवाने के लिए पैदल पैदल दुकान पर जा रही थी। दशहरा ग्राउंड के पास पहले से ही एक लडका अपनी बाइक लिए खड़ा था। पीडिता का आरोप है कि युवक ने उसको गलत नीयत से घूरना शुरू कर दिया। जैसे ही वह उसके नजदीक से निकली तो युवक ने कहा कि डार्लिंग पैदल क्यों धक्के खा रही हो, मेरी बाइक पर बैठ जाओ। इसके बाद युवक ने अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए। पीड़िता ने जब उसका विरोध किया तो गंदी गंदी गालियां देने लगा और जान से मारने की भी धमकी दी। महिला ने बताया कि उसने आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया। जैसे ही लोग एकत्रित होने लगे तो आरोपी युवक अपनी बाइक छोडकर मौके से फरार हो गया। पीडिता ने बताया है कि वह आरोपी को अच्छी तरह से पहचान सकती है। बुटाना थाना के जांच अधिकारी सचिन ने बताया कि महिला के साथ छेडखानी करने, अश्लील इशारे करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। जांच की जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# केजरीवाल ने जैसे कर्म किए हैं वैसा ही फल भुगतेंगे: पूर्व सीएम मनोहर लाल

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर** लाल खट्टर सोमवार शाम को सेक्टर 9 स्थित भाजपा के कर्ण कमल कार्यालय में पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर तंज कसते हुए कहा कि जैसे कर्म किए हैं, वैसा ही फल भुगतेंगे। उन्होंने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल ही कहा करते थे कि सरकारी एजेंसियां कुछ करती नहीं हैं। उन्हीं की बातों पर एजेंसियां फूल चढ़ाने का काम कर रही हैं और जो सामने आ रहा है, उस पर



कार्रवाई कर रही हैं। वहीं उन्होंने खालिस्तानी फंडिंग के वायरल वीडियो को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा है कि वीडियो में कितनी सच्चाई है, उसके बारे में नहीं पता, लेकिन अगर ऐसा हुआ है तो यह गलत है और शर्मनाक बात है। अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा करेंगे तो वह देशद्रोह है। भाजपा में शामिल हुए नवीन जिंदल और रणजीत चौटाला को लोकसभा टिकट दिए जाने के सवाल पर मनोहर लाल ने कहा कि दोनों की ही अच्छी एंट्री है। नवीन जिंदल पहले भी सांसद रह चुके हैं और रणजीत चौटाला पहले ही ऊर्जा मंत्री हैं। दोनों का अपने अपने क्षेत्र में प्रभाव है। पूर्व सीएम कर्ण कमल कार्यालय में पहुंचने से पहले अंबाला में अनिल विज से भी मिलकर आए। जहां उन्होंने अनिल विज को होली का तिलक लगाकर बधाई दी। अनिल विज से गिले शिकवे को लेकर मनोहर लाल ने कहा कि किसी तरह का कोई भी गिला शिकवा नहीं है। अब मैं न तो कोई विधायक हूं और न ही कोई मुख्यमंत्री हूं। अनिल विज अभी गृह मंत्री नहीं हैं, लेकिन वे मौजूदा विधायक तो हैं। इसलिए हरियाणा के एक विधायक से मुलाकात करके आया हूं। कांग्रेस द्वारा करनाल में मजबूत कैंडिडेट उतारे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अच्छी बात है, लेकिन तय जनता करेगी कि मजबूत कैंडिडेट कौन है? मनोहर लाल ने कहा कि अभी 28 मार्च को करनाल में एक बैठक की जाएगी। उसके बाद 29, 30 व 31 मार्च को अलग-अलग विधानसभाओं में बैठकें होगी।

## इग्नू के ऑनलाइन पोर्टल पर 31 मार्च तक भरें परीक्षा फॉर्मः डॉ धर्म

**कमाल हुसैन**

**पानीपत, इग्नू के** क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। जो भी शिक्षार्थी जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे बिना लेट फीस के 31 मार्च 2024 तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। लेट फीस के साथ शिक्षार्थी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। जो शिक्षार्थी जून 2024 सेशन के परीक्षा फॉर्म भर सकते है वे तुरंत ही ऑनलाइन माध्यम से इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट इग्नूडॉटएसीडॉटइन पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने के



लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा और होम पेज पर जून 2024 के ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एक नए पेज पर आपको ऑनलाइन एग्जामिनेशन फॉर्म पर क्लिक करके अपनी सभी जानकारी भरनी होगी और जिस परीक्षा केंद्र पर आप परीक्षाएं देना चाहते है उसका चयन करना है।

## विराट भक्ति सत्संग में पंहुचकर धर्म लाभ उठाएं : राजिन्द्र भारती

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। परम पुज्य सुधांशु** जी महाराज के पावन सानिध्य में आगामी 28 मार्च से 31 मार्च तक पावन धाम आश्रम नजदीक देवीलाल चौक पर विराट भक्ति सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियों हेतु विश्व जागृति मिशन करनाल मंडल अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी राजिन्द्र भारती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। राजिन्द्र भारती ने बताया कि सत्संग कार्यक्रम की शुरूआत 28 मार्च को शाम 4.30 बजे से 7 बजे तक चलने वाले सत्संग से होगी और तदुपरांत 29 मार्च से 31 मार्च तक सुबह 8.30 बजे से 11 बजे तक और सांय 4.30 बजे से रात्रि 7 बजे तक चलेगा। राजिन्द्र भारती ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस विराट भक्ति सत्संग में पंहुच कर धर्म लाभ उठायें। महाराज श्री द्वारा 31 मार्च दोपहर 12 बजे मंत्र दीक्षा दी जाएगी।



विश्व जागृति मिशन के करनाल मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील हिन्दूजा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मोहन, महामंत्री सुरेश बहैती, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सलूजा, सह कोषाध्यक्ष पाल, प्रचार सचिव रमेश अत्रेजा एवं दिल्ली से आये विशेष रूप से मनोज शास्त्री मौजूद रहे।

### 'डिफेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी एक्ट की पालना करना सुनिश्चित करें'

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि सभी राजनैतिक दल डिफेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी एक्ट की पालना करना सुनिश्चित करें और प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए स्थानों पर ही रैली एवं जनसभा की जा सकती है। यही नहीं इन्हीं स्थानों पर ही केवल प्रचार से सम्बंधित होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर इत्यादि लगा सकते हैं। चुनाव के दौरान प्रयोग की जाने वाली सभी वस्तुओं के रेट भी सम्बंधित राजनैतिक दलों को उपलब्ध करवा दिए गए हैं।उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अपील की कि वे यह भी सुनिश्चित करें कि चुनाव प्रचार के दौरान जो भी बैनर, पोस्टर आदि प्रिंट करवाएं उन पर सम्बंधित प्रिंटिंग प्रैस का नाम और पता सहित छपवाने वाले का भी ब्यौरा हो।

## आत्मनिर्भर के बाद वार्ड 10 को स्वच्छ वार्ड किया घोषित : धीरज कुमार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वच्छ** सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम कई तरह की गतिविधियां कर रहा है। इसके तहत बीते माह फरवरी में स्वच्छ वार्ड को लेकर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों का निरीक्षण किया गया और साफ-सफाई के कई पहलुओं को जांचा गया। सर्वे के तहत शहर के वार्ड नम्बर 10 को स्वच्छ वार्ड घोषित किया गया है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अनेक प्रकार के घटक हैं, उनमें स्वच्छ वार्ड को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों के सर्वे के लिए मुख्य सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम में



मुख्य सफाई निरीक्षक के साथ-साथ सम्बंधित जोन इंचार्ज तथा स्वच्छ भारत मिशन टीम के ट्रीगर मास्टर एवं मोटीवेटर शामिल थे। इन चीजों को लेकर किया गया सर्वे- उन्होंने बताया कि सर्वे में वार्ड की समस्त साफ-सफाई, घर-घर से कूड़े-कचरे का उठान, कूड़ा पृथक्करण, गलियों व नालियों की सफाई, सी. एंड डी. वेस्ट, हरियाली तथा गारबेज वल्नरेबल पॉयट जैसे इत्यादि बिन्दूओं का जांचा गया। इसके बाद एक रिपोर्ट तैयार की गई, जिसके आधार पर वार्ड 10 को स्वच्छ वार्ड घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि डोर टू डोर सैग्रीगेशन और होम कम्पोस्टिंग को लेकर कुछ दिन पहले ही वार्ड 10 को आत्म निर्भर वार्ड भी घोषित किया गया था। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने सभी शहर वासियों से अपील करते कहा है कि स्वच्छता एक सरकारी कार्यक्रम नही है, बल्कि यह नागरिकों के व्यवहार से जुड़ी दिनचर्या है।

## बाइक सवार दो युवकों ने शराब के ठेके पर की लूट, जांच शुरू

### पहले बियर पी, फिर कारिंदे को चाकू मारकर लूटे 30 हजार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के** गांव खरकाली में दिन-दहाड़े दो बाइक सवार युवकों ने शराब ठेके पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने पहले कारिंदे को चाकू मारकर घायल कर दिया और उसके बाद लगभग 28 से 30 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद आसपास के एरिया में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना के बाद मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल अवस्था में कारिंदे को मधुबन के अर्पणा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा



रही है। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे खरकाली गांव के शराब ठेके पर एक बाइक पर दो युवक आकर रुके। दोनों युवकों ने ठेके के कारिंदे जयसिंह से पहले बियर की बोतल ली और वहीं पर खड़े होकर पी गए। बियर के नशे में दोनों आरोपियों ने जयसिंह को चाकू दिखाया और ठेके की पूरी रकम देने की धमकी दी, लेकिन कारिंदे ने

**वारदात**

**8 वारदात के बाद मौके पर पहुंचे इआरवी इंचार्ज जसबीर सिंह ने बताया कि ठेके पर लूट की वारदात हुई है**

उनका विरोध किया। इसके बाद एक आरोपी ने चाकू से वार कर कारिंदे को घायल कर दिया और ठेके में रखी 28 से 30 हजार की नकदी लेकर फरार हो गए। घायल को देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और सूचना डायल-112 को दी गई। इसके बाद इआरवी मौके पर पहुंची और मधुबन पुलिस को सूचित किया। मधुबन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस की माने तो घायल जयसिंह पानीपत जिला के बादड़ गांव का रहने वाला है, जो शराब के ठेके पर काम करता है। वारदात के बाद मौके पर पहुंचे इआरवी इंचार्ज जसबीर सिंह ने बताया कि ठेके पर लूट की वारदात हुई है। युवकों ने बियर पीने के बाद कारिंदे को चाकू मारा और नकदी लेकर फरार हो गए। घायल को अर्पणा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

## कैंटर ने 4 बच्चों को रौंदा



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर-4 के** पास नेशनल हाईवे पर एक कैंटर ने 4 बच्चों को कुचल दिया। इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने आरोपी ड्राइवर को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद उसकी जमकर धुनाई की। लोगों ने आरोप लगाया कि वह नशे में था। इसके बाद घायल बच्चों को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। मृतक बच्चों की पहचान 8 वर्षी बारिस और 12 वर्षीय राजेंद्र के रूप में हुई है। वहीं घायलों में श्रवण और गोलू शामिल हैं। दोनों बच्चों की उम्र भी 8 से 12 साल के बीच है। इनकी टांग और हाथ टूट चुके हैं। इन्हें आइसीयू में रखा गया है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि चारों बच्चे सुबह खेलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान वह हाईवे पर पहुंच गए।

जड़ोली गांव निवासी राकेश कुमार ने बताया कि चारों बच्चे सेक्टर-16 स्थित झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं। चारों हाईवे की सर्विस रोड क्रॉस कर रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार कैंटर आया और बच्चों को कुचलता हुआ आगे बढ़ गया। हम मौके पर पहुंचे तो बच्चे बुरी तरह से तड़प रहे थे। मौके से ही पुलिस को कॉल किया, लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। एंबुलेंस अगर समय पर पहुंच जाती तो बच्चे को बचाया जा सकता था।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपील की

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न विवाह समारोह के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपील की है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह करवाने वाले पुजारी, गांव के सरपंच, पंच व नम्बरदार तथा शहरों में पार्षद मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी सामुदायिक केन्द्रों, सार्वजनिक भवनों, बैंकेट हॉल, मैरिज हॉल, मैरिज पैलेस, टेंट हाऊस इत्यादि के मालिकों से भी अपील की है कि वे अपने यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बंध में पहले से दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच कर लें तथा प्रति भी अपने पास रख लें। डीसी ने सभी से अपील की कि वे अपने गांव तथा शहरी क्षेत्र में किसी भी बाल विवाह का आयोजन ना होने दें तथा अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह अनुष्ठान इत्यादि के सम्बंध में अपने स्तर पर दूल्हा व दुल्हन की आयु की जांच कर लें और उनकी एक प्रति भी अपने पास रख लें। उन्होंने अपील की कि बाल विवाह पाए जाने पर तुरन्त प्रशासन के सम्बंधित अधिकारियों को सूचना दें और उसे रोकना सुनिश्चित करें। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लडकी की शादी 18 व लडके की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है तो वह कानूनी अपराध है।

एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाती है तथा बाल विवाह करना, करवाना व इसको बढ़ावा देना, इसमें शामिल होना एक गैर जमानती अपराध है जिसके तहत सजा व जुमार्ने का भी प्रावधान है। अगस्त 2002 में कानून के बदलाव के बाद यदि किसी भी नाबालिक लडके व लडकी का बाल विवाह किया जाता है तो उसे निरस्त माना जाएगा।

## श्रद्धालुओं को भक्ति मार्ग पर चलने का दिया संदेश

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कुंजपुरा** गांव स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन से आए कथावाचक पंडित अखिलेश्वर ने श्रद्धालुओं को भक्तिमार्ग पर चलने का संदेश दिया। 18 मार्च को शुरू हुई कथा सोमवार देर शाम श्रद्धा.भक्ति भरे वातावरण के बीच संपन्न हुई। तदोपरांत ग्रामीणों ने कथावाचक पंडित अखिलेश्वर व उनके साथियों को सम्मानित किया। मां यमुना सेवा समिति के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि महाभारत युद्ध के दौरान भगवान



श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन को अपने विराट स्वरूप दर्शन कराए थे। आत्म तत्व का ज्ञान दिया था। उन्होंने कहा था कि अच्छे.बुरे कर्मों का फल मनुष्य को अवश्य मिलता है। पारब्रह्म परमात्मा सर्वत्र विद्यमान है। किसी बुराई को छुपाने के लिए कोई चाहे जितने मर्जी प्रयास कर ले, किंतु वह परमात्मा की नजरों से नहीं बच सकता। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के लिए न केवल मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है बल्कि ज्ञान, भक्ति व वैराग्य को भी प्रस्तुत करती है।

मानव को चाहिए कि वह गीता के संदेशों को आत्मसात करे। सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर अच्छे कर्म करते हुए जीवन-यापन करे और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे। इस मौके पर सरपंच सुमनलता, राजपाल रोजड़ा चंद्रप्रकाश वर्मा, रघुवीर वर्मा, सुनील धारीवाल, अंशुल राणा, नरेश पाल, बलराज, सावित्री आर्या, संतोष राणा, किशोरी लाल मुटरेजा, रविंद्र कुमार व अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रूस में फसे 7 भारतीयों में एक युवक करनाल का, वतन वापसी का इंतजार

### बॉर्डर से हटाकर बंकर खोदने में लगाया,वतन वापसी के इंतजार में परिजन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रूस में फंसे** करनाल और पंजाब के 7 भारतीय युवाओं की घर वापसी की आस नहीं बन पा रही है। युवाओं के परिजन सरकार की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं कि कब उनके बच्चों की वतन वापसी होगी, लेकिन अभी दूर-दूर तक कुछ भी अपडेट नहीं मिल पा रहा है। हालांकि, परिजनों की माने तो एंबेसी में कागजात पूरे किए जाने की प्रक्रिया जरूर चलने की बात सामने आ रही है। वहीं रूस में भारतीय युवाओं से बंकर की खुदाई की भी खबरें सामने आ रही हैं। परिजनों की माने तो रूस



में भारतीय दूतावास से मिली जानकारी के मुताबिक, युवाओं को खुदाई के काम से वापस बुला लिया गया है। परिजन अपने बच्चों को वापस भारत लाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन

**प्रक्रिया**

**8 परिजनों की माने तो एंबेसी में कागजात पूरे किए जाने की प्रक्रिया जरूर चलने की बात सामने आ रही है**

उन्हें उम्मीद नजर नहीं आ रही। सोचा था कि होली के पर्व पर उनके बच्चे उनके साथ होंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। करनाल निवासी हर्ष के भाई साहिल की माने तो उसकी भाई से बात नहीं हो पाई है, क्योंकि हर्ष को बंकर की खुदाई में लगाया हुआ है और मोबाइल को जमा करवाया हुआ है। हालांकि पांच दिन बाद हर्ष व अन्य लोगों को बंकर से बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन पांच दिन के रेस्ट के बाद फिर से बंकर की खुदाई में लगा दिया जाएगा। हम प्रयास कर रहे हैं कि हर्ष जल्द ही उनके बीच में हो। आपको बता दें कि करनाल के सांभली गांव का हर्ष नए साल पर रूस में घूमने के लिए गया था, लेकिन एजेंट ने उसे, हरियाणा व पंजाब के 6 अन्य युवकों को बेलारूस में उतार दिया। बेलारूस का अलग से वीजा लगता है। वहीं पर सात युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया और आर्मी के हवाले कर दिया। बाद में आर्मी ने जबरन सभी युवाओं को सेना में भर्ती कर लिया। जब युवकों ने भर्ती होने से मना किया तो उन्हें लालच दिया गया। जब लालच से भी युवा नहीं माने तो उन्हें 10 साल की सजा की धमकी दी। उसके बाद से ही युवक रूस में फंसे हुए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा हुआ है। वहां पर जबरदस्ती भारतीय युवाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जिन भारतीय युवकों को भर्ती किया गया है उन्हें प्रॉपर ट्रेनिंग मिली हो, उन्हें सिर्फ 15 दिन की ट्रेनिंग दी और युद्ध के मैदान में झोंक दिया।

## नहर में मिला लापता युवक का शव

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के काछवा** गांव से संदिग्ध हालात में लापता हुए युवक का शव नहर से बरामद हुई है। युवक 21 मार्च की रात को लापता हुआ था और 22 मार्च को उसकी मोटरसाइकिल जटपुरा के पास नहर किनारे मिली थी। इसके बाद से ही परिजनों को शक था कि युवक नहर में गिरा है या फिर गिराया गया है। परिजन नहर के किनारे ही उसकी की तलाश कर रहे थे। मृतक के मुंह व अन्य जगहों पर चोटों के निशान पाए गए हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ही मौत के सही कारणों



का पता लग पाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार काछवा निवासी 28 वर्षीय सुल्तान सिंह प्लंबर का काम करता था। बीती 21 मार्च की शाम करीब सवा पांच बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पर घर से आया था, लेकिन रात तक भी वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने सुल्तान की तलाश शुरू की। सुलतान कहीं नहीं मिला। लेकिन अगले दिन जटपुरा नहर के पास उसकी बाइक खड़ी मिली। परिजनों को शक था कि कुछ अनहोनी हुई है और सुल्तान नहर में ही मिल सकता है। रिश्तेदारों को आज दोपहर को पश्चिमी यमुना नहर में सुल्तान का शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। परिजनों ने बताया कि मृतक की बॉडी से अभी भी खून बह रहा है, जबकि छह दिन पुरानी बॉडी में कभी ब्लड ऐसे नहीं बहता। इसके अलावा शरीर पर चोटों के निशान भी पाए गए हैं।

## संपादकीय

# विएतनाम में उभरता भारत

**विश्वभर** मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बनी पहचान को अगर कहीं ज्यादा मजबूती मिली है तो उसमे निश्चित रूप से हमारी साझी संस्कृति से जुड़ा एक देश विएतनाम भी है। जहां विकास द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। पिछले दस साल में भारत से मिले सहयोग से इस देश ने प्रगति के एक नए पथ को प्रशस्त किया है। दक्षिण पूर्व एशिया में चीन की विस्तारवादी नीति का शिकार हमारा पड़ोसी देश विएतनाम भी रहा है। चीन से भय ही उसकी तरक्की के रास्ते में बाधा बना हुआ था, अन्यथा ऊर्जा के विशाल स्त्रोत और विविध खाद्य पदार्थों की बहुलता के जरिए विएतनाम काफी आगे निकाल सकता था। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के बाद विएतनाम को नया संबल मिला है। चीन से मिल रही आर्थिक और सामरिक चुनौती को विएतनाम काफी हद तक कमजोर करने में सफल हुआ है। भारत के साथ मिलकर वह अपनी साझी सामरिक शक्ति को लगातार बढ़ा कर अपने लिए एक सुरक्षित ढांचा तैयार कर लिया है। सब मरीन से लेकर अन्य सैन्य साजो समान से लैस विएतनाम की सेना को भारत से लगातार प्रशिक्षण मिल रहा है। विएतनाम के बंदरगाहों का विकास भी त्वरित तरीके से हो रहा है। अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को युद्ध मे परास्त करने वाले इस देश को रूस से ज्यादा अब भारत की साझेदारी पर भरोसा है। विएतनाम एक कम्युनिस्ट देश है। वहां की वेशभूषा और रहन-सहन या फिर कहें कि भौगोलिक परिस्थिति के कारण जापान, साउथ कोरिया या फिर चीन जैसे देशों का प्रभाव दिखता है। इसके बावजूद आज विएतनाम भारत के साथ सहज महसूस अगर कर रहा है तो उसके पीछे हाल के दिनों में भारत की सांस्कृतिक विरासत को लेकर किया जा रहा काम है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के बाद हुई है। यह पिछले तीन साल के अंदर भारतीय विदेश सेवाके अधिकारी डॉ. मदन मोहन शेट्टी के अथक परिश्रम का नतीजा है। यह सुखद संयोग है कि इस अधिकारी की तैनाती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यात्रा के बाद की गई। शेट्टी विएतनाम के हो च मिन्ह (मुम्बई की तरह विएतनाम की व्यवसायिक शहर है) के कांसुलेट जनरल हैं। उन्होंने विएतनाम के 64 राज्यों में से 30 ज्यादा राज्यों का तूफानी दौरा किया और स्थानीय शासन के साथ मजबूत संबंध स्थापित किए। कम्युनिस्ट देश होने के बावजूद यहां के स्थानीय शासन की दिलचस्पी भारत के साथ अपनी सांस्कृतिक साझेदारी विकसित करने में दिखाई दे रही है। पिछले 40 से 50 साल के बाद नरेन्द्र मोदी के रूप मे भारत के किसी प्रधानमंत्री की यात्रा से यहां के लोग खुशी से झूम उठे थे। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने भी प्रधानमंत्री का अनुसरण किया और डॉ. मदन जैसे एक ऐसे तेजतर्रार भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी यहां भेजा, जिन्होंने म्यांमार में भारत की मजबूत कूटनीति स्थापित करने बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। यह सुखद संयोग है कि विएतनाम की एक चोटी से भगवान शिव के 9 फीट ज्यादा ऊंचा शिव लिंग निकल रहा है तो वहां की सरकार हिन्दू मंदिरों का अधिग्रहण कर उसका जीर्णोद्धार कर रही है। विश्व का आठवां आश्चर्य वहां के पहाड़ों की चोटी पर बुद्ध स्तूप की स्थापना है। लद्दाख के लामा ने इसे यहां स्थापित किया है। ऐसे कई और प्रकल्पों को अब और बढ़ावा मिलेगा, क्योंकिभारत से गए सम्मिट इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्वयंभू शिवशंकर तीर्थ क्षेत्र और बुद्धिज्म के विस्तार को लेकर निवेश सहमति पत्र हस्ताक्षर किया।

# आम आदमी पार्टी की गले की फांस बना शराब घोटाला

राजेश माहेश्वरी

> "जांच में उजागर हुआ कि शराब नीति में मिली घूस का उपयोग आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव में किया और अरविंद केजरीवाल भी घोटाले से जुड़े हुए थे। इस पर उन्हें पूछताछ हेतु समन भेजे जाते रहे किंतु वे किसी न किसी बहाने से उनको अनदेखा करते गए। 9 समन भेजने के बाद भी पूछताछ हेतु न आना उन्हें संदिग्ध बनाने के लिए पर्याप्त था। केजरीवाल ने अपनी संभावित गिरफ्तारी रोकने उच्च न्यायालय की शरण ली किंतु उसने उनकी अर्जी ठुकरा दी जिसके बाद ईडी ने उनको गिरफ्तार कर लिया। चूंकि लोकसभा चुनाव सिर पर हैं इसलिए आम आदमी पार्टी सहित अधिकांश विपक्ष भाजपा और केंद्र सरकार पर चढ़ बैठा। गत दिवस अदालत ने रिमांड अर्जी मंजूर करते हुए अरविंद केजरीवाल की दिक्कतें बढ़ा दीं"



**शराब** घोटाला केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। केंद्रीय एजेंसी उनके आवास पर 10वां समन लेकर पहुंची थी और करीब 2 घंटे की पूछताछ की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा गिरफ्तार करने के बाद 6 दिन के रिमांड पर ले लिया गया। चर्चित शराब घोटाले के सिलसिले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह पहले से जेल में हैं। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.सी. रेड्डी की बेटी भी गिरफ्त में है। शराब घोटाले में कुछ और लोग भी जेल की हवा खा रहे हैं। ये प्रकरण इतना उलझ जाएगा ये अनुमान किसी को न था। शराब घोटाले में ईडी ने इस साल 15 मार्च को तेलंगाना विधान परिषद की एमएलसी के कविता को गिरफ्तार किया था। के कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी हैं। ईडी ने दावा किया है कि जांच से पता चला कि के कविता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर दिल्ली शराब नीति-निर्माण और इसे लागू करने में लाभ पाने के लिए अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के टॉप नेताओं के साथ साजिश रची। इसके लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को 100 करोड़ रुपए दिए गए। एजेंसी का दावा कि आप के लिए शराब के थोक विक्रेताओं से अवैध धन की उगाही की गई। साथ ही साथ के कविता और उनके सहयोगियों के जरिए आगे भी आम आदमी पार्टी को एडवांस में भुगतान करना था, जिसके जरिए फायदा कमाया जा सके।ये पूरा मामला दिल्ली की आबकारी नीति में बदलाव कर शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने से जुड़ा है। केजरीवाल सरकार ने 2021 में शराब उत्पाद शुल्क नीति में कई बदलाव किए थे। नई नीति में शराब पीने की न्यूनतम उम्र को घटाकर 21 वर्ष करना, सरकारी शराब ठेकों को पूरी तरह बंद करके सारे ठेके निजी हाथों में सौंपना और प्राइवेट वेंडरों को लिकर स्टोर का लाइसेंस जारी करने समेत कई बदलाव किए गए थे। ईडी का दावा है कि इस घोटाले में 338 करोड़ रुपए आम आदमी पार्टी तक पहुंचे हैं। एजेंसी 338 करोड़ रुपये की ट्रेल अदालत में पेश कर चुकी है। ईडी ने दावा किया है कि इस केस में आरोपी शराब कारोबारी समीर महेंद्रू ने बयान दिया कि आम आदमी पार्टी के कम्युनिकेशन प्रभारी विजय नायर ने उनकी मुलाकात केजरीवाल से कराई थी। समीर के मुताबिक, फेस टाइम ऐप के जरिए केजरीवाल से मुलाकात हुई। समीर का दावा है केजरीवाल ने विजय नायर को अपना आदमी बताया था। आरोप है कि नई आबकारी नीति पर केजरीवाल के घर बैठक हुई थी, जिसमें मार्जिन प्रॉफिट 12 फीसदी किया गया था। केजरीवाल की मंजूरी से मार्जिन-प्रॉफिट बढ़ाया गया था। दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में सरकार ने खुदरा कारोबार को पूरी तरह से निजीकरण कर दिया। इस तरह उत्पाद शुल्क की चोरी और अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लग गया। इससे 10,000 करोड़ रुपये के राजस्व की कमाई का लक्ष्य रखा गया। राजधानी के सभी 272 नगरपालिका वार्डों में से प्रत्येक में कम से कम दो शराब की दुकानें खोली जानी थी। दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने जुलाई 2022 में नई आबकारी नीति को लेकर जांच की। उन्होंने बताया कि नीति में जानबूझकर और गंभीर खामियां बरती गई और लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ दिया गया। इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी। मुख्य सचिव की जांच के कुछ मुद्दे सीबीआई एफआईआर का हिस्सा बन गए। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने सबसे पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा था, लेकिन वो पेश नहीं हुए। इसके बाद 21 नवंबर 2023 को दूसरा नोटिस भेजा गया, तब भी उन्होंने पेश होने से इनकार कर दिया। ईडी ने 3 जनवरी और 18 जनवरी को समन भेजा। 2 फरवरी, 19 फरवरी, 26 फरवरी को भेजे नोटिस पर भी केजरीवाल पेश नहीं हुए। 4 मार्च और 17 मार्च को समन भेजा था। केजरीवाल, ईडी के भेजे किसी समन पर पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी शुरू से कहती आ रही है कि एजेंसी के समन अवैध हैं, उसके पास कोई सबूत नहीं हैं। केजरीवाल आरोप लगाते रहे हैं कि मोदी सरकार ईडी और दूसरी केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष को कमजोर करने के लिए करती है। दिल्ली की नई शराब नीति पर जब कांग्रेस और भाजपा ने बवाल मचाया तब दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने उपराज्यपाल से उसमें भ्रष्टाचार की शिकायत की। जिसके बाद केजरीवाल समझ गए कि वे लपेटे में आ जाएंगे तो वह नीति रद्द कर दी गई। लेकिन कांग्रेस और भाजपा द्वारा की गई शिकायतें और अधिकारी की रिपोर्ट पर सीबीआई और ईडी सक्रिय हुईं और फिर कुछ व्यापारियों सहित मनीषश सिसौदिया और संजय सिंह पकड़े गए।

जांच में उजागर हुआ कि शराब नीति में मिली घूस का उपयोग आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव में किया और अरविंद केजरीवाल भी घोटाले से जुड़े हुए थे। इस पर उन्हें पूछताछ हेतु समन भेजे जाते रहे किंतु वे किसी न किसी बहाने से उनको अनदेखा करते गए। 9 समन भेजने के बाद भी पूछताछ हेतु न आना उन्हें संदिग्ध बनाने के लिए पर्याप्त था। केजरीवाल ने अपनी संभावित गिरफ्तारी रोकने उच्च न्यायालय की शरण ली किंतु उसने उनकी अर्जी ठुकरा दी जिसके बाद ईडी ने उनको गिरफ्तार कर लिया। चूंकि लोकसभा चुनाव सिर पर हैं इसलिए आम आदमी पार्टी सहित अधिकांश विपक्ष भाजपा और केंद्र सरकार पर चढ़ बैठा। गत दिवस अदालत ने रिमांड अर्जी मंजूर करते हुए अरविंद केजरीवाल की दिक्कतें बढ़ा दीं। उसके बाद सवाल उठा कि दिल्ली सरकार कैसे चलेगी क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देने से इंकार करते हुए जेल से सरकार चलाने की बात कही। इसके संवैधानिक पहलू पर बहस चल रही है क्योंकि मुख्यमंत्री रहते हुए किसी की ये पहली गिरफ्तारी है। हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी गिरफ्तारी के पहले इस्तीफा दे दिया था। आश्चर्य ये है कि यही केजरीवाल ईडी को ललकारते हुए सोनिया गांधी को गिरफ्तार करने कहते थे। शराब नीति के विरोध में कांग्रेस नेताओं के पुराने साक्षात्कार भी चर्चा का विषय बने हुए हैं। जहां तक सवाल अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किये जाने के औचित्य का है तो ईडी के 9 समन रद्दी में फेंकने का दुस्साहस निश्चित तौर पर अक्षम्य है। मुख्यमंत्री किसी जांच एजेंसी के बुलाये जाने पर एक दो बार तो व्यस्तता का बहाना बना सकता है किंतु वह न जाने की जिद पकड़ ले तो उसका नैतिक और कानूनी पक्ष स्वाभविक रूप से कमजोर हो जाता है। पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर में न आकर केजरीवाल ने चोर की दाढ़ी में तिनका की कहावत को चरितार्थ कर दिया। उनको पता था कि अंततः वे गिरफ्तार होंगे। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी पर ईडी और केंद्र सरकार पर आरोप लगाने से विपक्ष अपनी खुद की कमजोरी उजागर कर रहा है। जो कांग्रेस इस मामले में केजरीवाल सरकार का बचाव कर रही है वह खुद शराब नीति में भ्रष्टाचार को उजागर करने में अग्रणी रही। इसलिए दिल्ली और पंजाब के उसके तमाम नेता लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के साथ गठबन्धन के विरुद्ध थे।

लेकिन आलाकमान ने उस विरोध को नजरअंदाज कर दिया। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करके कांग्रेस और विपक्ष ने अपनी नीति और नीयत देश को बता दी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष बुरी तरह फंसा हुआ है। और वो जांच एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताता है। सही मायनों में शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी बुरी तरह फंस चुकी है। पार्टी का भविष्य अंधकारमय दिखाई देता है।

## कविता

### गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख

गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,
मजलूम पर, जिन्दगी खाक कर देख।

पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत,
कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।

चादरों में सुराख करना,आसां बहुत,
अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।

खुश है, नुक्स पर पराई मीनारों के,
बारिश में ढहती दीवार ढांक कर देख,

भ्रम है, तुझे,जिंदगी रंगीन है बहुत, मुफलिसी
में जरा झांक कर देख,

गैर की दौलत से किसका भला हुआ,
फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,

बेईमीनी चार दिन की चाँदनी, ,
एक दिया पाक जला कर देख,

जलते घरो से हाथ सेंकना, आसां,
तिनका खुद का जरा जलाकर देख

संजीव
---------

## भारतीय इतिहास का अमर सम्राट अशोक महान

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

**अशोक म**हा- बिंदुसार के पुत्र थे, यद्यपि अशोक बड़े पुत्र नहीं थे पर बिंदुसार के बाद गद्दी पर यही बैठे। अपने पिता के समय में वह उज्जैन का सूबेदार रह चुका था और तक्षशिला का विद्रोह उसी ने दबाया था। उसे शासन का काफी अनुभव था। अशोक 269 ई. पू. गद्दी पर बैठा। कुछ ग्रंथों का कहना है कि वह अपने भाईयों की हत्या करके गद्दी का अधिकारी बना। पर यह बात गलत है क्योंकि उसके कुछ भाई तो बाद में भी उसके साथ रहते थे। पर गद्दी पर बैठने के समय अशोक को कुछ संघर्षो का सामना अवश्य करना पड़ा था, क्योंकि वह 269 ई. पू. में गद्दी पर बैठा जबकि बिंदुसार की. मृत्यु 273 ई. पू. में हो चुकी थी। बीच के तीन - चार वर्ष संघर्ष के कारण ही अशोक का राज्याभिषेक नहीं हो पाया।

अशोक के गद्दी पर बैठने के बाद के सात वर्षों के संबंध में कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है। उसके राज्याभिषेक के आठवें वर्ष में अर्थात 262 ई. पू. में एक ऐसी घटना हुई जिसने अशोक के जीवन में एक महान परिवर्तन कर दिया। यह घटना थी कलिंग का युद्ध । अशोक ने भी अपने पिता तथा पितामह की भाँति दिग्विजय की नीति अपनाई थी। एक विशाल सेना लेकर अशोक ने कलिंग राज्य पर आक्रमण किया। आधुनिक उड़ीसा तथा गंजम के क्षेत्र को उस समय कलिंग कहा जाता था। कलिंग के राजा ने बड़ी वीरता से अशोक का सामना किया, पर अंत में उसकी पराजय हो गई। इस युद्ध में भयानक रक्तपात हुआ। 1,50,000 शत्रु बंदी हुये, 1,00,000 हताहत हुये, और` इससे कई गुना मर गये। स्पष्ट है कि इस युद्ध में कितना भीषण रक्तपात हुआ होगा। युद्ध के निर्मम रक्तपात से अशोक के हृदय को बहुत ठेस पहुँची और उसने निश्चय कर लिया कि भविष्य में वह कभी युद्ध नही करेगा। वह राज्य जीतने के बजाय लोगों का हृदय जीतेगा, और दिग्विजय करने के बजाय धर्मविजय करेगा। कलिंग का युद्ध अशोक के जीवन में एक बहुत बड़ा मोड था।

कलिंग युद्ध में जो बबार्दी हुई,इसके लिये अशोक अपनी साम्राज्य लिप्सा को ही उत्तरदायी मानता था। पर इतनी बबार्दी के कारण उसका हृदय द्रवित हो गया। इसी कारण उसकी प्रवृत्ति बौद्ध धर्म की ओर हो गई। इसी समय एक बौद्ध भिक्षु उपगुप्त से अशोक की भेंट हुई। उपगुप्त की बातें सुनकर अशोक पर और भी अधिक प्रभाव पड़ा। सम्राट अशोक ने एक लेख में स्वयं लिखा है कि दो वर्षों तक उसने केवल एक उपासक की भाँति जीवन बिताया और धर्म के कार्यों में अधिक उत्साह नहीं दिखाया। उसके बाद ही वह बौद्ध संघ में सम्मिलित हुआ। कुछ विद्वानों का मत है कि अशोक बौद्ध धर्म का अनुयायी नहीं था पर उन्हीं का मत यह भी है कि वह उत्साही बौद्ध था। अशोक ने स्वयं को बुद्ध, संघ तथा धर्म का भक्त कहा है। अशोक ने बौद्ध धर्म के तीर्थ स्थानों की यात्रा की। उसने यज्ञ व बलि को बंद करवाया तथा धर्म के प्रचारार्थ स्तूप व स्तम्भ बनवाये व धर्म की शिक्षाएं उन पर खुदवाई।

## विचार

# 'हे ईश्वर इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते यह क्या कर रहे हैं"

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

प्रतिवर्ष ईस्टर संडे से पहले वाले शुक्रवार के दिन गुड फ्राइडे मनाने का प्रचलन है। आपको बता दें कि गुड फ्राइडे के चालीस दिन पहले से उपवास रखने की प्रथा है। कुछ लोग केवल शुक्रवार को उपवास करते हैं। गुड फ्राइडे के दिन घर में सजावट की वस्तुओं को ढक दिया जाता है। इस दिन कालेपन कपड़े पहनकर चर्च में शोक मनाया जाता है। करीब दो हजार साल से पहले ईसा मसीह यरुशलम में रहकर मानवता के कल्याण के लिए भाईचारे, एकता और शांति के उपदेश देते थे। सभी लोगों ने उन्हें परमपिता परमेश्वर का दूत मानना शुरू कर दिया। इसी वजह ?से झूठे और पाखंडी धर्म गुरुओं ने ईसा मसीह के खिलाफ यहूदी शासकों के कान भरने शुरू कर दिए। फिर एक दिन उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाकर सूली पर चढ़ाए जाने का फरमान जारी कर दिया गया। इससे पहले उन्हें कांटों का ताज पहनाया गया। ईसा को सूली को कंधों पर उठाकर ले जाने के लिए विवश किया गया। आखिर में उन्हें बेरहमी से मारते हुए उन्हें कीलों से ठोकते हुए सूली पर लटका दिया गया। तब अपने आखिरी समय में यीशु मसीह ने ममार्हत? होकर कहा था । हे ईश्वर इन्हें माफ करना। क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं...। सूली पर लटकाने से पहले कांटों का ताज तक पहना दिया तो भी उनके मुख से सभी के लिए सिर्फ क्षमा और कल्याण के संदेश ही निकले। यह उनके क्षमा की शक्ति की अद्भुत मिसाल मानी गई। प्रभु यीशु के मुख से मृत्यु पूर्व ये मार्मिक शब्द निकले, 'हे ईश्वर इन्हें क्षमा करें, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं...'। ईसाई धर्म के लोग इस त्योहार को काले दिवस के रूप में मनाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन भगवान यीशु मसीह ने अपने प्राण त्यागे थे। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु ईशु के बलिदान को याद करते हैं। इस दिन को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे या ग्रेट फ्राइडे भी कहा जाता है। ये दिन ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद ही खास होता है। गुड फ्राइडे के अवसर पर लोग गिरिजाघरों में जाकर प्रार्थना करते हैं। इसके अलावा प्रभु ईशु की याद में उपवास किया जाता है। हर साल अक्सर अप्रैल के महीने में गुड फ्राइडे पड़ता है। इस वर्ष 2024 में यह मार्च के माह में पड़ रहा है। गुड फ्राइडे का ईसाई धर्म में काफी महत्व होता है। इस दिन को ईसाई धर्म के अनुयायी शोक दिवस के रूप में मनाते हैं। गिरजाघर में जाकर प्रभु यीशु को याद करते हैं और उनके दिखाएं गए मार्गपथ पर चलने का संकल्प लेते हैं। ऐसा माना जाता है कि यरूशलम प्रांत में ईसा मसीह लोगों के मानव जीवन के कल्याण के लिए उपदेश दे रहे थे। जिसे सुनने के बाद लोग उन्हें ईश्वर मानने लगे थे। लेकिन कुछ धर्मगुरु उनसे चिढ़ते थे और जलते थे। लेकिन ईसा मसीह ने लोगों के दिलों में अलग की जगह बना ली थी। अन्य धर्मगुरुओं द्वारा रोम के शास पिलातुस से शिकायत कर दी। कहां- यह अपने आप को ईश्वर पुत्र बता रहे हैं। शिकायत के बाद उन पर राजद्रोह का आरोप लगा दिया गया। उन्हें क्रूज पर मृत्युदंड देने का फरमान जारी किया। कीलों की मदद से उन्हें सूली पर चढ़ा दिया गया। इतिहास के मुताबिक उन्हें गोलागोथा नामक सूली पर चढ़ाया गया था और इसके बाद उनकी मृत्यु हो गई थी। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन भगवान यीशु मसीह ने अपने प्राण त्यागे थे। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु ईशु के बलिदान को याद करते हैं। इस दिन को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे या ग्रेट फ्राइडे भी कहा जाता है। ये दिन ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद ही खास होता है। गुड फ्राइडे के अवसर पर लोग गिरिजाघरों में जाकर प्रार्थना करते हैं।

गुड फ्राइडे के दिन ईसाई धर्म के लोग व्रत रखते हैं और गिरजाघरों में जाकर विशेष प्रार्थना करते हैं। इस दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता है, बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं। साथ ही लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर प्रभु यीशु का स्मरण करते हैं। गुड फ्राइडे के दिन ईसाई धर्म के लोग उपवास रखने के साथ ही प्रभु यीशु के उपदेशों का स्मरण करते हैं और उन्हें अपने जीवन में ढालने की कोशिश करते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## नुश्खे

# पैरों की त्वचा का रंग पड़ने लगा है काला तो अपनाएं घरेलू नुश्खे

**शहनाज हुसैन**

**बात जब** पैरों की खूबसूरती की हो तो ज्यादतर महिलाएं इसे नजर अंदाज कर देती हैं / पैरों की गन्दगी/कालेपन की बजह से हमें कई बार काफी शर्मिंदगी भी झेलनी पड़ती है / कई बार धूप में ज्यादा देर रहने की वजह से पैर काले हो जाते हैं। इसके अलावा ठीक से देखभाल न करने के कारण और गलत फुटवियर के कारण भी पैर काले होने की समस्या हो जाती है/ हालाँकि ज्यादातर महिलाएं सैलून में जाकर पेडीक्योर का सहारा लेती हैं लेकिन पैरों की खूबसूरती को कुछ घरेलु उपायों के माध्यम से भी निखारा जा सकता है /

पैरों की खूबसूरती निखारने के लिए संतरे का सहारा लिया जा सकता हैं /

**संतरा ------**

इसके लिए संतरे के छिलके को सूखा कर इसे मिक्सी में पीस कर पाउडर बना लें /इस पाउडर में कच्चा दूध मिला गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को पैरों पर रगड़ें या आप इस पेस्ट को पैरों पर लगा कर कुछ समय के लिए छोड़ दें और और कुछ देर बाद साफ पानी से धो डालें / इसे आप हफ्ते में तीन बार कर सकते हैं / इससे पैरों का कालापन दूर होने के साथ पैरों की चमक भी बढ़ेगी

**नींबू ------**

2 बड़े चम्मच नींबू का रस और गुलाब जल को एक कटोरे में मिक्स कर लें / इस मिश्रण को रात में सोने से पहले पैरों पर लगा लें और सुबह ताजे ठंडे पानी से धो डालिये और बाद में पैरों पर मॉइश्चराइजर लगा लें / पैरों पर इसका उपयोग करने के लिए एक नींबू को बीच से दो टुकड़ों में कांटे / इस नींबू में 2 से 4 दाने चीनी के भी ले सकते हैं।। अब इस नींबू को पैरों पर कुछ देर तक रगड़ें। ऐसा करने पैरों की स्क्रबिंग भी हो जाएगी। इससे पैरों के कालेपन को दूर करने में मदद मिलेगी। नींबू में विटामिन सी/ ब्लीचिंग एजेंट होने की वजह से यह पैरों की रंगत को निखारने में मदद करता हैं /

**3 ---एलोवेरा**

पैरों में कालेपन को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा , नमक ,पानी और एलोवेरा जेल को आधी बाल्टी पानी में मिलाएं और अब अपने पैरों को इस बाल्टी में कुछ देर तक रखें /इसके बाद आप बाल्टी में अपने पैरों को रगड़ें और बाद में बाहर निकाल कर साफ कर लें / अब पैरों को तौलिये से सूखा कर मॉइस्चराइजर का प्रयोग करें।

## सकारात्मकता को अपनाएं

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनियां में भारत त्योहारों के एक हब के रूप में अति प्रसिद्ध है, क्योंकि अनेकता में एकता का प्रतीक सर्वधर्म हिताय सर्वधर्म सुखाय और धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक भारत में दिनांक 24 और 25 मार्च 2024 को होलिका दहन और रंग पंचमी रंगों का त्योहार होली मनाई जा रही है। इस बार की होली सबसे खास इसलिए भी हो जाती है कि लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता लगी हुई है और होली का महोत्सव पर भी चुनाव आयोग की पैनी नजर जरूर रहेगी कि कौन राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है। परंतु मेरा मानना है कि इन रंगों के त्यौहार का दिन हर राजनीतिक, सामाजिक,धार्मिक स्तरपर पक्ष विपक्ष विरोधी, दुश्मन, दोस्त सबके दिल होली के दिन मिल जाते हैं। यहां तक कि दुश्मन भी गले मिल जाते हैं फिर तो बात ही कुछ और है!!होली के दिन सिर्फ रंग बरसते हैं इसलिए लोग दोस्ती, प्यार, मोहब्बत के लिए तरसते हैं।सब कुछ भूल कर शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ्य का को बढ़ावा देती है। चूंकि होली के दिन दिल खिल जाते हैं दुश्मन भी गले मिल जाते हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे होली बुराई पर सचाई की जीत, आपसी सौरहद्र बढ़ाना तथा पुरानी शिकायतों को भूलकर प्रेम क्षमां और सकारात्मक को अपनाने को प्रोत्साहन करती है।

साथियों बात अगर हम होली महोत्सव 24-25 मार्च 2024 की करें तो होली, भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख त्योहार है जो रंगों का उत्सव मनाने के लिए माना जाता है। यह त्योहार हिन्दू पंचांग के फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और भारत व अन्य कई देशों में धूमधाम से मनाया जाता है।

होली का महत्व रंगों की भरमार, खुशियों का प्रकटीकरण और बुराई पर अच्छाई की जीत को दशार्ने में है।, होली फाल्गुन मास की पूर्णिमा के अगले दिन मनाई जाती है, जब लोग गुलाल (सूखे रंग), फूल और पानी से होली खेलते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पहले दिन मंडियों में नहीं पहुंची सरसों

**गन्नौर। सरकार की और** से सरसों की खरीद का सीजन शुरू हो चुका है। सीजन के पहले दिन मंडी में सरसों की आवक ही नहीं हुई, लेकिन इस बीच मार्केट कमेटी प्रशासन ने सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां कर ली हैं। मार्केट कमेटी के सचिव दीपक सुहाग ने दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को जमीन की साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम करवाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विभाग सरसों की आवक के लिए पूरी तरह से तैयार है। नई अनाज मंडी में बिजली, पानी, शौचालयों व साफ-सफाई व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हैं।

### आम आदमी पार्टी रहा का जोरदार प्रदर्शन



**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अंबाला शहर** के वाटिका के नजदीक स्थित भाजपा कार्यलय के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जमकर प्रर्दशन किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को रिहा करने की मांग की । उन्होंने कहा कि भाजपा ने तानाशाही करते हुए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया । जिससे आम आदमी पार्टी कायंकर्ता बरदाश नही करेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में आम आदमी पार्टी द्वारा भाजपा मुख्यालय कार्यलयों के बाहर प्रर्दशन कर रहें है और मांग कर रहे है कि केजरीवाल को रिहा किया जाए। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज के विरोध में आम आदमी पार्टी आज प्रदेशभर में भाजपा कार्यालयों का घेराव कर प्रदर्शन कर रही है।

इसी कड़ी में अंबाला सिटी में भी आम आदमी पार्टी के नेता और वर्कर्स भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने पहले ही बैरिकेड्स लगा अअढ वर्कर्स को रोक लिया। यहां आप वर्कर्स ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अरविंद केजरीवाल को रिहा करने की मांग उठाई। सुरक्षा के लिहाज से ईडी दफ्तर पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। आप वर्कर्स ने भाजपा कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन।

### टाटा एआईए लाइफ ने प्रस्तुत किया टाटा एआईए राइजिंग इंडिया फंड

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए राइजिंग इंडिया फंड लॉन्च किया है। यह फंड भारत के विकास सफर में शामिल होने के लिए उपभोक्ताओं के लिए एक अनूठा अवसर खोलता है। न्यू फंड ऑफरिंग (एनएफओ) 31 मार्च, 2024 तक खुला रहेगा। एनएफओ अवधि के दौरान यूनिट्स को 10 रूपए प्रति यूनिट के एनएवी पर पेश किया जाएगा।

राइजिंग इंडिया फंड उन प्रमुख क्षेत्रों और कंपनियों में निवेश करेगा, जो आत्मनिर्भर भारत के सफर को आगे बढ़ा रहे हैं। इनमें बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, बैंकिंग, डिजिटल, रक्षा आदि शामिल हैं। यह फंड विभिन्न मार्केट कैप वाली कंपनियों में निवेश करेगा और सेक्टर अग्नोस्टिक होगा, जो फंड मैनेजर को भारत के विकास इंजन को चलाने वाले विविध अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा।

एनएफओ लॉन्च पर, टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) श्री हर्षद पाटील ने कहा, ह्लहाल के वर्षों में, भारत ने सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया भर में अपना प्रभाव प्रदर्शित किया है। हमारा यह नया फंड, उपभोक्ताओं को भारत के विकास के इस अद्भुत सफर में भाग लेने और इससे लाभ उठाने का अवसर प्रदान करना चाहता है। टाटा एआईए द्वारा प्रदान किए जाने वाले यूलिप फंड में निवेश करके हमारे उपभोक्ताओं को हमेशा भारतीय इक्विटी बाजार की दीर्घकालिक विकास क्षमता से लाभ हुआ है।

# 'बाल कल्याण में मिलने वाली सुविधाओं का अधिकारी रखे ख्याल'

## = संबंधित अधिकारी केंद्रों पर जाकर करें निरीक्षण,बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का रखें विशेष ख्याल





**कमाल हुसैन**
**पानीपतः जिला बाल** कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डॉक्टर पंकज ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बाल कल्याण को लेकर सभी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि बाल देख रेख केंद्रों पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि वहां पानी की सही व्यवस्था है, खाने की कोई परेशानी तो नहीं है। बच्चों के लिए बनाए गए शौचालय सही प्रकार से कार्य कर रहे हैं या नहीं। बिजली पानी की सही व्यवस्था है या नहीं। बच्चों की पढ़ाई ठीक चल रही है या नही। उनको जो सुविधाएं मिल रही है उनमें किसी तरह की कोताही नहीं बरतनी है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अधिकारी केंद्रों पर जाकर बच्चों से मिले ।उनकी जरूरत का विशेष ध्यान रखें। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए की वे बच्चों को योग करने की व्यवस्था की जाए । खेल के उपकरण वहां सही है या नहीं। समय-समय पर केंद्रों पर जाकर यह सुनिश्चित भी करें। उन्होंने हेल्थ विभाग के डॉक्टर को निर्देश दिए कि वह बच्चों की स्वास्थ्य संबंधित जांच का विशेष ध्यान रखें व उनकी खाने की गुणवत्ता की भी जांच करें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि बाल देखरेख केंद्र के अधीन शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की शिक्षा का स्तर क्या है। उनकी पढ़ाई में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। इस पर ध्यान केंद्रित करें व जहां-जहां स्कूलों में बच्चे शिक्षा का अध्ययन कर रहे हैं वहां जाकर उनसे बातचीत करें व उनका सहयोग करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी बच्चों से संबंधित समस्याओं के बारे में संवाद किया व कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य में एनजीओ को भी शामिल करने का सुझाव दिया। इस मौके पर जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह दहिया, समिति की चेयरपर्सन पदमा, जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार के अलावा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# 'सभी अपनी दुकानों या पैट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं'

## = गोष्ठी के दौरान एसपी ने कहा कि आप सबकी सुरक्षा की जिम्मेवारी पुलिस की है



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। आज सुबह** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन द्वारा अपने कार्यालय स्थित सभागार में सुरक्षा के मद्देनजर व्यापार मंडल करनाल, सराफा बाजार करनाल, पैट्रोल पंप एसोशिएसन करनाल, गन हाउस करनाल और केमिस्ट एसोशिएसन के प्रतिनिधियों के साथ किया गोष्ठी का आयोजन। गोष्ठी के दौरान एसपी ने कहा कि आप सबकी सुरक्षा की जिम्मेवारी पुलिस की है, लेकिन आप के सहयोग के बिना सुरक्षा को पुख्ता करने में सफलता हासिल करना पुलिस के लिए भी संभव नहीं है। उन्होंनें कहा कि आप सभी अपनी दुकानों या पैट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं और कैमरे अच्छी क्वालिटी के हों जिनमें नाईट विजन हो व उन कैमरों में अपने अंदर व बाहर का एरिया कवर करें। यदि संभव हो तो सराफ की दूकान व पैट्रोल पंपों पर सिक्योरिटी गार्ड अवश्य रखें और सभी से कहें कि रात के समय सुरक्षा हेतू कुछ दुकानदार इक्कठे होकर चौकीदार भी अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि अपनी दूकान, पैट्रोल पंप या अन्य कार्यस्थल पर सीसीटीवी इस प्रकार से लगाए की वे ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र को कवर करें और वहां आने जाने वाले हर व्यक्ति का विजन बिल्कुल क्लीयर हो। इन सब चीजों से पुलिस को अपना कार्य करने में काफी सहायता मिलती है। एसपी ने कहा कि रात के समय चोरी या अन्य किसी प्रकार की अपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए अपराधी व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाते हैं। इसलिए सभी यह सुनिश्चित करें कि आपके कार्यस्थल व उसके आसपास के क्षेत्र में प्रोपर लाईटींग हो, जिससे भी अपराधियों में भय का माहौल बना रहता है।

उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान अधिक मात्रा में कैश लेकर चलना नियमों का उल्लंघन है, यदि आप लोगों में से किसी को भी इस प्रकार से अपना कैश सिफ्ट करना है तो वे इससे पहले इस संबंध में संबंधित थाना में सूचना देकर, वहां से सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा करने से आचार संहिता के दौरान की गई नाकाबंदी पर आपको किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और सुरक्षित ढंग से आपका कैश भी सिफ्ट हो जाएगा।

### हलदाना बार्डर के निकट हुए सड़क हादसे गाड़ी चालक की मौत

**गन्नौरः जीटी रोड** पर हलदाना बार्डर के निकट हुए सड़क हादसे में एक गाड़ी चालक की मौत हो गई। गाड़ी चालक लुधियाना से माल लोड कर दिल्ली जा रहा था। इस दौरान आगे चल रही एक गाड़ी के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से हादसा हुआ। कंपनी के प्रबंधक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में पीतम पुरा दिल्ली के जगप्रीत सिंह ने बताया कि वह डीएस ट्रांस्पोर्ट कंपनी का प्रबंधक है। उनकी कंपनी में अमरदीप निवासी गायघाट जिला गोण्डा, यूपी बतौर गाड़ी चालक नौकरी करता है। 24 मार्च को अमरदीप अपनी गाड़ी में लुधियाना से माल लोड कर दिल्ली आ रहा था। ट्रक में विशाल निवासी छापिया, जिला गोण्डा यूपी बतौर हैल्पर मौजूद था। उन्हें सूचना मिली कि गाड़ी का हलदाना चौकी के पास जीटी रोड पर एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर वह मौके पर पहुंचा तो पता चला कि एक गाड़ी के चालक ने सड़क के बीच अपनी गाडी के आचनक ब्रेक लगा दिए। जिस कारण अमरदीप की गाड़ी पीछे से उसकी गाड़ी से जा टकराई। हादसे के बाद अमरदीप गाड़ी के कैबिन में फस गया था। जिसको पुलिस व राहगीरों की मदद से निकाल कर इलाज के लिए सोनीपत अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने अमरदीप को मृत घोषित कर दिया।

# विधायक विज ने निवास स्थान पर खेली भव्य होली



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः पानीपत** शहरी विधानसभा के विधायक प्रमोद विज ने अपने मॉडल टाउन निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया, विज के होली मिलन समारोह में भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ शहर के आम नागरिको एवं उद्योग जगत के व्यापरियों के साथ कई समाज सेवी संस्थाओं के प्रमुख,धार्मिक संस्थाओ के प्रमुखों ने विज के साथ रंगोत्सव मना कर शुभकामनाएं दीं कविज के निवास पर कई राजनीतिक हस्तियों ने भी होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया इस क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता नीति सेन भाटिया ,राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार ,भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, उपाध्यक्ष अनिल मदान, प्राण रत्नाकर, पूर्व मेयर अवनीत कौर, भाजपा नेता सुनील सोनी, रामकुमार सैनी, गजेंद्र सलूजा देवेन्द्र दत्ता समेत कई नेताओ ने शिरकत की

# श्री शिव मंदिर में होली पर किया रुद्राभिषेक

**कमाल हुसैन**
**पानीपत, कमाल हुसैन** इंदिरा विहार कालोनी वार्ड-2 ,नूरवाला में श्री शिव मंदिर में होली के उपलक्ष में रुद्राभिषेक किया गया। जिसे पंडित दीपक पांडे एवं अनुज शुक्ला द्वारा विधि विधान से करवाया। कॉलोनी वासियों ने भारी संख्या में रुद्राभिषेक में भाग लिया। रुद्राभिषेक के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संरक्षक विनोद पांचाल, प्रधान बनारसी दास बावा, महासचिव मोहन लाल ,कोषाध्यक्ष धर्मवीर खन्ना, उप प्रधान अमर सिंह पाल, रतन पाल, सूरजभान शर्मा ,दयानंद मित्तल, जगबीर आटा ,जय भगवान बबैल, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईसम कुमार पांचाल, विजेंद्र पांचाल, रविंद्र पांचाल, जितेंद्र पटवा, सुरेंद्र मोहन, प्रशांत, राजकुमार माजरी, सरदार बलदेव सिंह, नन्नू, सपना, रेखा रानी, विजय मैहता व तरूण आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

# गन्नौर में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया होली का त्यौहार



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः धुलेंडी का पर्व** सोमवार को उत्साह और उमंग के बीच मनाया गया। जगह-जगह खूब अबीर-गुलाल उड़े। युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह रहा। सुबह से रंग का जो दौर चला वह दोपहर तक जारी रहा। शाम को एक दूसरे को गुलाललगाकर गले मिले और होली की शुभ कामनाएं दी। इस दौरान लोगों ने पकवानों का भी आनंद उठाया। उधर, पुलिस प्रशासन ने त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के चौकस इंतजाम किए थे। सुबह 8 बजे से टोली में युवाओं के निकलने का क्रम शुरू हो गया था। रंग से सराबोर समूह में चल रहे युवा रास्ते में मिल रहे हर एक को रंगने में गुरेज नहीं कर रहे थे। कई जगहों पर ढोल-मजीरा बजाते हुए एवं होली गीतों पर लोगों ने ठुमके भी लगाए। इस दौरान अबीर-गुलाल की बौछार होती रही। छोटे बच्चे घर की छतों पर से आने-जाने वाले पर पिचकारी से रंग डाल रहे थे। सड़कों पर लोग डीजे लगा कर डांस करते नजर आए। दोपहर बाद तक रंग खेलने का सिलसिला जारी रहा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः आगामी** 11 मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दूसरी राष्ट्ढीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर में किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायधीश सुदेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस लोक अदालत में आपराधिक योगिक मामले, एनआई अधिनियम यू/एस 138, धन वसूली, एमएसीटी, मोटर वाहन दुर्घटना, वैवाहिक, श्रम, झगड़े, राजस्व, पानी बिल, सर्विस मेटर, वन अधिनियम जैसे सभी लेवल के पैंडिंग केसों का निपटारा किया जाएगा।

# मेयर ने कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर क्षेत्रवासियों को दी होली की शुभकामनायें

## निजी आवास पर युवा साथियों और बड़े बुजुर्गों के साथ मेयर निखिल मदान ने मनाया होली का त्योहार



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः नगर निगम** सोनीपत मेयर निखिल मदान ने सोमवार को सभी क्षेत्रवासियों को होली फाग की शुभकामनायें दी और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मेयर निखिल मदान ने कहा की होली का पर्व रंगों, भाईचारे और आपसी प्यार प्रेम का पर्व है। इसलिए हम सबको इस त्यौहार पर अपने सभी मतभेद भूलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में इस त्यौहार को मनाना चाहिए और केमिकल रहित सूखे रंगों से ही होली खेलनी चाहिए । होली के अवसर पर शंभु दयाल स्कूल में श्री श्याम बालाजी मंडल द्वारा श्री श्याम संकीर्तन एवं होली महोत्सव का आयोजन किया गया । जिसमें मेयर निखिल मदान ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया और वहाँ मौजूद सभी लोगों को होली की शुभकामनाएँ दी। साथ ही मेयर निखिल मदान ने खाटू श्याम बाबा को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने उनके बहालगढ़ रोड़ स्तिथ निजी आवास पर पार्टी कार्यकताओं और युवा साथियों से मुलाकात कर उनको गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान हरि कौशिक, आदित्य मित्तल, राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद बिन्नी भारद्वाज, पूर्व पार्षद डॉ राकेश नरवाल, भले राम जाँगड़ा ,बलराज वशिष्ठ,अनिल सैन,प्रेम रेलन, सौरभ सचदेवा,परवीन सिसोदिया, ओम बीर धनखड़, राजकुमार शर्मा,सुरेंद्र शर्मा,नरेश कंसल,आनंद कंसल,सौरभ शर्मा, हार्दिक, सतबीर,संजय रोहिल्ला, कुलदीप वत्स,नीरज शर्मा,धीरज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# आजादी के 100 वे साल तक भारत ग्लोबल फूड पावर हाउस के तौर पर उभरे: डॉ. सुरेश





**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय के प्रांगण में अनुसंधान निदेशालय द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (नई दिल्ली) द्वारा प्रायोजित हरियाणा के मध्य गंगा मैदान क्षेत्र में मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरणी संतुलन के सतत उपाय विषय को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला तथा 2 दिवसीय किसान संवाद एवम प्रदर्शनी का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में राज्य के विभिन्न जिलों से आए करीब 60 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएचयू के माननीय कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर अनुसंधान निदेशक डॉ. रमेश गोयल व कार्यशाला संयोजिका डॉ. बिमला ने किया।

कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग करने के लिए पर्यावरणीय संतुलन के लिए कई बातों पर ध्यान देने की जरुरत हैं। प्राकृतिक संसाधनों को किस प्रकार सुरक्षित रखें, इन सबके लिए जागरूकता लाने की जरुरत है। किसानों की आय बढ़े, फसलों पर लागत कम करें, प्राकृतिक संसाधनों का समुचति प्रयोग हो, गुणवत्ता में सुधार आए। कम पानी की जरुरत वाली फसलों का प्रयोग करें। इन सबके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की हरसंभव मदद में जुटी है। कुलपति ने बताया कि मिट्टी जांच का मॉडल हरियाणा से शरू हुआ, जिसे दूसरे कई राज्यों ने अपनाया। 2015 में प्रधानमंत्री ने मिट्टी जांच के लिए मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड की शुरूआत की, जिससे किसानों को अपने खेत की मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे में हर जानकारी हो। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर ही किसान भूमि की उपजाऊ शक्ति को कैसे बनाएं रखे, उपाय कर सकता है।उन्होंने कहा कि 2047 यानि आजादी के 100 साल बाद भारत कैसा होगा, इसी परिकल्पना की पीछे का उद्देश्य है कि ग्लोबल फूड पावर हाउस के तौर पर उभरे अर्थात भारत अपने साथ-साथ विश्व की भोजन की जरुरतों को पूरा करें और पूरी दुनिया भारत की ओर देखे।

**कार्यशाला किसानों के लिए वरदान साबित होगी**

उन्होंने कहा कि कार्यशाला किसानों के लिए वरदान साबित होगी, किसानों को आधुनिक युग में किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटे, मृदा की शक्ति कैसे बनाएं रखे, पर्यावरण के साथ संतुलन कैसे बनाएं और प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग किस प्रकार करें आदि सब बातें विशेषज्ञों द्वारा बताई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अब तक केवल मिट्टी की जांच की जाती रही है, लेकिन इससे आगे बढकर मिट्टी में सूक्ष्म जीवों की जांच भी की जाएगी, जिससे जांच के सार्थक परिणाम निकले।

# जीटी रोड पर ट्रैक्टर ट्रक से टकराया, एक किसान की मौत एक घायल



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः उत्तर प्रदेश** के मुरादाबाद से अपने साथियों के साथ आ रहे किसान का ट्रेक्टर सोमवार की अलसुबह ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक किसान की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। गांव सैंयाखेड़ा के रहने वाले राजीव, जोगेंद्र, गोपाल और अन्य साथी अपने गांव से मुरादाबाद ट्रेक्टर लेने के लिए गए थे। सोमवार की अल सुबह मुरादाबाद से केजीपी के रास्ते अपने गांव आ रहे थे। गोपाल व अन्य कार में कुंडली टोल के पास रुक गए। वहीं पीछे से ट्रेक्टर पर सवार राजीव और जोगेंद्र को पहुंचने में देरी हो गई। उनके साथी गोपाल ने फोन पर जानकारी लेनी चाही कि वे कहां तक पहुंचे हैं, लेकिन वहां उनका फोन केजीपी पर तैनात एंबुलेंस कर्मियों ने उठाया और उन्हें हादसे की सूचना दी। सूचना मिलने पर गोपाल अपने साथी को लेकर घटना स्थल पहुंचा, जिसके बाद राजीव और जोगेंद्र को घायल अवस्था में सोनीपत के निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने राजीव (40) उर्फ राजू को मृत घोषित कर दिया, जबकि जागेंद्र को प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने राजीव के शव को कब्जे में लिया पोस्टमार्टम करवाकर स्वजनों को सौंप दिया है। सैंयाखेड़ा में नहीं खेला गया फागलगभग 8 साल पहले राजीव के पिता प्रताप का भी निधन हो गया था।

# मोदी के विकसित भारत मिशन से प्रभावित होकर जॉइन की भाजपाः नवीन

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नवीन जिंदल को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा की सभी 10 सीटे जीतने का दावा किया

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सब को बराबर की सुरक्षा दी जाएगी**



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र के सेक्टर-13 में भाजपा के लोकसभा चुनावी कार्यालय भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी, शहरी निकाय मंत्री राज्य मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व राज्यमंत्री संदीप सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नवीन जिंदल को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा की सभी 10 सीटे जीतने का दावा किया। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सब को बराबर की सुरक्षा दी जाएगी। इसके बारे में कोई भी पत्राचार कर सुरक्षा बढ़वा सकता है। विपक्ष के भाजपा के पास प्रत्याशी नहीं पर बोले कि कांग्रेस के नेता खुद अंदर खाते चुनाव लड़ने से मना कर रहे है।प्रत्याशी नवीन जिंदल ने कहा कि मैं पिछले 10 साल से राजनीति से दूर रहा लेकिन फिर भी मेरे खून में राजनीति है। मैं नरेंद्र मोदी की नीतियों व विकसित भारत के सपने को देखकर ही भाजपा में शामिल हुआ हूं।

ओपी जिंदल भाजपा परिवार का हिस्सा रहे हैं। उन्हीं की गठबंधन सरकार में मंत्री भी रहे। उन्होंने कहा कि पहले की भांति ही जनता के प्यार और आशीर्वाद से कुरुक्षेत्र लोकसभा की सीट को भारी बहुमत से जीतेंगे और हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर कमल खिलेगा। नवीन जिंदल ने कहा कि तीसरी बार भारत की जनता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनेगी और और सन 2047 तक भारत पूर्णरूप से विश्व में अपना परचम फहराएगा।

# नियमों की उलंघना करने पर भारी वाहनों के किये चालान

**चालान**

**8 वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी**




**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 24 मार्च 2024 को 30 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 636 दिनों में 30,670 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 24 मार्च 2024 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 30 भारी वाहनों के चालान किए।

# मोटरसाईकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद

**शिकंजा**

**8 खातर वाडा मौहल्ला शाहबाद गिरफ्तार कर लिया व आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद की गई**



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शाहबाद की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में राहुल पुत्र पवन कुमार वासी खातर वाडा मौहल्ला शाहबाद को गिरफ्तार करके चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विमल जग्गा पुत्र काशीराम वासी शाहबाद ने शाहबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 24 मार्च 2024 को वह अपनी परिवार के साथ बाला देवी मंदिर लाडवा में माथा टेकने आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल को मंदिर के पास ताला लगाकर खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसको उसकी मोटरसाईकिल वहां नहीं मिली। जिसको कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार को सौंपी गई।

दिनांक 24 मार्च 2024 को थाना शाहबाद प्रभारी के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी राहुल पुत्र पवन कुमार वासी खातर वाडा मौहल्ला शाहबाद गिरफ्तार कर लिया व आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद की गई।

## मनोकामनापूर्ण श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया होली महोत्सव

**हिसार** : मनोकामनापूर्ण श्री श्याम मंदिर में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान भक्तों ने श्याम बाबा के भजन गाकर उनकी महिमा का गुणगान भी किया। इसके साथ-साथ भक्तों ने मस्ती में झूमते हुए खूब नृत्य भी किया। श्री श्याम जनता मंडल के तत्वावधान में आयोजित किए गए इस होली महोत्सव के दौरान श्री श्याम मंदिर परिसर जय श्री श्याम बाबा के उदघोष से गुंजायमान हो उठा।

श्री श्याम जनता मंडल के प्रधान सचिन गर्ग ने बताया कि हिसार में बस स्टैंड के नजदीक धोबी घाट के पास स्थित श्री श्याम मंदिर के प्रति लोगों की अगाध आस्था है। यहां पर समय-समय पर विभिन्न उत्सव व त्योहार पूरी श्रद्धा के साथ मनाए जाते हैं।

# बच्चों महिलाओं दिव्यांग और रुग्ण लोगों को भोजन पहुंचाया



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंद बच्चों महिलाओं दिव्यांग और रुग्ण लोगों को भोजन पहुँचाया जाता है। होली के पवन अवसर पर विशेष रूप से दाल चावल, खीर और रोटी बनाकर ईंट भट्ठे पर रहने वाले जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाई गई। इसके साथ साथ नागरिक अस्पताल और अन्य सुनिश्चित स्थानों पर परोसा गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद, रमेश और सीता भोजन लेकर भट्ठों पर पहुंचे और छोटे छोटे बच्चों के साथ साथ अन्य लोगों को भी भोजन वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रोटी बैंक पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में चलायमान है जिसमे पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र भौरियां का विशेष सहयोग प्राप्त है। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक बहुत सहयोग कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अनेक लोग रोटी बैंक से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र का एक सम्मान एवं मिलन समारोह 31 मार्च दिन रविवार को पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सांय 3 बजे होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर संपन्न



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** संत आशाराम आश्रम, गांव डाढोला में तीन दिवसीय (23 से 25 मार्च) विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। इस आवासीय शिविर में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से आए भारी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर का संचालन विशेष रूप से अहमदाबाद से आए श्री वर्धा भाई व उनकी टीम ने किया। शिविर में विद्यार्थियों को शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के सूत्र बताए गए। विभिन्न खेलों एवं प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की दिनचर्या प्रातः 5:00 से प्रारंभ हो जाती थी। प्राणायाम, ध्यान, संध्या आदि की विशेषता पर जोर देते हुए जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर होने के लिए संत आशाराम बापू के दिव्य प्रवचनों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया गया। आश्रम के शुद्ध, पवित्र और हरे-भरे वातावरण का विद्यार्थियों ने पूर्ण रूप से आनंद लिया। शिविर के अंतिम दिवस 25 मार्च को प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। होली का त्यौहार भी बहुत धूमधाम से वैदिक परंपरा से मनाया गया। जिसमें भारी संख्या में साधकों एवं विद्यार्थियों ने पलाश के फूलों से होली खेली। इस अवसर पर मुख्य रूप से आश्रम सेवा मंडल के प्रधान सुभाष मलिक, अशोक मिगलानी तथा उनके सहयोगी वेद प्रकाश, राजकुमार, दिनेश कुमार, रमेश गोयल, संतोष कुमार, शकुंतला बहन, दर्शना बहन, संजना बहन कमलेश चुग, आकांछा आदि अनेक सेवादार उपस्थित रहे।

### जेएमसी निशुल्क प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, फ्री पढ़ाई के लिए दाखिला शुरू

**हिसारः** विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा एवं पढ़ाई के समुचित संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर ने निशुल्क प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। नौवीं, दसवीं व बारहवीं कक्षा में निशुल्क शिक्षा प्राप्त के करने के इच्छुक विद्यार्थियों की हाल ही में दो चरणों में परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के आधार पर चयनित विद्यार्थी जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर में 28 मार्च तक निशुल्क पढ़ाई के लिए दाखिला करवा सकते हैं। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने बताया कि शिक्षा व सामाजिक सरोकारों से जुड़े सभी सेवा कार्य नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रसाद जैन की रचनात्मक सोच के चलते संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित प्रवेश परीक्षा में सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। ये विद्यार्थी अपने आधार कार्ड, अपने माता-पिता का आधार कार्ड व तीन पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ 28 मार्च तक दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला के पास स्थापित जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर पूरी तरह शिक्षण कार्यों के प्रति समर्पित है। इस सेंटर में बच्चों को अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा निशुल्क पढ़ाया जाता है। इतना ही नहीं बच्चों को समय-समय पर स्टेशनरी आदि भी फ्री उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में लाइब्रेरी की स्थापना, शेड का निर्माण, टॉयलेट का निर्माण व वाटर कूलर की स्थापना में भी जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर का विशेष योगदान है।

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के नेता लिए उधारः मधुसूदन



**साधा निशाना**

**8 भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा के लिए जिन 10 उम्मीदवारों की सूची जारी की है उनमें 7 सीटों पर कांग्रेस के नेता**

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा लोकसभा के लिए जिन 10 उम्मीदवारों की सूची जारी की है उनमें 7 सीटों पर कांग्रेस के नेता चुनाव में खिलाड़ी होंगे। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए अपना नेता ही नही है ऐसे में भारतीय जनता पार्टी कैसे सरकार बनाएगी? बवेजा ने दावा किया कि देश व प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर जनहित के कार्य होंगे। नौजवानों को रोजगार, महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा, किसानों को फसलों पर एमएसपी, मजदूरों को मजदूरी, बच्चों को शिक्षा मिलेगी। बवेजा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने देश में लूट-खसूट, दंगा, फसाद और भाईचारा खत्म किया है। आज देश में चारों तरफ हाहाकार है। नफरत और डर का माहौल बना हुआ है। कोई भी सुरक्षित नहीं है।

# बुराई को छोड़ना ही होली पर्व का मुख्य उद्देश्य : बी.के. सरोज दीदी

### होली महोत्सव स्नेह मिलन समारोह के रूप में अलौकिक होली फूलों के साथ खेल कर मनाई गई




**शिविर**

**8 होली पर सभी छोटे बड़े को भूल कर आपस में एक दूसरे को समान समझ मस्ती में खेलते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्रः** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र पर होली महोत्सव स्नेह मिलन समारोह के रूप में अलौकिक होली फूलों के साथ खेल कर मनाई गई। इस दौरान सभी ने एक दूसरे पर फूलों की वर्षा की और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु प्रेम के गीत के साथ हुआ। इस दौरान केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने सभी बहन भाईयों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली का आध्यात्मिक रहस्य बताया। उन्होंने कहा कि होली पर सभी छोटे बड़े को भूल कर आपस में एक दूसरे को समान समझ मस्ती में खेलते हैं, दुश्मनी के संस्कार भूल जाते हैं और गले मिलते हैं। उन्होंने होली शब्द के तीन अर्थ बताते हुए स्पष्ट किया कि होली अर्थात पवित्र बनना, होली अर्थात बीती बातें हो ली और होली अर्थात मैं आत्मा परमात्मा की हो ली। सरोज दीदी ने कहा कि पुरानी बातें भूल कर आज हम प्यार और सम्मान का रंग एक दूसरे को लगाएं। होली केवल आज ही नहीं, बल्कि हर रोज मनाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम काम, क्रोध, मोह, लोभ और अहंकार पर हम विजय प्राप्त करेंगे, तो जीवन हॉलिएस्ट, हाईएस्ट और रिचेस्ट बन जाएगा। इस पावन पर्व पर उन्होंने संदेश दिया कि अपनी अशुद्धि, कमजोरी और बुराई को भस्म करो, तभी अतिंद्रिय सुख का अनुभव होगा। बीके आरती और पूनम ने प्रभु स्मृति में गीत गाकर सीख दी कि दिल से प्रभु को याद करेंगे और उससे अपना रिश्ता निभाएंगे, तो सारे झमेले मिट जाएंगे और पल में सब समस्याएं समाप्त हो जाएगी। कार्यक्रम को रंगीन बनाने के लिए क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें ब्रह्माकुमारी संस्था की यज्ञ हिस्ट्री, होली का आध्यात्मिक रहस्य आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछ कर सभी को उमंग उत्साहित किया। होली पर्व मनाने आए सभी बहन भाईयों को बीके बहनों द्वारा तिलक लगा कर,

पुष्प वर्षा कर और ईश्वरीय प्रसाद देकर आत्मिक स्वरूप की याद दिलाई। कार्यक्रम के समापन पर सभी बहन भाईयों ने होली के मधुर गीतों पर नृत्य करके अपनी प्रसन्नता प्रकट की।

# 'लोकतंत्र के पर्व में मतदाता अपने मताधिकार का अवश्य करें'



**अपील**

**8 मतदाता पहचान पत्र के अलावा 11 वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं नागरिक**

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना योगदान अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक जिम्मेवारी भी है।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं।उन्होंने बताया कि हरियाणा के मतदाता सीईओ हरियाणा की वेबसाइट सीईओहरियाणा.जीओवी.इन पर अपने वोट की जानकारी त्वरित गति व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

इसकी सहायता से वोटर अपना एपिक नंबर डाल कर बड़ी आसानी से अपना वोट चेक कर सकते हैं। यदि कोई अपना एपिक नंबर भूल गया है तो भी वह अपना नाम व पिता-पति आदि का नाम भरकर अपना वोट चेक कर सकता है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर विधानसभा अनुसार भी मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर सकता है। इसके अलावा, वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपना वोट चैक कर सकते हैं।

# कार में अवैध शराब बेचते तस्कर गिरफ्तार, 36 बोतल अवैध देसी व अंग्रेजी शराब बरामद



**सफलता**

**8 उनकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गांव बुआना लाखु में अड्डा पर मौजूद थी**

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** थाना इसराना पुलिस ने गांव बुआना लाखु में पुठर मोड़ पर आई-10 कार में अवैध रूप से शराब बेच रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। कार से 36 बोतल अवैध देसी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुखबीर निवासी बुआना लाखु के रूप में हुई। थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि उनकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गांव बुआना लाखु में अड्डा पर मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की गांव बुआना लाखु में पुगथला रोड पुठर मोड़ पर एक युवक चिकन कॉर्नर दुकान के पीछे खाली जगह में आई-10 कार खड़ी कर अवैध रूप से शराब बेच रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर शराब बेच रहे युवक को काबू कर कार से 12 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब मार्का रायल स्टेग व 24 बोतल देसी शराब मार्का संतरा बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान सुखबीर पुत्र खेमचंद निवासी बुआना लाखु के रूप में बताई। इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि बरामद अवैध शराब व कार को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना इसराना में एक्साइज एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# कांग्रेस के पास भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी ही नहीं: नायब सैनी

**टीम एक्श इंडिया**
**चंडीगढ़: कैथल में अपने** अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी जैसा ताकतवर व्यक्तित्व ही ले सकता है। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा भी मोदी ही कर सकते हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी निशाने पर लिया। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी ही नहीं है। भ्रष्टाचार के मामले में तो आम आदमी पार्टी कांग्रेस से भी चार कदम आगे



निकल गई है। आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए भ्रष्टाचार पर तंज कसते हुए नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार किया है तो ईडी सवाल तो पूछेगी ही। मंगलवार को कैथल में मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा के कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल के स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में नवीन जिंदल का हाथ पकड़कर ऊपर उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उपस्थित जनसमूह से नवीन जिंदल को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया। यहां पहुंचने पर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा और जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल का स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घमंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को घेरते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को क्षेत्र के भूगोल और हाव-भाव का ज्ञान तक नहीं है, ऐसा व्यक्ति जनता का भला नहीं कर सकता। इससे आगे बढ़ते हुए नायब सैनी ने गठबंधन प्रत्याशी पर तंज कसते हुए कहा कि जो व्यक्ति राज्यसभा में नहीं गया और ना ही लोगों की आवाज उठाई ऐसा व्यक्ति क्षेत्र का विकास नहीं करा सकता। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए शराब घोटाला पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले बहाने बनाकर जांच से नहीं बच सकते। जब गलत किया है तो जेल में जाना ही होगा। नायब सैनी ने कहा कि अपने आपको कट्टर ईमानदार कहने वाले नेता अब जेल में हैं। नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार का असर देश की जनता पर पड़ता है। जो पैसा विकास के काम में लगना चाहिए था वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ के सहारे ही सत्ता के सपने संजो रही है, लेकिन जनता कांग्रेस के झूठ और भ्रष्टाचार पर टिके सपनों को साकार नहीं होने देगी।

# लोकसभा प्रत्याशी को खुलवाना होगा अलग बैंक खाता: उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 18वां लोकसभा आम चुनाव लडे वाले उम्मीदवार को नामांकन से पहले एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकेगा। चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव लडे वाले उम्मीदवार लेन देन चैक, ड्राफ्ट एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक मोड यानि आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे। यदि चुनाव की पूरी प्रक्रिया के दौरान व्यय की किसी



भी मद के लिए उम्मीदवार द्वारा किसी व्यक्ति या संस्था को देय राशि 10 हजार रुपए से अधिक नहीं है, तो ऐसा व्यय उक्त बैंक खाते से निकालकर नकद में किया जा सकता है।
उन्होंने बताया कि एलडीएम के

**चुनावी खर्च**


**8 नामांकन-पत्र जमा किया जाएगा उसके साथ ही उसके चुनावी खर्च शुरू हो जाएगाा**

माध्यम से सभी बैंको को निर्देश दिए जा चुके है कि उम्मीदवारों के लिए अलग खाता खोलने के लिए प्रत्येक बैंक में उचित व्यवस्थाएं की जाए। जैसे ही चुनाव लडे वाले उम्मीदवार द्वारा नामांकन-पत्र जमा किया जाएगा उसके साथ ही उसके चुनावी खर्च शुरू हो जाएगा, जिस पर निगरानी के लिए टीम का गठन किया जा चुका है।

## न्यूज फ्लैश

### ड्यूरोप्लाई ने अपने स्किल पार्टनर्स के साथ होली मिलन समारोह मनाया

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख और सबसे अनुभवी प्लाईवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाई ने रंगों के त्योहार होली का जश्न मनाने के लिए अपने स्किल पार्टनर्स के साथ होली मिलन का उत्सव मनाया। होली मिलन के माध्यम से ड्यूरोप्लाई ने अपने स्किल पार्टनर्स का



आभार व्यक्त किया। ड्यूरोप्लाई स्किल पार्टनर्स (ठेकेदार और बढ़ई) उपभोक्ताओं को ब्रांडेड प्लाईवुड की अहमियत समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ड्यूरोप्लाई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री अखिलेश चितलांगिया ने कहा, ह्लड्यूरोप्लाई में हमारा मिशन भारतीयों के घरों के इंटीरियर्स को सालों साल चलने वाले बेहतरीन और गुणवत्तापूर्ण प्लाईवुड से सजाना है । हमारे स्किल पार्टनर्स हमारे साथ इस प्रतिबद्धता को साझा करते हैं इसलिए वह कंपनी से दशकों से जुड़े हुए हैं। घरों की बेहतरीन सजावट उनमें रहने वाले लोगों के लिए खुशी की बहार लाती है, इसलिए हम अपने स्किल पार्टनर्स के प्रति आभार जताने के लिए होली के त्यौहार को चुनते हैं क्योंकि ब्रांडेड प्लाईवुड के स्थायी लाभ को समझाकर वह प्रतीकात्मक रूप से परिवार को खुशियों की सौगात देते हैं। इस अटूट बंधन का जश्न मनाने के लिए हम भारत में अपने स्किल पार्टनर्स के पास व्यक्तिगत रूप से जाते हैं। होली त्यौहार हमें मिल-जुलकर रहने और वसंत ऋतु के रंगों का स्वागत करने का पैगाम देता है। ड्यूरोप्लाई स्किल पार्टनर्स यह सुनिश्चित करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं कि उपभोक्ता सही प्लाईवुड ही खरीदें। ड्यूरोप्लाई के देश भर में 12 हजार से ज्यादा समर्पित स्किल पार्टनर्स है, जो ड्यूरोप्लाई के साथ सभी घरों में ब्रांडेड प्लाईवुड के इस्तेमाल के संबंध में उपभोक्ताओं को शिक्षित करने का लक्ष्य साझा करते हैं। ड्यूरोप्लाई घरों की सजावट के लिए उपभोक्ताओं को प्लाईवुड और विनीयर की सजावटी नक्काशी के सोल्यूशन प्रदान करने के अपने मिशन में सबसे आगे हैं, जिससे स्थायित्व बढ़ता है और देश भर में इंटीरियर डेकोरेशन का लेवल बढ़ता है। अब जब हमारा देश त्योहार के उल्लास में डूबा है और भविष्य में समृद्धि की राह देख रहा है तो ऐसे समय में ड्यूरोप्लाई गुणवत्ता, स्थायित्व और भागीदारी के मुख्य सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। होली मिलन समारोह इन सिद्धांतों के प्रति कंपनी के समर्पण पर जोर देते हुए स्किल पार्टनर्स के प्रति आभार जताता है। इन पार्टनर्स की अटूट प्रतिबद्धता ने ड्यूरोप्लाई की सफल यात्रा को निश्चित आकार दिया है। इसी तरह की पहलों के साथ ड्यूरोप्लाई ने अपने स्टेकहोल्डर्स का मनोबल बढ़ाना और उनके हितों को प्राथमिकता देना बरकरार रखा है। ड्यूरोप्लाई ने एक ऐसी टीम की पहचान की है, जो ब्रांड के समान मूल्यों को साझा करती हैं।

### भारती हेक्साकॉम लिमिटेड का आईपीओ 03 अप्रैल को खुलेगा

**नोएडा।** भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ("भारती हेक्साकॉम" या "कंपनी"), बुधवार, 03 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के संबंध में अपनी बोली/पेशकश खोलेगी। गौरतलब है कि रु 5 के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के कुल ऑफर आकार में जिसमें टेलीकॉम कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड ("सेलिंग शेयरहोल्डर") द्वारा 75,000,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री पेशकश ("ऑफर फॉर सेल") शामिल है।
एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024 होगी। बोली/प्रस्ताव शुक्रवार, 05 अप्रैल, 2024 को बंद होगी।
पेशकश का मूल्य दायरा रु 542 से रु 570 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 26 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 26 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। ाा 75,000,000 इक्विटी शेयरों तक के ऑफर फॉर सेल को पूरा करना; और (( ) स्टॉक एक्सचेंजों पर इक्विटी शेयरों को सूचीबद्ध करने के लाभ प्राप्त करना। ("पेशकश के उद्देश्य") ये इक्विटी शेयर रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, दिल्ली तथा हरियाणा के पास दायर 22 मार्च, 2024 के कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("आरएचपी") के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं और इन्हें बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") में सूचीबद्ध (लिस्ट) करने का प्रस्ताव है।

# घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान: समालखा पहुँचे चाणक्य

**समालखा( कुलदीप सिंह )**
**कांग्रेस पार्टी के घर**-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत करनाल लोकसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा के लड़के चाणक्य पंडित नेशनल हाइवे के नजदीक वार्ड -4 में स्थित आर बी इलेक्ट्रॉनिक पर एक जनसभा को संबोधित करने पहुँचे। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक संजय शर्मा ने अपने साथियों व कार्यकताओं के साथ मिलकर चाणक्य शर्मा का भव्य स्वागत किया। पंडित चाणक्य शर्मा ने अभियान के तहत चाणक्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पहले हाथ से हाथ जोड़ो सफल अभियान के बाद अब घर-घर कांग्रेस, हर घर



कांग्रेस चलाया है। इससे हम पार्टी के कांग्रेस शासन के काम को और जन कल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा हरियाणा अब बीजेपी की झूठी राजनीति को जान चुके है जिस कारण कांग्रेस शासन के इंतजार में है और यदि आप सब साथ हैं तो हम करनाल लोकसभा सहित हरियाणा की 10 की 10 सीटें पूरी मजबूती के साथ जीत हासिल करेंगे। क्योंकि बीजेपी सरकार ने करनाल लोकसभा से ऐसे उम्मीदवार को उतारा है जिसको चंडीगढ़ से भी रिजेक्ट किया जा चुका है। जो घमंड और सत्ता के नशे में चूर हरियाणा की जनता के साथ विश्वासघात व नजर अंदाज किया है। हरियाणा की जनता ने जब इस प्रतिनिधि से नौकरी मांगी तो उसे चांद पर भेजने की बात कही , विकास की बात की तो पार्टी विरोधी होने बाबत अहंकार दिखाया। उन्होंने कहा कि चूंकि भाजपा सरकार ने हरियाणा में करीब 10 साल पूरे कर लिए हैं।अब समय आ गया है कि इसके प्रदर्शन और उपलब्धियों की तुलना पिछली कांग्रेस सरकार से की जाए। पंडित चाणक्य शर्मा ने आरोप लगाया। दोनों सरकारों के प्रदर्शन की तुलना करने पर लोगों को पता चलेगा कि भाजपा सरकार के दौरान कर्ज पांच गुना, महंगाई चार गुना, बेरोजगारी तीन गुना और अपराध दो गुना बढ़ गया है।

# योग कक्षा में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया होली पर्व



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा संचालित श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर 14 के प्रांगण में चलने वाली योग कक्षा में होली का पर्व धूमधाम और उल्लास से मनाया गया।
योग प्रमुख दिनेश गुलाटी ने देश की सभ्यता और संस्कृति में विशेष महत्व वाले इस त्यौहार पर सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सभी सदस्यों ने सौहार्द और भाईचारे के इस पर्व पर फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी।

# आदित्यवाहिनी-आनन्दवाहिनी का होगा दो दिवसीय सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: अनन्तश्री** विभूषित ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज द्वारा जुलाई 2021 में भारत के साढ़े तीन वर्षों में हिन्दूराष्ट्र होने की जो उद्घोषणा की गई थी उसमें अभी केवल ग्यारह माह ही शेष हैं। प्रेमचंद झा (राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य वाहिनी) एवं आदरणीय अश्वनी मालिक (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, पीठ परिषद) की अध्यक्षता में इस विषय पर शनिवार दिनांक 23 मार्च 2024 को एक ऑनलाइन सङ्गोष्ठी का आयोजन किया गया ।



हरियाणा प्रांत में भारत को हिन्दूराष्ट्र बनाने कि प्रकिया को गति प्रदान कराने हेतु आगामी समय में आदित्यवाहिनी-आनन्दवाहिनी का दो दिवसीय सम्मेलन का स्थान पंचकुला/ चण्डीगढ़ निश्चित करने के लिए उपस्थित सदस्यों ने सुझाव दिया और साथ ही में शोभायात्रा भी निकाली जाए ऐसा निश्चित हुआ।

# इस बार भी मोहित और रविंद्र ढल की जोड़ी रही विजेता

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल** एग्रीकल्चर इम्प्लेमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (काइमा) द्वारा आयोजित दो दिवसीय पाँचवा बैडमिंटन टूनामैंट आमरव स्पोर्ट्स अकेडमी में आज समापन हुआ। इसमें मोहित और रविंद्र ढल की जोड़ी विजेता रही। इस टूनामैंट में तीस से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया। काइमा के प्रधान रविंद्र ढल ने बताया कि पिछले पांच साल से वैडमिंटन टूनामैंट आयोजित करवा रहे हैं। फाइनल में बीस प्लस वर्ग में प्रथम उदित शर्मा और क्षितिज अग्रवाल, दूसरा पुरस्कार मनदीप



सिंह और संयम बब्बर, तीसरा पुरस्कार जपजीत सिंह और चैतन्य महतानी को मिला। चालीस प्लस वर्ग में रूरविंद्र ढल और मोहित ढल की जोडी ने प्रथम, अमित चावला और अंकित चावला की जोड़ी ने दूसरा, दीपक सचदेवा और दिनेश सचदेवा की जोड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीस प्लस और चालीस प्लस वर्ग में अंकित चावला और संयम बब्बर ने प्रथम, दूसरा स्थान मोहित ढल और साहिल बुधिराजा ने और तीसरा स्थान दीपक सचदेवा और उदित शर्मा की जोड़ी ने हासिल किया। इसमें अनीता गाबा और पूनम बब्बर रेफरी रहे। दीपक सचदेवा, मनीष गाबा, रजिंदर भल्ला, मुनीश बब्बर, अंकित चावला और साहिल बुधिराजा ने पूरे टूर्नामेंट का संचालन किया।

# फैक्टरी कर्मी पर हमला कर हजारों रुपये की राशि लूटी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली थाना** क्षेत्र में फैक्टरी कर्मी पर हमला कर हजारों रुपये की नकदी लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल कर्मी ने पुलिस को शिकायत देकर तीन बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। एक आरोपित को पीड़ित ने पहचान लिा। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नगला कासगंज उत्तरप्रदेश निवासी देवेंद्र ने बताया कि वह फिलहाल दादा भैया मंदिर के पास कुंडली में किराए पर रहते है।

# मोबाईल एप पर मतदाता व उम्मीदवार घर बैठे पा सकते हैं चुनाव संबंधित नवीनतम जानकारी : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 साल का कोई भी युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा एप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ एप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है।

# रजिस्ट्रेशन के बाद भी नहीं खरीदी गई सरसों

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: प्रदेश सरकार की तरफ** से सरसों की सरकारी खरीद को शुरू कर दिया है, लेकिन मंडियों में फसल का रजिस्ट्रेशन होने के बावजूद फसल को नहीं खरीदा गया। गांव-देहात से फसल को लेकर सोनीपत नई अनाज मंडी में पहुंचे किसानों के हाथ निराशा लगी। किसानों को सरकारी खरीद पर फसल बेचने के लिए पटवारी से वैरिफाई करना अनिवार्य होना बताया जा रहा है। जिसके चलते किसान कम दामों पर निजी आढ़तियों को फसल को बेचने पर मजबूर है, किसानों के सामने फसल बेचने में नमी की मात्रा बाधा बन रही है। जिसके चलते किसानों में नाराजगी दिखाई दे रही है। वहीं कमेटी सचिव की तरफ से मंडी में सफाई व्यवस्था व पीने के पानी को किसानों के लिए उपलब्ध करवाने की बात कही जा रही है। बता दें कि प्रदेश सरकार की तरफ से २६ मार्च से सरसों की फसल को सरकारी खरीद पर खरीदने की घोषणा की थी। सरकारी आदेश होने के बाद किसान अपनी फसल को लेकर शहर के सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर स्थित नई अनाज मंडी में पहुंचे। जहां किसानों को निराशा हाथ लगी। मंडी में पहुंचे गांव लहराडा़ निवासी किसान ने बताया कि उसने करीब छह एकड़ में सरसों की फसल उगा रखी है।

# त्योहार खुशियों के साथ समरसता का देते हैं संदेश : शम्मी बंसल

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। वैश्य भवन** चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सैक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन के प्रागंण मे हर वर्ष की भांति विराट होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। फू लों की बरसात की गयी, गुलाल व चंदन का टीका लगाया व गले मिलकर सौहार्द की अनुकरणीय अनुभूति की गई। अपने सम्बोधन में ट्रस्ट के प्रधान शम्मी बंसल ने उपस्थित समस्त सदस्यगण को व उनके परिवारजनों को होली की शुभकामनाएं दी व



समाज और राष्ट्र की चहुंमुखी उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार हमें खुशियां देते हैं। उपस्थितजनों ने गुजिया, लस्सी, मिष्ठान व गीत संगीत का आनंद लिया। मिलन समारोह में सर्वश्री ब्रज गर्ग, डॉ पीके जैन, देसराज गुप्ता, डा. पीसी गुप्ता, रतन लाल बंसल, हेमराज मित्तल, प्रवीण बंसल, ओपी गर्ग, जगमाल गुप्ता, रवींद्र अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, विनोद गुप्ता, दीपक गुप्ता, भूषण गोयल, रतन जैन, पंकज मणि गोयल, प्रमोद सिंगला, कमल गुप्ता, राजेश गोयल आदि उपस्थित रहे।

# दो भाइयों ने पड़ोसी की चाकू से हमला कर बेरहमी से की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:**
**राई थाना क्षेत्र के गांव** जठेड़ी में मां को थप्पड़ मारने की रंजिश में दो भाइयों ने पड़ोसी युवक की चाकू से हमला कर बेरहमी से हत्या दी। आरोपी युवक को उसके कमरे से बाहर खींचकर गली में लाए और गले व पेट में चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। परिजनों को मामले का पता लगा तो मौके पर पहुंचकर राई थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद राई थाना प्रभारी व उनकी टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। मृतक युवक का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। वह राई थाना हिस्ट्रीशीटर था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित तुषार उर्फ अंकित व रितिक निवासी जठेड़ी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेज भेज दिया। गांव जठेड़ी निवासी समुंद्र ने बताया कि वह रेलवे में ग्रुप डी में कार्यरत हैं। वह गांव के अंदर अपने घर में मां कमलेश के साथ रहते हैं। पिता का निधन हो चुका है। उनका बड़ा भाई जितेंद्र उर्फ मोनू (३९) अविवाहित था और गांव में अशोक की कॉलोनी के साथ वाले मकान में रहता था।

# दुकानदार को लगाया 85 लाख का चूना

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कस्बा** असंध में सबमर्सिबल की होलसेल की दुकान में नौकर ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर करीब 85 लाख के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की घटना को अंजाम एक दिन में नहीं, बल्कि बीते डेढ़ वर्ष में दिया गया। नौकर ने इतनी सफाई से चोरी की घटना को अंजाम दिलवाया कि मालिक को भनक तक नहीं लगी। लेकिन जब एक साथ 70 से 75 हजार का सामान गायब हुआ तो सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए और उसके बाद चोरी की परतें खुलती चली गई। पीड़ित ने अपने नौकर व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया। असंध थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पोपडा निवासी सुल्तान सिंह की असंध के करनाल रोड पर चौधरी ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। जहां पर वह सबमर्सिबल का सामान होलसेल पर बेचता है। सुल्तान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी दुकान पर असंध का ही श्याम लाल बीते दो वर्ष से नौकरी करता है। आरोप है कि उसके नौकर ने पड़ोसी दुकानदार से मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पिछले 14 से 15 महीनों से लगातार सबमर्सिबल मोटर, केबल वायर, कॉपर वायर, पीसीसी पाइप, स्टार्टर चोरी हो रहे थे। दुकान व गोदाम पर करीब एक करोड़ रुपए का सामान हमेशा भरा रहता है। पीडित ने बताया है कि उसने इस गायब होते सामान के बारे में नौकर से भी पूछताछ की तो उसने हर बार बच्चों की झूठी कसमें खाई और बचने का प्रयास किया। पीडित ने बताया है कि उसने अपने नौकर पर निगरानी रखनी शुरू की, क्योंकि उसे उस पर शक हो चुका था। सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो 20 मार्च, 21 मार्च व 23 मार्च को हर रोज 70 से 75 हजार रुपए का माल चोरी करते पाया गया। आरोपियों ने 18 और 19 मार्च को भी चोरी के इरादे से गोदाम में एंट्री की थी, लेकिन वहां पर पड़ोसी मौजूद होने के कारण वे ऐसा नहीं कर सके। इन लोगों ने 15 से 18 महीने में 80 से 90 लाख रुपए का सामान चोरी किया है।

# होली के रंग में रंगी लाल बाग पुनर्विकास मोहल्ला समिति






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड स्थित लाल बाग पुनर्विकास मोहल्ला समिति की ओर से होली का रंगारंग कार्यक्रम का तीसरी बार भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लाल बाग स्थित रामलीला पार्क में किया गया है, कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व श्री जुगल किशोरी बांके बिहारी व राधा रानी की पूर्जा अर्चना समिति के सदस्य विक्रम सिंह द्वारा करके की गई।

**जुगल किशोरी संग खेली गई पुष्प होली:** इस दौरान क्षेत्र के कई संगठनों के बच्चों ने लोक नृत्य कर दर्शको को अपनी और आकर्षित किया। तो वहीं राधा कृष्ण संग फूलो की होली व झांकी ने लोगों का मन मोह लिया।

**कई गणमान्यों ने जुगल किशोरी जोड़ी संग खेली होली:** इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अशोक गोयल देवराहा, निगम पार्षद विकेश सेठी, निगम पार्षद सुशील जोंटी, पूर्व सिविल लाइन जोन चेयरमैन राज खुराना, हरीश असड़ी, विकास गुप्ता, सुनील मनराल, स्वेता जैन, हनुमान सिंह ,पर्यावरण हितैषी ,वेव सीरीज के सहायक कलाकार पुरषोत्तम भट्ट सहित अन्य गणमान्यों ने फूलों की होली खेली।

**समिति के इन लोगों का रहा विशेष योगदान:** इस कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, मदन कुमार सचिव, श्याम सुंदर कोषाध्यक्ष, अर्जुन देव पूर्व कोषाध्यक्ष, राजू एडवोकेट, लेखराज सोशल मीडिया, रंजना सिंह महिला अध्यक्षा, विक्रम सिंह, करन प्रजापति, शौकत अली जखीर, विकास, दिलीप अकेला, विनोद, दिनेश कुमार, दिनेश माथुर, दिनेश आहूजा, जय देव मालाकार, अंशुल गर्ग, सरिता, रेणु, आस मोहम्मद, आजाद खान, राजवीर माथुर, विष्णु, मोसम पुनिया, शायरा बेगम, मोहर, शिव प्रताप, चंद्र कांत, मीरा, सुनील शुक्ला, सुभाष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लायें: नागपाल

**वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में मनाया गया होली उत्सव**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कई संगठनों के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया और सभी ने एक-दूसरों को रंगों के उत्सव होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल ने क्षेत्र के कई होली उत्सव कार्यक्रमों में शिरकत की और सभी को होली की बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल ने कहा कि मैं सभी को होली की ढ़ेरो शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।
इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने मनाया रंगोत्सव




**तीरथ राज**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** आजादपुर स्थित ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के कार्यालय पर होली रंगोंत्सव मनाया गया। सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने सभी को होली की बधाई दी।
इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओमदत चंडालिया, नरेश कीर राष्ट्रीय सचिव, अनिल ढिलौड, दीपक बग्गा, जगदीश खैराल, संजय बहोत, अनिल कुमार, बंटी, संजय महरौलिया, सुनील खैरालिया, सागर, दिनेश लौदे, राजे भाई, दीपक जिंगाला, मुकेश कुमार, विजय पार्चा, टोनी चंडालिया, रोशन, सोनू, विशाल नकवाल, लवली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।

## जहांगीरपुरी में होली मंगल मिलन समारोह का किया गया आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी के आई ब्लॉक में होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब के द्वारा किया गया। इस मौके पर सभी ने एक-दूसरों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब के अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष टीटू राम, रामप्रवेश मिश्रा, पवन गोयल, मुकेश साहू, प्रमोद सिंह, अनिल मिश्रा, बलविन्दर सिंह, विरेन्द्र पहलवान, गणेश गर्ग, जितेन्द्र, गोपाल शर्मा, विमला शर्मा, बनीता, मंजू, पिंकी, शिवम् साहू, हिमांशु भारद्वाज, ओमप्रकाश, श्याम सुंदर, छेदलाल, देवराज यादव, नवीन, राजेश गुप्ता, रवि शर्मा, सुनील गुप्ता, संत कुमार, आशीष, हिमांशु शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दीपक, विशाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने सभी को होली की बधाई दी। इस अवसर पर जानकारी देते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने बताया कि करोल बाग के देवनगर स्थित शिव मंदिर में उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया को भी जाकर होली की बधाई दी।

## जहांगीरपुरी: वीआईपी फाउंडेशन ने मजूदरों के साथ मनाई होली




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** जहांगीरपुरी में वीआईपी फाउंडेशन के द्वारा होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि हमारी फाउंडेशन ने आज गरीब व मजूदरों के साथ होली खेली और उन्हें उपहार भी दिये गये। श्री पिव्हाल ने बताया कि इस दौरान जहां एक ओर लोगों को होली की बधाई दी गई, वहीं सरकार की जो जनकल्याणकारी योजनाएं है, उनसे भी गरीबों व मजूदरो को अवगत कराया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और वीआईपी फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की।

# अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग ने धूमधाम से मनाया रंगोत्सव










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** के शालीमार बाग इलाके के सेंट रोजियर पब्लिक स्कूल में अखिल ब्राह्मण सभा (पंजी.) शालीमार बाग दिल्ली के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य संयोजक मुख्य संरक्षक अश्विनी शर्मा थे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र भाजपा के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल और अतिथि के रूप में निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने शिरकत की।

**सभा के पदाधिकारियों ने किया लोगों का स्वागत:** होली मंगल मिलन समारोह में आये हुए गणमान्य लोगों का सभा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और चंदन व गुलाल लगाकर होली मनाई और लोगों को होली की शुभकामनाएं भी दी।

**वार्षिक पंचांग पत्रिका का किया गया विमोचन:** कार्यक्रम के दौरान अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के द्वारा वार्षिक पंचांग पत्रिका का भी विमोचन किया गया।

**ये लोग रहे मौजूद:** कार्यक्रम के दौरान अखिल ब्राह्मण सभा (पंजी.) शालीमार बाग दिल्ली मुख्य संरक्षक अशवनी शर्मा, हरवीन शर्मा, चेयरमैन गोविन्द शर्मा, प्रधान के.पी. शर्मा, महासचिव रिषीकांत दीक्षित, कोषाध्यक्ष तारादत शर्मा, सहकोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, संरक्षक सत्यवान गौड, अनिल शर्मा, आचार्य विद्यारतन, ब्रहम प्रकाश शर्मा, नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, आर.पी. कौशिक, कौशल शर्मा, सीमा शर्मा एवं अनेक गणमान्य पदाधिकारी व वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

**सभा के कार्यों को सराहा:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने कार्यक्रम के आयोजकों को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया और सभी को होली की बधाई दी।

**निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने दी शुभकामनाएं:** कार्यक्रम की अतिथि व निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम में हुए सभी गणमान्य लोगों को जहां एक ओर रंगों के पर्व होली की बधाई दी, वहीं ईश्वर से उन्होंने प्रार्थना की कि सभी के जीवन में अपार खुशियां आये।

**लोगों का किया धन्यवाद:** चेयरमैन गोविन्द शर्मा ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया और सभी को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दी।

**सभा के कार्यों की दी जानकारी:** अखिल ब्राह्मण सभा (पंजी.) शालीमार बाग दिल्ली के प्रधान के.पी. शर्मा ने उपस्थित लोगों को अखिल ब्राह्मण सभा के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

# चीन के राष्ट्रीय फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष को रिश्वत लेने के आरोप में आजीवन कारावास

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष चेन जुयुआन को रिश्वत लेने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा संचालित पीपुल्स डेली अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हुबेई प्रांत की एक अदालत ने चेन जुयुआन को रिश्वत लेने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2010 और 2023 के बीच, चेन ने सीएफए और अन्य निकायों में अपने पदों का फायदा उठाते हुए अन्य लोगों से कुल 81.03 मिलियन युआन (11 मिलियन) की रकम अवैध रूप से स्वीकार की।

उन्होंने मैचों की व्यवस्था करने, लीग प्रमोशन को संभालने और मैच अधिकारियों को अनुशासित करने में कई फुटबॉल क्लबों और स्थानीय फुटबॉल संघों के लिए अनुचित लाभ की भी मांग की। रिपोर्ट में कहा गया है कि चेन ने जो रिश्वत ली वह विशेष रूप से बहुत बड़ी थी और उसके कार्यों ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और व्यवस्था को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया। उन्होंने राष्ट्रीय फुटबॉल उद्योग के लिए गंभीर परिणाम उत्पन्न किए।चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, जो खुद को फुटबॉल का कट्टर समर्थक मानते हैं, ने एक दशक पहले सत्ता में आने के बाद से आधिकारिक भ्रष्टाचार पर व्यापक कार्रवाई की है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल से इस अभियान ने घरेलू फुटबॉल उद्योग को और अधिक प्रभावित किया है और मंगलवार को चार और बड़े मामलों के निष्कर्ष की घोषणा होने की उम्मीद है।

# इजराइल से स्थानांतरित की जाएगी 2025 यूरोपीय कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप

**लुसाने।** हमास के साथ इजरायल के युद्ध के कारण 2025 यूरोपीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का आयोजन तेल अवीव में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं किया जाएगा। इजरायल जिमनास्टिक्स फेडरेशन ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि यूरोपीय कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2025 इजरायल से स्थानांतरित की जाएगी।



यूरोपीय जिमनास्टिक्स (ईजी) ने एक बयान में कहा कि उसने इजरायल में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण अगले साल मई में तेल अवीव में होने वाली चैंपियनशिप की मेजबानी रद्द करने का फैसला किया है। ईजी ने कहा, 'हम पिछले आठ वर्षों में कई यूरोपीय चैंपियनशिप के उत्कृष्ट मेजबान, इजरायली जिमनास्टिक फेडरेशन द्वारा किए गए प्रयासों को स्वीकार करते हैं। हमने बोली लगाने के लिए कार्यक्रम को फिर से खोल दिया है और बोलियां चार सप्ताह के भीतर भेजी जा सकती हैं। कार्यकारी समिति बाद के संस्करणों के लिए बोली का स्वागत करती है।

# सेमीफाइनल में मिली हार के साथ किदांबी श्रीकांत का सफर समाप्त, लिन चुन-यी ने हराया

**नई दिल्ली।** किदांबी श्रीकांत की स्विस ओपन 2024 यात्रा का दुर्भाग्यपूर्ण अंत हो गया क्योंकि भारत के शीर्ष शटलर को सेंट जैकबशाले मैदान में पुरुष एकल सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत एक घंटे और पांच मिनट तक चले अंतिम चार मैच में दुनिया के 22वें नंबर के चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ 21-15, 9-21, 18-21 से हार गए। नवंबर 2022 के बाद से यह श्रीकांत की पहली सेमीफाइनल उपस्थिति थी।

**सेमीफाइनल मैच में चूके श्रीकांत**

पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने मैच की शानदार शुरुआत की और अपने आक्रामक स्मैश और बेहतरीन नेट प्ले की बदौलत शुरुआती गेम 21-15 से जीत लिया। हालांकि, दूसरे गेम में 31 वर्षीय श्रीकांत को अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे रहने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरे गेम में श्रीकांत की 4-1 की बढ़त के बावजूद चुन-यी ने तेजी से स्कोर 6-5 कर दिया।



**स्विस ओपन में बचे एकमात्र भारतीय शटलर थे श्रीकांत**

जब स्कोर 7-10 था, तो चीनी ताइपे के शटलर ने लगातार सात अंक जीत लिए, जिससे गेम श्रीकांत की पहुंच से बाहर हो गया। निर्णायक गेम में चुन-यी ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए 4-1 की बढ़त ले ली। हालांकि, आधे समय तक श्रीकांत को 11-10 की मामूली बढ़त हासिल थी। दोनों के बीच अंत तक कांटे की टक्कर देखने को मिली, जब चुन-यी ने लगातार तीन अंक लेकर स्कोर 16-16 कर दिया। श्रीकांत ने कुछ अप्रत्याशित गलतियां भी कीं, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को खेल पर नियंत्रण हासिल करने और मुकाबला जीतने में मदद मिली। श्रीकांत स्विस ओपन में बचे एकमात्र भारतीय शटलर थे। प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए, जबकि ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी आगे बढ़ने में असफल रहे।

# बांग्लादेश की स्पिनिंग परिस्थितियों में धैर्य रखना महत्वपूर्ण: जॉर्जिया वेयरहैम

**ढाका।** ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम का मानना है कि स्पिन के अनुकूल बांग्लादेशी परिस्थितियों में जल्दबाजी करने के बजाय धैर्य रखने से उन्हें मौजूदा तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में लाभ मिला है।

ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम के खिलाफ 2-0 की अजेय बढ़त लेकर श्रृंखला जीत ली, और श्रृंखला के निर्णायक दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की धीमी गेंदबाजों ने आपस में नौ विकेट बांटे। वेयरहैम ने 27 मार्च को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में होने वाले आखिरी मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, जब आप किसी विकेट को इतना घूमता हुआ देखते हैं, तो मुझे लगता है कि आप चीजों को थोड़ा ज्यादा करने की कोशिश कर सकते हैं। हमारे लिए वास्तव में जो महत्वपूर्ण है वह वास्तव में धैर्य बनाए रखना है। जब हम एक इकाई के रूप में गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो हम स्टंप्स को हिट करने का पूरा फायदा उठाते हैं। इसलिए, पूरी श्रृंखला में शायद यह हर किसी के लिए एक लक्ष्य होगा। और मुझे यकीन है कि ये इसकी



समीक्षा करेंगे और इसके बारे में सोचेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि स्पिनर एक बड़ी भूमिका निभाने वाले थे। जिस तरह से हमने उन्हें विश्व कप और इस तरह की प्रतियोगिताओं में खेलते देखा है, मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से उनकी ताकत है, विशेष रूप से घरेलू परिस्थितियों में।

एकदिवसीय मैचों के बाद, बांग्लादेश तीन मैचों की टी20आई श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, और वेयरहैम के अनुसार, छोटे प्रारूप में, संभावित रूप से महंगे होने के बावजूद लेग स्पिनरों की बड़ी भूमिका होती है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक लेग स्पिनर के रूप में, सामान्य तौर पर, आप काफी आक्रामक होते हैं और विकेट लेने की कोशिश करते हैं। हमारी टीम में स्पिन के बहुत सारे विकल्प हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि आम तौर पर, लेग स्पिनर काफी आक्रामक होते हैं और चाहे आप कितने भी रन बना लें, विकेट लेने की कोशिश करते हैं।'

# आरसीबी के खिलाफ हार के बाद पंजाब के कप्तान धवन ने कहा-कोहली का कैच छोड़ना भारी पड़ा

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चार विकेट से मिली हार के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि उनकी टीम 15 से 20 रन कम रह गई और विराट कोहली के छोड़े गए कैच ने उन्हें मैच में पीछे कर दिया।

मैच के बाद, धवन ने पावरप्ले में अपने संघर्ष के बारे में बात की और कहा, यह एक अच्छा खेल था, हमने खेल को वापस लाया और फिर से हम इसे हार गए। हमने 10-15 रन कम बनाए, पहले छह ओवरों में मैंने थोड़ा धीमा खेला। उन 10-15 रनों की कीमत हमें चुकानी पड़ी और गिराए गए कैच ने भी हमें पीछे कर दिया। मैं अपने रनों से खुश हूं लेकिन मुझे लगा कि मैं पहले छह ओवरों में थोड़ा और तेज खेल सकता था, यही एकमात्र चीज थी जो मुझे महसूस हुई। हमने पावरप्ले में लगातार दो विकेट खो दिए, और इससे हम पर दबाव आ गया।

दूसरी पारी में, पहले ओवर की दूसरी गेंद पर, जॉनी बेयरस्टो ने



विराट कोहली का कैच छोड़ दिया और इस दिग्गज बल्लेबाज ने सिर्फ 49 गेंदों में 77 रन बनाए, जिसमें ग्यारह चौके और दो छक्के शामिल थे। धवन ने कहा, विराट ने लगभग 70 रन बनाए और हमने अपने क्लास खिलाड़ी का कैच छोड़ा, हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी। अगर हमने वह कैच पकड़ लिया होता, तो मैच हमारी तरफ झुक जाता, लेकिन हमने वहां गति खो दी और फिर हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह की स्थापित तेज जोड़ी ने अपने 8 ओवरों में कुल 85 रन दिए और मुख्य स्पिनर राहुल चाहर ने एक ही ओवर में 16 रन दिए, हरप्रीत बरार पीबीकेएस के लिए गेम-चेंजर बनकर उभरे। अपने स्पेल के दौरान, उन्होंने रन रेट पर नियंत्रण रखा और चार ओवरों में सिर्फ 13 रन दिए और दो महत्वपूर्ण विकेट लिए।धवन ने हरप्रीत की प्रशंसा करते हुए कहा, वह वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा है, विशेष रूप से बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ, जिस तरह से उसने दबाव झेला और हमें सफलता दिलाई, वह जबरदस्त है।

मैच की बात करें तो, 177 रनों का पीछा करते समय, विराट कोहली ने आदर्श शुरुआत प्रदान की और दिनेश कार्तिक ने महिपाल लोमरोर के साथ मिलकर आरसीबी को चार विकेट से जीत दिला दी।

# फुटबॉलर ने बनाया रिकॉर्ड, जर्मनी के लिए सबसे कम समय में गोल दागने वाले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली।** जर्मनी ने दोस्ताना मुकाबले में फ्रांस को 2-0 से पराजित कर दिया। इस मैच में जर्मनी के लिए फ्लोरियन विर्ट्ज ने सातवें सेकेंड में ही गोल कर दिया। यह जर्मनी के लिए अब तक का सबसे तेज गोल है। जर्मनी के लिए दूसरा गोल 49वें मिनट में काई हेवर्ट्ज ने किया। इससे पहले जर्मनी के लिए सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड नौ सेकेंड में था। यह गोल ल्यूकास पोडोल्स्की ने 2013 में इक्वाडोर के खिलाफ किया था, लेकिन फ्लोरियन विर्ट्ज ने 11 साल बाद इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया। फ्रांस के खिलाफ जीत ने जर्मनी के मैनेजर जूलियन नागेल्समैन की योजनाओं को बल प्रदान किया है। 2024 की यूरोपियन चैंपियनशिप की मेजबानी जर्मनी करने जा रहा है।

**क्रूज के पास पर किया गोल**

यूरोपियन चैंपियनशिप के लिए अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापस आने वाले टोनी क्रूज ने अपनी वापसी को सार्थक करके दिखाया। यह उन्हीं का पास था, जिस पर विर्ट्ज ने सातवें सेकंड में गोल किया। क्रूज ने बाद में कहा भी कि उन्होंने अभ्यास सत्र में इस तरह के मूव की तैयारी भी की थी। जर्मन सॉकर फेडरेशन ने भी इस बात की घोषणा कर दी है कि यह जर्मनी का सबसे तेज गोल है। यह जर्मनी की फ्रांस पर लगातार दूसरी जीत है, लेकिन पिछले 11 मैचों में यह उसकी तीसरी जीत है। वेंबले स्टेडियम में खेले गए एक अन्य दोस्ताना मुकाबले में ब्राजील ने इंग्लैंड को 1-0 से पराजित कर दिया। ब्राजील के लिए यह गोल इस सत्र के अंत में रियल मैड्रिड से जुड़ने जा रहे 17 वर्षीय एंड्रिक ने किया। वह वेंबले में सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले फुटबालर बन गए। उन्होंने यह गोल 80वें मिनट में 17 वर्ष 246 दिन की उम्र में किया। एंड्रिक 18 वर्ष के होने पर रियल से जुड़ेंगे। एंड्रिक को 71वें मिनट में रोड्रिगो की जगह उतारा गया था। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल भी है।

# आईपीएल 2024 में सीएसके का नेतृत्व करने पर गायकवाड़ ने कहा- कभी कोई दबाव महसूस नहीं हुआ

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के छठे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया मुकाबला बेहद ही दिलचस्प रहा। मैच को जीतने के लिए आरसीबी को 46 रनों की जरूरत थी और उसके छह विकेट गिर चुके थे। ऐसे में दिनेश कार्तिक ने इम्पैक्ट प्लेयर महिपालल लोमरोर के साथ मिलकर टीम को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दिला दी। पंजाब की ओर से मिले 177 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान फाफ डुप्लेसीस (3 रन), कैमरून ग्रीन (3 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (3 रन) का विकेट जल्दी गिर गया। हालांकि विराट कोहली दूसरे छोर से लगातार रन बनाते रहे। इस बीच रजत पाटीदार (18 रन) और अनुज रावत (11) ने कोहली का थोड़ा साथ दिया। तभी कोहली भी 77 रन बनाकर आउट गए। उनके जाने के बाद आरसीबी को जीत के लिए 22 गेंदों में 47 रन की जरूरत थी। तब मैदान पर उतरे दिनेश कार्तिक और इम्पैक्ट प्लेयर महिपाल लोमरोर ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों में ही 48 रन ठोक डाले और टीम को जीत दिला दी। कार्तिक ने 10 गेंदों में 28 रन और



लोमरोर ने 8 गेंदों पर 17 रन बनाए। पंजाब के लिए कगीसो रबाडा और हरप्रीत बरार को दो-दो सफलता मिली। जबकि सैम करन और हर्षल पटेल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में 176 रन बनाए। पंजाब के लिए कप्तान शिखर धवन ने 45 रन, प्रभसिमरन सिंह ने 25 रन, जितेश शर्मा ने 27 और सैम करन ने 23 रन का योगदान दिया। जबकि आखिरी ओवर में शशांक सिंह ने 20 रन ठोककर स्कोर को 176 तक पहुंचा दिया।शशांक ने 8 गेंदों में 21 रन बनाए। आरसीबी के लिए मो. सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। जबकि यश दयाल और अलजारी जोसेफ को एक-एक सफलता मिली।

# हर दिन कुछ नया सीखा है, इस बार कोशिश रहेगी इसे प्रदर्शन में उतारूं : मोहसिन खान

**मुरादाबाद।** आईपीएल में इस बार भी लखनऊ सुपरजाइंट्स टीम का हिस्सा बने मुरादाबाद में क्रिकेट की बारीकियां सिखाने वाले संभल निवासी मीडियम पेसर मोहसिन खान ने बातचीत के दौरान बताया कि अभ्यास सत्र के दौरान हर दिन कुछ नया सीखने की कोशिश की है। मेरी कोशिश रहेगी इस मैदान पर प्रदर्शन में उतार पाऊं। मोहसिन खान ने पिछले साल आईपीएल में बेहतरीन गेंदबाजी की थी।

मुरादाबाद मंडल के संभल जनपद में जन्मे मोहसिन खान ने वर्ष 2010 में मुरादाबाद के सोनकपुर स्टेडियम में प्रैक्टिस शुरू की थी। जहां से उसे अंडर 16 यूपी टीम में खेलने का मौका मिला और उसने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सेलेक्टर्स की निगाहों में खुद को बसा लिया था। मीडियम पेसर मोहसिन खान इस बार भी लखनऊ सुपरजाइंट्स टीम का हिस्सा है। इस



बार उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में मोर्ने मोर्कल के साथ विशेष ट्रेनिंग की है। मोहसिन खान ने पिछले वर्ष आईपीएल में मुंबई के खिलाफ खेले गए मैच में अंतिम ओवर में 11 रन बनने नहीं दिए थे और मैच को अपनी टीम के नाम कर लिया था।

# विराट कोहली का बड़ा खुलासा- दो महीने एक ऐसे देश में रहे, जहां उन्हें कोई नहीं जानता था

**बेंगलुरु।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने दो महीने के ब्रेक के बाद प्रोफेशनल क्रिकेट में आईपीएल 2024 के जरिए वापसी की। विराट कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के टाइम पर अपनी पत्नी के साथ थे। अनुष्का शर्मा ने संभावित तौर पर लंदन में दूसरे बच्चे को जन्म दिया। विराट कोहली ने ये जानकारी दी थी कि वे इस बार एक बेटे कि पिता बने हैं। उन्होंने बेटे का नाम अकाय रखा। विराट ने ये भी बताया कि दो महीने तक जब वे क्रिकेट से दूर थे और अपने परिवार के साथ थे तो उनको बहुत अच्छा लगा। उनके इस ब्रेक में सबसे अच्छी बात ये रही कि वे एक ऐसे देश में थे, जहां उन्हें कोई नहीं जानता था। दो महीने के ब्रेक को लेकर विराट कोहली ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में बताया, हम देश में नहीं थे। हम ऐसी जगह पर थे जहां लोग हमें पहचान नहीं रहे थे। एक परिवार के रूप में एक साथ समय बिताना, दो महीने तक सामान्य महसूस करना - मेरे लिए, मेरे परिवार के लिए - यह एक अवास्तविक अनुभव था।

# शहरयार खान को राजीव शुक्ला ने किया याद, बोले- उन्होंने हमेशा BCCI का साथ दिया

**नई दिल्ली।** हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी के पूर्व चेयरमैन शहरयार खान का निधन हो गया था। उन्होंने 89 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कहा। आईसीसी ने भी उनको श्रद्धांजलि दी थी और अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई की ओर से भी उनको ट्रिब्यूट दिया गया है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शहरयार के निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहरयार ने हमेशा बीसीसीआई का साथ दिया था। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान के निधन पर



हार्दिक संवेदना। वह भारत के मित्र, भोपाल के नवाब साहब के पोते और सफल राजनयिक थे। उन्होंने हमेशा बीसीसीआई के साथ मिलकर काम किया था। शहरयार खान एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी रहे थे। 2016 में उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से दूर रहने का फैसला करते हुए रिटायरमेंट का ऐलान किया था। शहरयार एक राजनयिक थे, जिन्होंने 2003 से 2006 तक और फिर 2014 से 2017 तक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी बोर्ड में पीसीबी का प्रतिनिधित्व भी किया। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने एक बयान में कहा, यह क्रिकेट जगत के लिए दुखद खबर है। शहरयार एक बहुत ही प्रमुख और महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, जिन्होंने कई वर्षों तक खेल के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया।

# दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे के मैचों को नहीं मिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय का दर्जा

**जोहान्सबर्ग।** हाल ही में संपन्न अफ्रीकी खेलों में आयोजित कुछ क्रिकेट मैचों को टी20 अंतरराष्ट्रीय का दर्जा प्राप्त हुआ है, जबकि संचार में कमी के कारण, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे के कुछ मैचों को दर्जा नहीं दिया गया।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला टीमों और जिम्बाब्वे की पुरुष टीम से जुड़े मैचों को टी-20आई का दर्जा नहीं दिया गया था, लेकिन अन्य छह पुरुष टीमों और सात महिला टीमों से जुड़े मैचों को यह दर्जा प्राप्त हुआ। अफ्रीकी खेल इस वर्ष 8-23 मार्च तक आयोजित किये गये थे।

पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ टीमें थीं - दक्षिण अफ्रीका, युगांडा, केन्या, मेजबान घाना, जिम्बाब्वे,



तंजानिया, नाइजीरिया और नामीबिया।महिला वर्ग में जिम्बाब्वे, युगांडा, केन्या, रवांडा, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, तंजानिया और नामीबिया ने प्रतिस्पर्धा की।

इन मैचों की आधिकारिक स्थिति पर स्पष्टता की आवश्यकता थी क्योंकि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने खेलों में आयोजित सभी मैचों को अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिए जाने को लेकर भ्रम की स्थिति के बारे में आईसीसी को लिखा था। 2022 में, आधिकारिक क्रिकेट का वर्गीकरण नामक एक आईसीसी दस्तावेज ने उन सभी खेलों को टी-20आई का दर्जा दिया, जो आईसीसी पुरुष और महिला टी-20आई खेलने की स्थिति के मानक के अनुसार और %ए% टीमों और आयु-समूह टीमों से जुड़े मैचों के अलावा, टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संबंधित अन्य आईसीसी नियम के तहत खेले जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका ने उभरती हुई महिला टीम और विश्वविद्यालय की पुरुष टीम को मैचों के लिए भेजा क्योंकि वे खिलाड़ियों की अन्यत्र प्रतिबद्धताओं के कारण पूरी ताकत वाली टीम नहीं जुटा सके।

जिम्बाब्वे ने अपनी अंडर-25 टीम भेजी, जिसने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया। अन्य भाग लेने वाले देशों, जो सभी एसोसिएट राष्ट्र हैं, ने अपने सबसे मजबूत उपलब्ध पक्ष भेजे और खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला समझ लिया, जिससे भ्रम पैदा हुआ।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि खेलों की स्थिति या गलत संचार कहां हुआ, इसकी जांच करने की जिम्मेदारी अफ्रीकी खेलों, अफ्रीका क्रिकेट एसोसिएशन (महाद्वीपीय संस्था जिसने अफ्रीका खेलों में क्रिकेट के लिए सफलतापूर्वक पैरवी की थी) या व्यक्तिगत बोर्ड की थी। जब खेलों की स्थिति के बारे में अनिश्चितता ने दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे को अपनी चपेट में ले लिया, दोनों पूर्ण सदस्यों ने पूछा कि क्या इससे उनकी टी-20आई रैंकिंग पर असर पड़ेगा।

अकरा में क्रिकेट के लिए बुनियादी ढांचे को लेकर भी चिंता जताई गई। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने स्थानों की उपयुक्तता और एसीए के हस्तक्षेप पर चिंता

**इन मैचों की आधिकारिक स्थिति पर स्पष्टता की आवश्यकता थी क्योंकि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने खेलों में आयोजित सभी मैचों को अंतराष्ट्रीय दर्जा दिए जाने को लेकर भ्रम की स्थिति के बारे में आईसीसी को लिखा था।**

व्यक्त की, जिम्बाब्वे के एक ग्राउंड सलाहकार ने पिचों और आउटफील्ड को तैयार करने में मदद करने के लिए घाना का दौरा किया।

अफ्रीकी खेल पिछले साल अगस्त में होने थे लेकिन समय पर सुविधाएं पूरी नहीं होने के कारण इसे इस साल आयोजित किया गया। यह आयोजन आमतौर पर हर चार साल में ओलंपिक खेलों से पहले के वर्ष के दौरान होता है। इस सीजन के दौरान, क्रिकेट की शुरुआत हुई।

# पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के रूप में खेली जाएगी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट प्रतिद्वंद्विता अगली गर्मियों में और बड़ी हो जाएगी क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने घोषणा की है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के रूप में खेली जाएगी।1991-92 के बाद पहली बार, ऑस्ट्रेलिया और भारत इस गर्मी में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की एक विज्ञप्ति में बीसीसीआई सचिव जय शाह के हवाले से कहा गया, बीसीसीआई टेस्ट क्रिकेट की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के अपने समर्पण पर दृढ़ है, एक ऐसा प्रारूप जिसे हम सर्वोच्च सम्मान में रखते हैं। बॉर्डर-



गावस्कर ट्रॉफी को पांच टेस्ट मैचों तक बढ़ाने में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारा चल रहा सहयोग टेस्ट क्रिकेट के महत्व को बढ़ावा देने और बढ़ाने के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह विस्तार टेस्ट क्रिकेट के सार को बढ़ाने और इसकी विरासत को बनाए रखने के हमारे साझा दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है। जैसे ही भारत और ऑस्ट्रेलिया एक साथ आते हैं, हम एक रोमांचक दृश्य की उम्मीद करते हैं जो अपनी तीव्रता और उत्साह से दुनिया भर के प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने कहा, हमारे दो महान क्रिकेट राष्ट्रों के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता और इससे पैदा होने वाले उत्साह को देखते हुए हमें बेहद खुशी है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को पांच टेस्ट तक बढ़ा दिया गया है। क्रिकेट जगत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया पर होंगी और मुझे विश्वास है कि पैट कमिंस की विश्व चैंपियन टीम भारतीय टीम के कौशल और गहराई पर काबू पा सकती है, जिसने यहां पिछली दो सीरीज जीतने और ट्रॉफी दोबारा हासिल करने के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। हम बीसीसीआई के साथ सहयोग के लिए आभारी हैं और मैं टेस्ट क्रिकेट की श्रेष्ठता के बारे में श्री शाह की भावनाओं से सहमत हूं। हम उनकी टीम, अधिकारियों और प्रशंसकों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं, जो एक जबरदस्त श्रृंखला होगी और खचाखच भरी होगी। दोनों टीमों के बीच पिछली चार टेस्ट सीरीज में भारत हर बार जीत हासिल करते हुए अधिक प्रभावी टीम रही है। इसमें 2018-19 और 2020-21 (दोनों समान 2-1 अंतर से) लगातार वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतना शामिल है। 2018-19 में भारत ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 27 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## पूर्व सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया शहर में की पैदल यात्रा, लोगों से गले मिले

**पूर्णियाः पूर्व सांसद पप्पू यादव ने आज शाम पूर्णिया शहर की** पैदल यात्रा की और लोगों से गले मिले। उन्होंने दुकानदारों से मुलाकात की और होली की बधाई दी। पप्पू यादव के साथ सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक चल रहे थे। पप्पू शाम सीधे दिल्ली से बागडोगरा पहुंचे। बागडोगरा से पूर्णिया आने के दौरान कई जगहों पर उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। पूर्णिया के भट्ठा बाजार के खीरू चौक पर उनके समर्थक इंतजार कर रहे थे। उनकी यह पैदल यात्रा खीरू चौक से होते हुए लखन चौक झंडा चौक आर एन साव चौक तक पहुंची। उन्होंने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि पूर्णिया मेरी मां है और मेरी जान है। बात कुछ भी हो मैं पूर्णिया से ही चुनाव लड़ूंगा यह तय है।

## होली मिलन समारोह में बीएचयू के कुलपति आवास पर अबीर गुलाल की बारिश

**वाराणसीः होली पर्व** के दूसरे दिन मंगलवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में फाग गीतों के बीच जमकर अबीर गुलाल की बारिश हुई। विश्वविद्यालय के संगीत एवं मंचकला संकाय के वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर विजय कपूर तथा प्रोफेसर संगीता पण्डित सहित कलाकारों ने होली गीत एवं फाग सुनाकर महफिल में रंग जमा दिया। इसके पहले आवास पर आमंत्रित अतिथियों को कुलपति ने गुलाल लगाया।

## देशहित में मतदान कर भाजपा प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतो से विजयी बनाएं - सीपी जोशी

**जयपुरः भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी मंगलवार चूरू पहुंचे। जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव में चूरू से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया की नामांकन सभा को संबोधित कर देशहित में मतदान करने और भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान की जनता यह नहीं भूली किन लोगों ने सनातन को गाली दी। किन लोगों ने धारा 370 का विरोध किया, किन लोगों ने राम मंदिर के निर्माण को अटकाया, किन लोगों ने देश को किसान और गरीब के नाम पर सिर्फ नारे और वादे दिए। प्रदेश की जनता जागृत हो चुकी है, किसी के बहकावे में नहीं आने वाली, सभी 25 सीटों पर कमल खिलाने का निर्णय ले चुकी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पसंद करती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चूरू लोकसभा क्षेत्र से देवेन्द्र झाझडिया को जनता की सेवा के लिए चुना है। उन्होंने कहा देवेन्द्र झाझडिया किसान का बेटा और खिलाड़ी है जिसने अपने मनोबल और दृढ़ इच्छा शक्ति से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल किए।

# यूपी: सियासी रण में ढेर हुए बड़े-बड़े सूरमा

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीतिक सरजमी बड़ी उर्वर है



**हार का स्वाद**

**यहां के सियासी रण में राजनीति के बड़े-बड़े सूरमाओं को महामुकाबलों में हार मिली**

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठः** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीतिक सरजमी बड़ी उर्वर है। यहां के सियासी रण में राजनीति के बड़े-बड़े सूरमाओं को महामुकाबलों में हार मिली है। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह से लेकर कांशीराम, मुफ्ती मोहम्मद शहीद, मायावती, अजित सिंह भी शामिल रहे हैं। यहां के मतदाताओं ने दिग्गजों को करारी शिकस्त दी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीति का ककहरा पढ़ने वाले कई राजनेता देश के सियासी क्षितिज पर सूरज बनकर चमके तो कई बार दिग्गजों को भी यहां करारी हार का सामना करना पड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को 1971 में अपने पहले लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरनगर संसदीय सीट से हार का सामना करना पड़ा। उन्हें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के ठाकुर विजयपाल सिंह ने हराया था। मुजफ्फरनगर संसदीय सीट से 1989 में मुफ्ती मोहम्मद सईद ने चुनाव जीता था और केंद्र में गृह मंत्री बने थे। लेकिन 1991 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के नरेश बालियान ने मुफ्ती मोहम्मद सईद को हरा दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव में रालोद अध्यक्ष रहे चौधरी अजित सिंह ने सपा-रालोद-बसपा गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा, लेकिन भाजपा के डॉ. संजीव बालियान ने अजित सिंह को करारी शिकस्त दी। 1984 में कांग्रेस के धर्मवीर त्यागी ने प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री नारायण सिंह को हराया। मेरठ लोकसभा क्षेत्र से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद सेना के जनरल शाहनवाज खान तीन बार सांसद चुने गए। इसके बाद मोहसिना किदवई दो बार चुनाव जीतकर केंद्र में मंत्री बनी। मोहसिना किदवई को भाजपा के अमरपाल सिंह ने हराया। 2014 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के टिकट पर फिल्म अभिनेत्री नगमा को भी हार का सामना करना पड़ा।

कैराना लोकसभा सीट से उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को भी हार का सामना करना पड़ा है। 1984 में कांग्रेस के अख्तर हसन ने लोकदल के श्याम सिंह को हराकर चुनाव जीता। यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में 44445 वोट हासिल करके मायावती तीसरे स्थान पर रही। 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी सिंह की पत्नी गायत्री देवी ने चुनाव लड़ाई। उन्होंने कांग्रेस आई के उम्मीदवार और प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री नारायण सिंह को हरा दिया।

बागपत लोकसभा सीट से 1977 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने रामचंद्र विकल को हराकर पहली बार लोकसभा चुनाव जीता। इसके बाद 1984 में चौधरी चरण सिंह के सामने समाजवादी दिग्गज राजनारायण ने चुनाव लड़ा। इस चुनाव में राजनारायण को हार का सामना करना पड़ा और वे तीसरे स्थान पर रहे। 1998 में भाजपा के सोमपाल शास्त्री ने रालोद अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह को हरा दिया। 2014 में भाजपा के डॉ. सत्यपाल सिंह ने चौधरी चरण सिंह को हरा दिया। 2019 में रालोद के अजित सिंह के पुत्र जयंत चौधरी को भी हार का सामना करना पड़ा।

सहारनपुर संसदीय क्षेत्र से 1998 में बसपा संस्थापक कांशीराम ने चुनाव लड़ा, लेकिन भाजपा के नकली सिंह ने कांशीराम को 59836 वोटों से शिकस्त दी।

# चुनाव में सोशल मीडिया ऐसे दे रहा बैनर, पोस्टर और प्रिंटिंग प्रेस को मात, ऑर्डर के पड़े लाले!

**प्रचार**

**घर घर दस्तक देने के साथ ही राजनीतिक दल अब सोशल मीडिया से लेकर पोस्टर, बैनर के जरिए प्रचार में जुट गए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के एलान के बाद अब पार्टियों ने अपना ध्यान प्रचार अभियान पर है। घर घर दस्तक देने के साथ ही राजनीतिक दल अब सोशल मीडिया से लेकर पोस्टर, बैनर के जरिए प्रचार में जुट गए हैं। लेकिन 1985 से चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के लिए बैनर-पोस्टर तैयार करने वाले अनुपम आर्ट्स को अब तक कोई बड़ा ऑर्डर नहीं मिला है। चुनाव में बढ़ते आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस और डिजिटल टेक्नोलॉजी ने प्रिंटिंग कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। कई प्रिंटिंग प्रेस को अब तक कोई बड़ा ऑर्डर नहीं मिला है। करीब 34 वर्षों से इसी कारोबार से जुड़े गुवाहाटी के अनिर्बाण प्रिंटर्स के प्रसन्नजीत दास कहते हैं कि हमें अभी तक 35 हजार पोस्टर प्रिंट करने के लिए मिले हैं।

जबकि हमें 2019 में हमने 25 लाख पोस्टर और पैम्फलेट छापे थे। बॉम्बे मास्टर प्रिंटर्स एसोसिएशन का कहना है कि पिछले तीन से चार वर्षों में सोशल मीडिया और एआई एल्गोरिदम के साथ दलों का प्रिंटिंग से फोकस हटा है। इसी तरह प्रिंटिंग में काम करने वाले अनुपम आर्ट्स का कहना है कि फिलहाल अभी तक पार्टियों से ऑर्डर मिलने का काम शुरू नहीं हुआ है। 2019 के लोकसभा चुनाव में हमारे पास राजनीतिक दलों के बैनर, टी-शर्ट और पैम्फलेट के बेतहाशा ऑर्डर थे, लेकिन इस स्थिति थोड़ी अलग नजर आ रही है। एमपी के इंदौर में चुनाव प्रचार सामग्रियों के प्रमुख विक्रेता संतोष जैन का कहना है कि पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार प्रचार सामग्रियों की खरीद-बिक्री काफी कम है। आयोग की सख्ती के कारण प्रत्याशी बड़े पैमाने पर प्रचार सामग्री नहीं खरीद रहे हैं। सूचना क्रांति योजना, सस्ते मोबाइल फोन और सस्ता डाटा होने के कारण अधिकांश हाथों में मोबाइल फोन हैं।

यह ऐसा माध्यम है, जिससे सीधे सूचनाओं को पहुंचाया जा सकता है। किस वर्ग को, किस समय और कौन सा संदेश भेजना है, यह भी आसान है। इसलिए परंपरागत माध्यमों की बजाय डिजिटल कैंपेनिंग की मांग बढ़ रही है।

**आयोग की सख्ती का भी बाजार पर असर**

झंडे, बैनर-पोस्टर व अन्य पारंपरिक प्रचार सामग्रियों के विक्रेताओं का कहना है कि चुनाव आयोग की सख्ती लगातार बढ़ती जा रही है। पूरे दस्तावेज बिल-रसीद पास हों, तब भी जांच की सख्ती कम नहीं होती। इस वजह से प्रत्याशी बड़े पैमाने पर प्रचार सामग्री नहीं खरीद रहे। निर्वाचन खर्च बचाने के लिए अपने नाम के बजाय पार्टी के रंग से द्वार तोरण आदि बनवा रहे हैं, जिससे प्रचार भी हो जाए और प्रत्याशी के खाते में प्रचार का व्यय न जुड़ सके।

# मुफ्त में उपहार बांटने की शिकायत पर आयोग सख्त




**संज्ञान**

**आयोग ने जेडीएस अध्यक्ष एचडी की कांग्रेस सांसद डी के सुरेश के खिलाफ शिकायत पर संज्ञान लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू :** लोकसभा चुनाव होने में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है। ऐसे में चुनाव आयोग सख्ती बरत रहा है। वह लगातार शिकायतों पर कार्रवाई कर रहा है। अब आयोग ने जेडीएस अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा की कांग्रेस सांसद डी के सुरेश के खिलाफ शिकायत पर संज्ञान लिया है। उसने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दरअसल, देवगौड़ा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सांसद डी के सुरेश कथित तौर पर मुफ्त उपहारों के बांटने की योजना बना रहे हैं और राज्य का चुनाव तंत्र इस पर कार्रवाई करने में विफल रहा है।

**अनुपालन रिपोर्ट भी मांगीः** कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने उनसे आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और संबंधित कानूनों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करने के लिए कहा और जल्द से जल्द अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। बता दें, पूर्व प्रधानमंत्री गौड़ा की शिकायत के आधार पर चुनाव अधिकारी को 21 मार्च को पत्र भेजा गया।

**भ्रष्ट गतिविधियों को रोकने में विफल रहा राज्य का चुनाव तंत्रः** जेडीएस के नेता ने आरोप लगाया कि बंगलूरू (ग्रामीण) लोकसभा सीट पर भ्रष्ट गतिविधियों को रोकने के लिए राज्य का चुनाव तंत्र कार्रवाई करने में विफल रहा है। यहां तक कि मुफ्त में उपहार बांटे गए, उसे भी चुनाव आयोग रोकने में नाकामयाब रहा।

## केजरीवाल के आगे घुटने टेक देता है राहुल गांधी के न्याय का सिद्धांतः केशव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** लोकसभा चुनावों में सियासी दलों के नेताओं के कमान से तीर निकल रहे हैं। विरोधियों को चुभते इनके तीरों के सियासी मायने होते हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक ही तीर से कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर हमला बोला है।

# भाजपा में शामिल होंगे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षः सीएम सरमा



**वार-पलटवार**

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि सरमा वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाकर माइंडगेम खेल रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिसपुरः** असम की राजनीति में एक बार फिर से हलचल मचती दिख रही है। दरअसल प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने प्रदेश कांगेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा को लेकर बड़ा दावा किया है। सीएम सरमा का कहना है कि भूपेन कुमार बोरा अगले साल की शुरूआत में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामेंगे। उधर बोरा ने सरमा के दावों को झूठा करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि सरमा वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाकर माइंडगेम खेल रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने किया बड़ा दावाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 के जनवरी या फरवरी महीने में भूपेन बोरा भाजपा का दामन थाम लेंगे। मैंने उनके लिए दो विधानसभा सीटें तैयार की हैं, हालांकि मैं अभी इन सीटों का नाम नहीं बताऊंगा। सरमा ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी अब भाजपा की फिक्स्ड डिपॉजिट बन गई है। जब भी जरूरत होती है, हम उन्हें पार्टी में ले आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस को वोट देने का मतलब राहुल गांधी को वोट देना है। राहुल गांधी का खुद का भविष्य अंधकारमय है और उनके अनुयायियों का भविष्य और भी अंधकारमय है।

**भूपेन कुमार बोरा का जवाब :** उधर असम क्रांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने सीएम सरमा के दावों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि सरमा असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए माइंडगेम खेल रहे हैं।

# चुनाव के बाद हमारा दायित्व बढ़ जाएगाः मुख्यमंत्री



**नयापन**

**अरुणोदय से लेकर तमाम योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लोग इस बार भाजपा के लिए मतदान करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**डिब्रूगढ़ (असम):** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि आसन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपार सफलता मिलेगी। चुनाव के बाद भाजपा और हमारी सरकार का दायित्व और अधिक बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा मंगलवार को डिब्रूगढ़ से भाजपा प्रत्याशी तथा निवर्तमान केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल के नामांकन पत्र दाखिल करने में शामिल होने के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अरुणोदय से लेकर तमाम योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लोग इस बार भाजपा के लिए मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि सबार्नंद सोनोवाल ढाई लाख से अधिक मतों के अंतर से चुनाव जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में होने वाले राज्य की 11 सीटों पर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत निश्चित है। इसके संपन्न हो जाने के बाद दूसरे चरण में नगांव और करीमगंज सीट पर विजय प्राप्त करने के लिए पार्टी अपनी पूरी ताकत लगाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के उम्मीदवारों का अन्य किसी पार्टी से कोई मुकाबला नहीं है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. सरमा के साथ प्रत्याशी सबार्नंद सोनोवाल, डिब्रूगढ़ के निवर्तमान सांसद तथा केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भबेश कलिता, असम गण परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष तथा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री केशव महंत, बिमल बोरा, जोगेन मोहन समेत असम सरकार के कई मंत्री, भाजपा के विधायक एवं पार्टी के अन्य नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रिम्स से फरार कैदी गिरफ्तार

**सरायकेलाः** रांची के रिम्स से फरार कैदी राजा सिंह उर्फ राजू और उसके साथी प्रकाश गोप उर्फ छोटू को सरायकेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों एक हत्याकांड को अंजाम देने की तैयारी में थे। इससे पहले पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सरायकेला खरसावां एसपी मनीष टोप्पो ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सरायकेला-खरसावां के आदित्यपुर-2 थाना आरआईटी क्षेत्र में अपराधी राजा सिंह बजरंग बली मंदिर के समीप घूम रहा है।

# मुजफ्फरनगर में संजीव ने किया नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुजफ्फरनगरः मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार** व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन पत्र दाखिल कराने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुजफ्फरनगर पहुंचे। मुजफ्फरनगर संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ. संजीव बालियान तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 में उन्होंने रालोद मुखिया रहे अजित सिंह को हराया था। इस बार फिर से भाजपा ने डॉ. संजीव बालियान पर भरोसा जताते हुए उम्मीदवार बनाया है। मंगलवार को भाजपा उम्मीदवार का नामांकन दाखिल कराने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुजफ्फरनगर पहुंचे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जी-जान से जुट जाओ। इस बार भाजपा की सीटें 400 पार हो जाएगी। भाजपा उम्मीदवार ने अपने कलेक्ट्रेट जाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# भारत में अवैध रूप से घुस रहे दो चीनी नागरिक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिद्धार्थनगरः** जनपद के मोहाना थाना तथा सीमा सुरक्षा बल की संयुक्त टीम द्वारा बभनी तिराहे के पास से भारत में अवैध रूप से प्रवेश करते समय दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि जनपद में अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल तथा मोहाना थाना की पुलिस की संयुक्त टीम के साथ भ्रमण के दौरान बभनी तिराहे से दो चीनी नागरिक एक महिला व एक पुरुष को भारत में अवैध तरीके से प्रवेश करते समय गिरफ्तार किया गया है ।

इस संबंध में दोनों के विरुद्ध धारा 14(ए) विदेशी अधिनियम 1946 पंजीकृत कर अभियुक्तगण को न्यायालय भेज दिया गया है। पकड़े गये लोगों में झाऊ पुलिन पुत्र यान मीन सियाचीन व युआन यूहान पुत्री यूआन चोंग जिंग यूबेई शामिल हैं।

**दिव्य**

**महाकुंभ क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर भी बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट की शुरूआत**

# महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी योगी सरकार



**परियोजना**

**पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** प्रयागराज में 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस महाआयोजन के लिए करोड़ों भक्तों के प्रयागराज पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 2022 में दोबारा सत्ता संभालते ही प्रयागराज में पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया है। इसी क्रम में सरकार महाकुंभ और महाकुंभ से इतर यहां 384 विकास परियोजनाओं पर 7500 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। इसके तहत सरकार अब तक शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 2228 करोड़ रुपये जारी भी कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ से संबंधित 284 प्रोजेक्ट्स के लिए 4462 रुपये से ज्यादा का फंड स्वीकृत किया गया है, जिसके सापेक्ष शुरू हो चुके 170 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 1540 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं तो वहीं, महाकुंभ से इतर चल रहे 100 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स के लिए योगी सरकार ने 3057 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी, जिसमें शुरू हो चुके 80 प्रोजेक्ट्स के लिए 688 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि जारी हो चुकी है।

**14 विभाग महाकुंभ के महाआयोजन को सफल बनाने में जुटेः** कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के प्रोजेक्ट कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग के 5 प्रोजेक्ट भी हैं।

इनमें 3 की शुरूआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह इरीगेशन डिपार्टमेंट के सभी 8 प्रोजेक्ट्स के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपये प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं।

# रामपुर सीट पर मुलायम के पौत्र तेजप्रताप को चुनावी मैदान में उतारेगी सपा



**टीम एक्शन इंडिया**

इटावाः आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने सभी सीटों पर मंथन करने के बाद मुलायम परिवार के सदस्यों को तय सीटों पर प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतारना शुरू कर दिया है। मैनपुरी से डिंपल यादव बदायू से शिवपाल सिंह यादव और आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद रामपुर लोकसभा सीट पर मुलायम के पौत्र मैनपुरी सीट से सांसद रहे तेजप्रताप यादव को उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चाएं गरम हो गई है। रामपुर में आजम खान और उनके परिवार पर कानूनी शिकंजा कसने के बाद रामपुर सीट पर समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव के पौत्र तेजप्रताप सिंह यादव को मैदान में उतारने की रणनीति बना रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा सैफई में परिवारवाद के ऊपर दिए गए बयान के बाद रामपुर लोकसभा सीट पर तेजप्रताप सिंह यादव के उम्मीदवार होने की संभावनाएं बढ़ गई है। दरअसल होली के त्यौहार के अवसर पर पैतृक गांव सैफई में होली मनाने पहुंचे अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि भाजपा परिवारवाद का आरोप लगाती है इसलिए इस बार चुनाव में वह अपने परिवार के लोगो को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतार रहे है सूत्रों के मुताबिक उनके इस बयान के बाद राजनैतिक गलियारों में रामपुर लोकसभा सीट पर मुलायम सिंह यादव के पौत्र और अखिलेश यादव के भतीजे तेजप्रताप सिंह के उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चाएं तेज हो गई है।